सुप्रभात
रांची, गुरुवार
14.11.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net
कार्तिक, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, संवत् 2081
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12। अंक : 122




12 खुदरा महंगाई बढ़ने से शेयर बाजार में हाहाकार

## न्यूज डायरी

### दुमका में सीएसपी केंद्र से ₹50 हजार की लूट

**दुमका।** जिले के रानेश्वर प्रखंड के मोहलबोना पंचायत के कदमा गांव स्थित भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केन्द्र से बुधवार को दिनदहाड़े हथियार के बल पर बदमाशों ने 50 हजार रुपये लूट लिये। इस दौरान केंद्र में 2 अन्य ग्राहक भी मौजूद थे।

### जनजातीय गौरव पदयात्रा शुरू

**रांची।** भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को 15 नवंबर को देशभर में गौरव दिवस के रुप में मनाया जाएगा लेकिन उससे पहले छत्तीसगढ़ से भगवान बिरसा मुंडा 'माटी के वीर' नाम से जनजातीय गौरव पदयात्रा शुरू हुई। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर जशपुर में जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

### पूर्व मंत्री सधनु भगत नहीं रहे, शोक की लहर

**रांची।** लोहरदगा के पूर्व विधायक और झारखंड की पहली सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे सधनु भगत का बुधवार की सुबह निधन हो गया। 19 जनवरी 1946 को जन्मे श्री भगत बाबूलाल मरांडी सरकार में कैबिनेट मंत्री थे। उनके निधन पर राज्यपाल, सीएम बाबूलाल समेत सभी नेताओं ने शोक जताया है। सधनु भगत पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे।

### बुलडोजर एक्शन स्वीकार नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली।** देश में संपत्तियों के ध्वस्तीकरण अभियान से संबंधित अखिल भारतीय दिशा-निर्देश तैयार करने के मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि आरोपी होने पर आप किसी का भी घर गिरा नहीं सकते। अदालत ने कहा कि किसी भी कीमत पर जिम्मेदार अधिकारियों को बख्शा नहीं जायेगा। बुलडोजर जस्टिस स्वीकार्य नहीं है। कोर्ट ने कहा कि देश में कानून का राज हो।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 71000 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 90000 रु./प्रति किलो |




## 15 जिलों की 43 विधानसभा सीटों पर कड़ी सुरक्षा के बीच पहले चरण में 64.86 फीसदी वोटिंग

### खरसावां में सर्वाधिक 77.32 फीसदी और रांची में सबसे कम 51.5 फीसदी वोटिंग


# मुस्कुरा उठा लोकतंत्र




### विधानसभा चुनाव 2024 में कहां कितने पड़े वोट

| विधानसभा | वोटिंग प्रतिशत | मंझगांव | 69.04 |
|---|---|---|---|
| खरसावां | 77.32 | जगन्नाथपुर | 66.26 |
| रांची | 51.05 | मनोहरपुर | 63.43 |
| बहरागोड़ा | 76.32 | चक्रधरपुर | 66.05 |
| पोटका | 72.29 | तमाड़ | 67.12 |
| घाटशिला | 70.05 | तोरपा | 67.03 |
| हटिया | 58.02 | खूंटी | 69.53 |
| कांके | 57.89 | सिसई | 71.21 |
| मांडर | 72.13 | गुमला | 65.46 |
| कोडरमा | 62.00 | बिशुनपुर | 70.06 |
| बरकळा | 59.01 | सिमडेगा | 68.07 |
| बरही | 61.01 | कोलेबिरा | 68.62 |
| बड़कागांव | 66.32 | लोहरदगा | 73.21 |
| हजारीबाग | 57,65 | मनिका | 64.15 |
| सिमरिया | 65.65 | लातेहार | 69.07 |
| चतरा | 61.16 | पांकी | 65.13 |
| जुगसलाई | 64.53 | डाल्टनगंज | 64.82 |
| जमशेदपुर पूर्वी | 56.72 | बिश्रामपुर | 62.63 |
| जमशेदपुर प. | 55.95 | छतरपुर | 60.88 |
| ईचागढ़ | 69.00 | हुसैनाबाद | 59.04 |
| सरायकेला | 71.54 | गढ़वा | 66.46 |
| चाईबासा | 68.61 | भवनाथपुर | 68.02 |

### इन प्रतिष्ठित चेहरों ने डाला वोट







खबर मन्त्र टीम

**चुनावी महासंग्राम**

**रांची।** झारखंड में पहले चरण की सभी 43 विधानसभा सीटों पर 64.86 फीसदी वोट डाले गये। वोटिंग के माध्यम से मतदाताओं ने 683 प्रत्याशियों के भविष्य को ईवीएम में बंद कर दिया। राज्य निर्वाचन कार्यालय से मिले आंकड़ों के मुताबिक खरसावां में सबसे ज्यादा 77.32% और रांची में सबसे कम 51.5% वोटिंग डाले गये। पहले चरण का यह चुनाव एनडीए और इंडिया गठबंधन दोनों के लिए अहम साबित होने वाला है। 2019 में हुए विधानसभा चुनावों में इंडिया गठबंधन ने इन सीटों में से 27 सीटों पर जीत दर्ज की थी, जबकि एनडीए 13 सीटों पर सिमट गया था और तीन सीटों पर अन्य उम्मीदवारों ने जीत हासिल की थी।

## ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा शहरी क्षेत्र में थोड़ा कम मतदान : के रवि कुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि पहले चरण की 43 विधानसभा सीटों पर मतदान शांतिपूर्ण रहा। शाम पांच बजे तक की रिपोर्ट के अनुसार लगभग 64.86 प्रतिशत मतदान हुआ। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा शहरी क्षेत्र में थोड़ा कम मतदान हुआ है। उन्होंने कहा कि मतदान प्रक्रिया के दौरान कुछ जगहों से मतदान को प्रभावित करने की सूचना मिली थी, जिसका समय रहते निपटारा कर लिया गया। उन्होंने कहा कि साइलेंस पीरियड में एक राजनीतिक दल द्वारा चुनाव मेनिफेस्टो जारी करने को लेकर शिकायत मिली थी, जिसे निर्वाचन आयोग के संज्ञान में लाया गया है। वहीं साइलेंस पीरियड में एक पीसी की भी शिकायत मिली है, जिसे लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी से रिपोर्ट तलब की गयी है।

वहीं राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने बताया कि प्रथम चरण में 2249 बूथ नक्सल प्रभावित थे इसलिए सुरक्षा कड़ी थी। उन्होंने बताया कि चाईबासा जिले में नक्सलियों ने मतदान को प्रभावित करने का प्रयास किया था, लेकिन समय रहते उनकी मंशा को ध्वस्त कर दिया गया। वहीं लातेहार जिला में गोली लगने से सीआरपीएफ का एक जवान घायल हो गया। उसके हाथ में गोली लगी है। उसे बेहतर इलाज के लिए एयर एंबुलेंस से दिल्ली भेजा गया है।

## जंगल व पहाड़ों में ग्रामीणों ने बेखौफ होकर डाला वोट

खबर मन्त्र टीम

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में गांव वालों ने जमकर सहभागिता दिखाई। सुदूर अंचल से लेकर जंगलों और पहाड़ों तक लोगों ने लोकतंत्र के महापर्व का जश्न मनाया। लोहरदगा जिला के पेशरार प्रखंड में मतदान केंद्रों में मतदाताओं की भीड़ ने स्पष्ट संदेश दे दिया कि जंगल और पहाड़ों में भी लोकतंत्र मुस्कुराया है। कभी यहां नक्सली फरमान की वजह से मतदान नहीं होता था, नक्सली वोट बहिष्कार करते थे। हालांकि पेशरार प्रखंड को बने हुए 15 साल गुजर गए हैं, बावजूद यहां आज भी लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं मिलीं। लोकतंत्र के महापर्व में वोट देकर लोग विकास की उम्मीद लगा रहे हैं।

उधर पश्चिमी सिंहभूम के मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 254 (प्राथमिक विद्यालय कोलबंगा) और 255 (उत्क्रमित विद्यालय रबांगा) में नक्सलियों ने पोस्टरबाजी कर वोट का बहिष्कार किया था। इसके बाद सुरक्षाबलों पर भरोसा जताकर वोटरों ने निडर होकर मतदान किया।

## शादी छोड़ पहुंचे वोट करने

**रांची।** रातू स्थित फूटकल टोली के शामी अहमद की बुधवार को शादी होनेवाली है। वह शादी समारोह को छोड़ बुधवार की दोपहर वोट करने पहुंच गये। उत्क्रमित ऊर्दू मवि फूटकलटोली के कमरा संख्या-2 में जाकर उन्होंने पहले वोट किया और फिर शादी। उनका कहना था लोकतंत्र के इस महापर्व में पहले मतदान फिर शादी।



## वोट डालने के लिए ही जिंदा थीं लोक गायिका सरस्वती

**चतरा।** चतरा के सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के पत्थलगड्डा प्रखंड की सिंघानी निवासी लोक गायिका के रूप में चर्चित 90 वर्षीय सरस्वती देवी का निधन हो गया। नरसिंह की माई के नाम से चर्चित सरस्वती देवी आसपास के क्षेत्र में लोक गायिका के रूप में प्रसिद्ध थी। बुधवार को सिंघानी के बूथ संख्या 143 में मतदान करने के बाद दोपहर में उनका निधन हो गया। परिजन मतदान कराने के लिए बूथ ले गये थे। मतदान करने के बाद घर ले आये। एक घंटे के बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। उनके पुत्र उपेंद्र पांडे ने कहा कि उनकी मां कुछ महीनों से अस्वस्थ चल रही थीं। लोकतंत्र के इस पर्व में मतदान को लेकर वे उत्सुक थीं। मतदान के बाद चल बसीं।



## वायनाड उपचुनाव: मतदान में बड़ी गिरावट

एजेंसी

**वायनाड।** केरल की वायनाड लोकसभा सीट पर बुधवार को हुए उपचुनाव में करीब 65 प्रतिशत मतदान हुआ, जबकि अप्रैल में हुए लोकसभा चुनावों में इस सीट पर करीब 74 प्रतिशत मतदान रिकॉर्ड किया गया था। यहां कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने पहली बार चुनाव लड़ा है। 2019 के लोकसभा चुनाव में जब राहुल गांधी ने पहली बार यहां से चुनाव लड़ा था, तब 80 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था। शाम 6 बजे मतदान समाप्त होने के बाद चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार वायनाड में कुल 64.69 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। हालांकि, आयोग ने कहा कि ये आंकड़े अंतिम नहीं हैं, क्योंकि समय समाप्त होने के बाद कई मतदाता मतदान केंद्रों के बाहर कतार में खड़े थे।



वहीं, कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ ने इस चिंता को खारिज कर दिया कि मतदान में कमी प्रियंका गांधी के लिए अच्छा संकेत नहीं है। केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वीडी सतीशन के अनुसार, कम मतदान सीपीएम के नेतृत्व वाले एलडीएफ की पकड़ वाले क्षेत्रों में मतदाताओं के बीच उत्साह की कमी के कारण है।

दूसरी ओर, एलडीएफ और भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए ने यूडीएफ के दावे को खारिज कर दिया और तर्क दिया कि मतदान में कमी कांग्रेस और उसके सहयोगी दोलों के दबदबे वाले क्षेत्रों में लोगों के मतदान के लिए नहीं आने के कारण हुई। वायनाड उपचुनाव में 16 उम्मीदवार मैदान में थे। प्रियंका गांधी का मुख्य मुकाबला भाजपा की नाव्या हरिदास से बताया जा रहा है।

## आइपीएस अधिकारी बिना अनुमित के वापस लौटे, हुए सस्पेंड


**रांची।** राजस्थान कैडर के आइपीएस किशन सहाय मीणा को बिना अनुमति ड्यूटी से वापस राजस्थान लौटना महंगा पड़ गया। चुनाव आयोग ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आइपीएस किशन सहाय मीणा को सस्पेंड कर दिया है। मालूम हो कि 2004 बैच के आइपीएस अधिकारी किशन सहाय मीणा को गुमला में पुलिस ऑब्जर्वर के रूप में तैनात किया गया था। उन पर बिना अनुमति के ड्यूटी छोड़ने का आरोप है। उनकी जगह दूसरे पुलिस अफसर की तैनाती कर दी गई है। इसकी पुष्टि राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने की है।

## दो बांग्लादेशी समेत चार गिरफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में ईडी ने दो बांग्लादेशी नागरिक समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। ज्ञात हो कि ईडी की टीम ने मंगलवार को इस मामले को लेकर झारखंड और पश्चिम बंगाल में कुल 17 ठिकाने पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान मिले सबूत के आधार पर ईडी की टीम ने सभी चार लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनमें बांग्लादेशी नागरिक रोनी मंडल और समीर चौधरी के अलावा भारतीय नागरिक पिंटू हलधर और पिंकी बसु मुखर्जी शामिल हैं। चारों पर मानव तस्करी में संलिप्तता, बांग्लादेशी घुसपैठ कराने, उनके फर्जी आधार कार्ड, फर्जी पासपोर्ट आदि बनवाने के आरोपों की पुष्टि हुई है। गिरफ्तार लोगों को बुधवार को कोलकाता स्थित कोर्ट में प्रस्तुत किया। यहां से चारों को ट्रांजिट रिमांड पर लेकर ईडी के अधिकारी रांची आ रहे हैं। रांची पहुंचने के बाद ईडी के अधिकारी रिमांड पर लेकर चारों से पूछताछ करेगी।

### छापामारी में फर्जी आधार कार्ड और अवैध कागजात के साथ हथियार हुए थे बरामद



बता दें कि मंगलवार की छापेमारी में आरोपितों के ठिकानों से फर्जी आधार कार्ड, फर्जी पासपोर्ट, अवैध हथियार, अचल संपत्ति से संबंधित दस्तावेज, नकदी, गहने, प्रिंटिंग के कागजात, प्रिंटिंग मशीन, फर्जी आधार कार्ड बनाने के लिए खाली फॉर्म व कागजात की बरामदगी हुई हुई थी। गौरतलब है कि ईडी ने रांची के बरियातू थाने में चार जून 2024 को कांड संख्या 188/2024 को धोखाधड़ी, जालसाजी व विदेशी अधिनियम के तहत दर्ज प्राथमिकी के आधार पर मनी लांड्रिंग के तहत केस किया था।

## पीएम मोदी ने सारठ और गोड्डा में चुनावी जनसभा में झामुमो पर बोला हमला, कहा

# हर बूथ पर दिखा रोटी, बेटी, माटी को बचाने का संकल्प

- पीएम मोदी ने कहा- झामुमो को आदिवासी बेटियों के मान-सम्मान की चिंता नहीं
- घुसपैठियों को स्थायी निवासी बनाने के लिए रातों-रात पक्के कागज बना दिये

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/सारठ/गोड्डा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सारठ और गोड्डा में विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जो लोग एसी में बैठकर चुनाव का गणित लगा लगा रहे हैं, ये जनसभा में उमड़ी भीड़ उनको बता देगी चुनाव का माहौल क्या है। उन्होंने कहा कि दो दिन बाद हम भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती का उत्सव गौरव दिवस के रुप में मनाने जा रहे हैं। भारत के हर कोने में इस गौरव दिवस को मनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि हर तरफ एक ही गूंज है, रोटी, बेटी, माटी की पुकार, झारखंड में एनडीए सरकार। उन्होंने कहा कि रोटी, बेटी, माटी को बचाने का संकल्प हर बूथ पर दिख रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार संथाल मे झामुमो-कांग्रेस का सूपड़ा साफ होना तय है। उन्होंने झामुमो, कांग्रेस, राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि घुसपैठियों को झारखंड का स्थाई निवासी बनाने के लिए रातों-रात पक्के कागज बना दिये गये। आदिवासी बेटियों को शादी के नाम पर ठगा गया और जमीन हड़प ली गई। घुसपैठियों ने आदिवासियों का रोजगार और रोटी छीन ली, लेकिन हेमंत सरकार ने कोर्ट में भी बोल दिया कि कोई घुसपैठ नहीं है।



पीएम ने दोहराया कि राज्य में भाजपा सरकार बनते ही झारखंड की रोटी, बेटी, माटी के साथ कोई खिलवाड़ नहीं होने देगी। हमारी संस्कृति और संस्कारों में माताओं-बहनो के लिये सम्मान होता है। कांग्रेस- झामुमो को आदिवासी बेटियों के मान-सम्मान की कोई चिंता नहीं है। कांग्रेस के नेता आज भी आदिवासी बेटी का अपमान करते हैं। झामुमो के लोग चुप्पी साध लेते हैं।

उन्होंने कहा कि एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। झामुमो,कांग्रेस,राजद अपने-अपने घर भरने में लगी रहती है। हेमंत सरकार ने पांच सालों तक जल, जंगल, जमीन और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया। भाजपा ने जो संकल्प लिये उनको सरकार बनते ही पूरा करने का काम करेंगी। भाजपा हर वर्ग के युवा, किसान और महिलाओं को साथ लेकर झारखंड का विकास और नई दशा-दिशा देने का काम करेगी। झारखंड को भाजपा ने बनाया है, हम ही इसको संवारेंगे।

### मोदी ने पूछा- की हाल छै

पीएम मोदी गोड्डा में अलग अंदाज में नजर आये। इस चुनावी मंच से उन्होंने गोड्डा के लोगों से अंगिका उनका हालचाल पूछा। संथाल को साधने का उन्होंने मोर्चा संभाल लिया है। इसी कड़ी में उन्होंने दूसरे चरण के लिए गोड्डा में चुनाव प्रचार किया। देसी अंदाज में संबोधन की शुरूआत करते हुए पीएम मोदी ने लोगों से पूछा- की हाल चाल छै...।

## भाजपा को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया है हमने : हेमंत सोरेन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**धनबाद/गिरिडीह।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को धनबाद के बाघमारा विधानसभा क्षेत्र के महुदा और निरसा के अलावा सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के बलियापुर में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के बलियापुर हवाई पट्टी पर इंडिया गठबंधन से भाकपा माले के उम्मीदवार चंद्रदेव महतो उर्फ बबलू महतो के चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे हेमंत सोरेन ने कहा कि हमने भाजपा को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प लिया है। संप्रदाय फैलाने वालों को खदेड़ने का संकल्प लिया है। झारखंड अलग होने के बाद 20 वर्षों तक भाजपा ने राज्य में शासन किया और झारखंड को कीचड़ में धकेल दिया। उन्होंने कहा कि न सिर्फ 20 वर्षों के भाजपा शासन से राज्य बर्बाद हुआ, बल्कि इनके केंद्र सरकार के कारण आज लोग देश से पलायन कर रहे है।

### भाजपा का झंडा ढोने वाला कोई नहीं बचेगा



उधर गिरिडीह जिले के बिरनी के डुमरवा मैदान में आयोजित चुनावी सभा के दौरान कहा कि झारखंड की जनता इस बार भाजपा को राज्य से बाहर खदेड़ देगी। भाजपा का झंडा ढोने वाला कोई नहीं बचेगा। चुनाव जीतने के आत्म विश्वास से लबरेज श्री सोरेन ने कहा कि वो जेल से निकलते ही इतनी योजनाएं बेटियों और बहनों के लिए शुरू कर चुके हैं कि अब भाजपा को पूछने वाला कोई नहीं है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भाजपा को फिरकापरस्त ताकत बताते हुए कहा कि भाजपा को झारखंड से खदेड़ दिया जायेगा।

# नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जमकर हुआ मतदान

- झारखंड पुलिस के आईजी अभियान अमोल वी होमकर की रणनीति का विशेष फायदा मिला है



खबर मन्त्र टीम

**रांची।** झारखंड पुलिस की बेहतर रणनीति की वजह से विधानसभा चुनाव से पहले चरण में मतदाताओं ने उत्साह के साथ निर्भीक होकर जमकर मतदान किया है। साथ ही नक्सल प्रभावित जिलों में भी बंपर वोटिंग हुई है। झारखंड पुलिस के आईजी अभियान अमोल वी होमकर की रणनीति का विशेष फायदा मिला है। झारखंड के 15 जिलों में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में मतदान हुआ। विधानसभा चुनाव के पहले चरण में नक्सलियों की मांद में मतदान करने के लिए ग्रामीण बेखौफ होकर बाहर निकले। इसके पीछे झारखंड पुलिस का विशेष सहयोग रहा।

पश्चिमी सिंहभूम के मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 254 (प्राथमिक विद्यालय कोलबंगा) और 255 (उत्क्रमित विद्यालय रबांगा) में नक्सलियों ने पोस्टरबाजी कर मतदाताओं को वोट बहिष्कार करने की धमकी दी थी। हालांकि समय रहते सुरक्षा बलों ने पोस्टर हटा दिया। इसके बाद सुरक्षाबलों पर भरोसा जताकर मतदताओं ने निडर होकर अपने मतदान क्रेंद पर मतदान किया।

**चतरा में मतदान को लेकर दिखा उत्साह :** चतरा में मतदाताओं में उत्साह देखा गया। मतदाता सुबह के सात बजे से ही मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान में भाग लिया। खासकर युवा मतदाताओं में इस बार भी खासा उत्साह देखा गया। चतरा जिला की दो विधानसभा सीट चतरा और सिमरिया के 894 मतदान केंद्रों पर 8,05,145 वोटर्स ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

**कोल्हान में लोकतंत्र का महापर्व :** पश्चिमी सिंहभूम जिला की पांच विधानसभा सीटों चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर और चक्रधरपुर विधानसभा में पहले चरण का मतदान हो चुका है। यहां शहरी क्षेत्र की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों में मतदान करने का उत्साह देखने को मिला है। पश्चिम सिंहभूम के पांचों विधानसभा में मतदाताओं की संख्या 10 लाख 67 हजार 798 है। जिसमें चाईबासा में 2 लाख 31527, मझगांव में 214172, जगन्नाथपुर में 196390 और चक्रधरपुर में 206488 मतदाता ने मतदान किया।

**सिमडेगा में युवाओं और बुजुर्गों में दिखा उत्साह :** सिमडेगा में पहले चरण के मतदान में लोकतंत्र के महत्व को जितना युवाओं व अन्य वर्गों ने समझ कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं बुजुर्ग व दिव्यांग जनों ने भी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है।

**पलामू के जंगली इलाकों में भी भारी संख्या में मतदान :** पलामू जिला के हुसैनाबाद क्षेत्र में विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं में खासा उत्साह देखा गया। जंगली और पहाड़ी इलाकों से लेकर शहरी इलाके तक अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए बड़ी संख्या में मतदाता मतदान केंद्र पहुंचे। हुसैनाबाद के जंगली और पहाड़ी के बीच बूथ नंबर 133, 134, 64, 65 पर भी मतदाताओं की भारी संख्या देखने को मिली। इस बार खास बात यह है कि दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचाने में पुलिस ने विशेष सहयोग किया। पुलिसकर्मी दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को सहारा देकर मतदान केंद्र तक पहुंचाया।

### 37 रिजर्व सीटों में से 26 पर हुआ मतदान

पहले चरण में एसटी और एससी के लिए रिजर्व 37 सीटों में से 26 सीटों पर मतदान संपन्न हुआ। इनमें से 20 सीटें एसटी के लिए और 6 सीटें एससी के लिए आरक्षित थीं। इन सीटों में से अधिकतर सीटों पर 2019 में इंडिया गठबंधन का दबदबा रहा था, जहां गठबंधन ने 21 सीटें जीती थीं, जबकि एनडीए को केवल 5 सीटों पर संतोष करना पड़ा था।

### एनडीए और इंडिया गठबंधन के लिए महत्वपूर्ण चरण

पहले चरण का चुनाव एनडीए और इंडिया गठबंधन दोनों के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि झारखंड विधानसभा की 81 सीटों में एसटी के लिए 28 और एससी के लिए 9 सीटें आरक्षित हैं, जिनमें से 26 सीटों पर इस चरण में मतदान हुआ है। इन सीटों पर किसका प्रभाव बना रहेगा, यह अगले चरणों में तय करेगा कि झारखंड की राजनीति का भविष्य किस दिशा में जाएगा।

**बड़कागांव में लोकतंत्र का महापर्व :** रामगढ़ जिला के बड़कागांव विधानसभा में बड़ी संख्या में मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। यहां सुबह में मतदान शुरू होने के साथ ही बूथों पर पुरुष, महिला, युवक, बुजुर्ग अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान केंद्रों पर पहुंचे और अपनी बारी आने पर वोटिंग की। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में कुल 26 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। जिनके भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद हो गयी है। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 3 लाख 86 हजार 72 है। जिसमें कुल पुरुष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 97 हजार 399 है, महिला मतदाताओं की संख्या यहां 1 लाख 88 हजार 662 है। वहीं थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 11 है। वहीं दिव्यांग मतदाताओं की संख्या यहां 6 हजार 873 है।

**गुमला के कुरुमगढ़ के 7 मतदान केंद्रों में राज्य गठन के बाद पहली बार वोटिंग :** गुमला जिले के कुरुमगढ़ के 7 मतदान केंद्र ऐसे हैं, जहां झारखंड राज्य गठन के बाद पहली बार मतदान हुआ। इसके पूर्व अति उग्रवाद प्रभावित होने के कारण मतदाता अपने मताधिकार से वंचित रह जाते थे। लेकिन इस बार सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने में डर को हावी नहीं होने दिया। पहली बार मतदान करने पर मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला। नक्सलियों के गढ़ कहे जाने वाले बूढ़ा पहाड़ के वोटरों ने भी लोकतंत्र में अपना विश्वास जताने से परहेज नहीं किया।

## गठबंधन को मिलेगा स्पष्ट जनादेश दोबारा बनायेंगे सरकार : सुप्रियो

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि छठे झारखंड विधानसभा के गठन के लिये बुधवार को प्रथम चरण के 43 सीटों पर झारखंड के मूलवासी आदिवासी, महिला, युवा, मजदूर, किसानों ने स्पष्ट जनादेश एवं आशीर्वाद देकर यह स्पष्ट कर दिया कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में दोबारा दो तिहाई बहुमत के साथ झामुमो, राजद, कांग्रेस, माले सरकार बनायेगी और हम अपने सभी संकल्पित निर्णयों को क्रियान्वित करेंगे। खास कर रांची, हटिया, जमशेदपुर, आदित्यपुर, चाईबासा,



खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, चतरा, चांडिल, मानगो, जुगसलाई, घाटशीला, चाकुलिया एवं बहरागोड़ा के प्रबुद्ध मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। क्योंकि यह पहला मौका है, जब इस मिथक को गलत ठहरा दिया गया है कि झामुमो को शहर के लोग पसंद नहीं करते हैं। झामुमो पूरे झारखंड राज्य के गांव टोलों से लेकर शहर के मुहल्ले एवं गलियों में समान रूप से लोगों के नित्य जीवन में जरूरी है और समाज का सबसे विश्वसनीय आवाज है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि आइये हम सब मिल कर इसी तरह आगामी 20 नवंबर को सुबह के 7 बजे से पंक्तिबद्ध होकर मतदान करें और झारखंड विरोधी एनडीए को इस राज्य से सदा के लिये विदा करें।

### आईजी अभियान एवी होमकर ने पत्नी के साथ किया मतदान



रांची। बुधवार को लोकतंत्र के महापर्व में मतदान करने के लिए आईजी अभियान एवी होमकर अपनी पत्नी के साथ रांची के डिबडीह स्थित मतदान केंद्र पहुंचे। दोनों ने लाइन में लगकर बाकायदा आम लोगों की तरह अपने मत का प्रयोग किया। मतदान के बाद आईजी होमकर ने बताया कि झारखंड के 15 जिलों में जहां-जहां मतदान हो रहे हैं, हर जगह स्थिति सामान्य है। नक्सल प्रभावित जिलों में ग्रामीणों के द्वारा लोकतंत्र के महापर्व में जिस तरह से सहभागिता दिखाई गई है वह अपने आप में अनूठा है।

## किसके आदेश पर मंईयां सम्मान योजना की राशि मतदान के पहले भेजी गयी

- भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से की शिकायत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा चुनाव के एक रात पहले मंईयां सम्मान योजना के तहत सरकार द्वारा पैसा भेजने के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची। सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना के तहत दी जाने वाली राशि चुनाव के एक दिन पहले किसके आदेश पर दिया गया। साथ ही, चुनाव आयोग को बताया गया कि हर महीने के 6-7 तारीख को मंईयां सम्मान योजना का पैसा खाते में जाता था लेकिन चुनाव के ठीक एक रात पहले इस बार भेजा गया, जो सही नहीं है।



इसके अलावा हटिया विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी अजय नाथ शाहदेव का हर बूथ पर पर फोटोयुक्त उनका पर्ची बंट रहा था, इसकी भी शिकायत की गई।

इसके अलावा महुआ माजी चुनाव के दौरान चुटिया में पार्टी का पट्टा पहनकर घूम रही थीं। उनके खिलाफ भी शिकायत की गई है।

### हुसैनाबाद विधानसभा के तीन बूथ पर पुनर्मतदान हो

**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में चुनाव आयोग पहुंचा और मांग की कि हुसैनाबाद विधानसभा के तीन बूथ 114, 115, 123 पर पुनः मतदान हो। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि जैसे ही मतदान शुरू हुआ तो हुसैनाबाद थाना के प्रभारी संजय यादव, डीएसपी मोहम्मद याकूब और राजद के प्रत्याशी संजय यादव तीनों मिलकर उत्पात मचाते रहे। भाजपा कार्यकर्ताओं को मारते-पीटते रहे। आम मतदाताओं को भी भगा दिया और किसी मतदाता को वोट नहीं देने दिया। जबकि इसकी सूचना मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को दोपहर में ही दे दी गई थी कि दरोगा संजय यादव को तुरंत नजरबंद किया जाये। पर प्रशासन ने मामले में लीपापोती करते हुए दरोगा संजय यादव पर कोई कार्रवाई नहीं की, तब प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव समाप्ति के तुरंत बाद चुनाव आयोग पहुंचकर तीनों बूथों पर पुनः मतदान करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में पुष्कर तिवारी शामिल थे।

## झारखंड के पहले चरण के चुनाव में इंडिया महागठबंधन को मिलेगी भारी जीत : कांग्रेस

- झारखंड में भाजपा का नफरत और दंगाई भाषा का चुनावी अभियान जनता ने पूरी तरह नकार दिया है

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने दावा किया कि इस बार झारखंड की जनता भाजपा को सत्ता से बाहर कर महागठबंधन को 75 प्रतिशत से ज्यादा सीटों पर विजय दिलाएगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा का नफरत और दंगाई भाषा का चुनावी अभियान जनता ने पूरी तरह नकार दिया है। झारखंड के भाईचारे को बरकरार रखने के लिए लोग भाजपा से दूरी बनाएंगे, जो विभाजनकारी नीति पर चलकर सत्ता हासिल करना चाहती है।

**भाजपा के बांटो और राज करो नीति का झारखंड में नहीं चला जादू**

सोनाल शांति ने कहा कि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह, हिमंता बिस्वा सरमा, शिवराज सिंह चौहान समेत भाजपा के तीन दर्जन से अधिक नेताओं ने झारखंड की जनता को भड़काने का प्रयास किया, लेकिन जनता ने विकास के मुद्दे को प्राथमिकता दी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा आदिवासी समुदाय का वोट तो लेना चाहती है, पर धार्मिक पहचान देने से कतराती है। साथ ही, पिछड़े वर्गों के आरक्षण में कटौती कर केवल झूठे विकास के वादे कर रही है।

**झारखंड की जनता ने सांप्रदायिकता को नकारा**

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा ने घुसपैठ नाम का नया एजेंडा लेकर झारखंड में सांप्रदायिकता का जहर घोलने का प्रयास किया है, लेकिन जनता इस बार भाजपा के इस चेहरे पर करारा जवाब देगी। उन्होंने झारखंड के लोगों से लोकतंत्र के इस महापर्व में अधिकतम भागीदारी की अपील की और कहा कि सांप्रदायिकता को बढ़ावा देने वाले तत्वों को राज्य में पनपने न दें।

**विकास के एजेंडे के साथ खड़ा है झारखंड**

सोनाल शांति ने झारखंड के लोगों को लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान करते हुए कहा कि झारखंड को सांप्रदायिकता की प्रयोगशाला न बनने दें और एक विकसित और सकारात्मक उदाहरण के रूप में राज्य को पूरे देश के सामने पेश करें।

## एनडीए गठबंधन पहले चरण के चुनाव में दो तिहाई सीटों पर जीत प्राप्त करेगा : प्रतुल शाहदेव

- भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि पूरे राज्य में प्रथम चरण के चुनाव के दौरान परिवर्तन की लहर दिखी, बेहतर चुनावी व्यवस्था के लिए साधुवाद का पात्र है चुनाव आयोग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि पहले चरण के 43 सीटों में एनडीए गठबंधन दो तिहाई से ज्यादा सीटों पर बड़ी जीत प्राप्त करेगा। श्री शाहदेव बुधवार को मारू टॉवर स्थित मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस चुनाव के दौरान पूरे क्षेत्र में जनता में उत्साह था। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक लोग परिवर्तन के नाम पर वोट देते दिखे। उन्होंने कहा कि दरअसल जनता सबसे



भ्रष्ट हेमंत सरकार से मुक्ति चाहती थी। हेमंत सरकार के कार्यकाल में रिकॉर्ड घपले-घोटाले हुये। पूरी की पूरी कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई। उन्होंने कहा कि जिस तरीके के रुझान मिल रहे हैं उससे झामुमो अपनी अनेक परंपरागत सीटों पर भी बुरी तरह हारने की ओर अग्रसर है। अभी तक मिली जानकारी के अनुसार पिछले विधानसभा चुनाव की तुलना में इस बार वोटों का प्रतिशत बढ़ने की प्रबल संभावना है। यह परिवर्तन का सूचक है। उन्होंने कहा कि रांची और हटिया के गठबंधन प्रत्याशियों के खिलाफ शिकायतें मिली थीं कि वह मतदान केंद्र के भीतर भी मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे थे। इसकी शिकायत भी चुनाव आयोग में की गई। हुसैनाबाद का एक पुलिस अधिकारी राजद के उम्मीदवार के पक्ष में कार्य कर रहा था। ऐसी सूचनायें हैं कि अनेक जगहों पर भी राज्य सरकार ने अपने अधिकारियों के जरिये चुनाव को प्रभावित करने की कोशिश की है। अधिकारियों को टूल किट बनाना गठबंधन की हार की बौखलाहट को साफ दर्शाता है।

उन्होंने कहा कि भाजपा चुनाव आयोग, सुरक्षा कर्मी, पुलिस प्रशासन का शांतिपूर्वक मतदान कराने के लिये साधुवाद करती है। चुनाव आयोग ने बहुत ही बेहतर व्यवस्था में चुनाव कराया। कई अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र में भी अभी तक किसी अप्रिय घटना की जानकारी नहीं है। बूथों में भी बेहतर व्यवस्था देखने को मिला। इस अवसर पर तारिक इमरान भी उपस्थित थे।

### अमित शाह आज गिरिडीह, गांडेय और डुमरी में करेंगे जनसभा



रांची। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को गिरिडीह जिले के सीहोडीह स्थित आम बागान में सुबह 11.30 बजे से जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद दोपहर 1.15 बजे से गांडेय के महेशमुंडा के कुसुंभा में जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री शाह बोकारो जिले के डुमरी के उपरघाट स्थित कंचकीरो फुटबॉल मैदान में 3 बजे से जनसभा को संबोधित करेंगे।

### हिमंता बिस्वा सरमा आज साहिबगंज में गरजेंगे



**रांची।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा गुरुवार को साहिबगंज में जनसभा करेंगे। श्री सरमा गुरुवार को साहिबगंज जिले के उधवा मैदान में दोपहर 12.00 बजे से जनसभा करेंगे। इसके बाद दोपहर 2 बजे से साहिबगंज जिले के राधा नगर हाई स्कूल मैदान में लोगों को संबोधित करेंगे।

### शिवराज सिंह चौहान आज बिरनी व देवघर में



**रांची।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को बिरनी प्रखंड में जनसभा और देवघर में प्रबुद्ध सम्मेलन करेंगे। श्री चौहान गुरुवार की दोपहर 12.30 बजे से गिरिडीह जिले के बिरनी प्रखंड के भरकट्टा स्थित हाई स्कूल मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद अपराह्न 2.15 बजे से देवघर जिले के जिला कार्यालय में प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करेंगे।

### योगी आदित्यनाथ आज धनबाद, बोकारो और बेरमो में



**रांची।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे धनबाद जिले के निरसा नयाडांगा काली मंदिर मैदान में जनसभा करेंगे। योगी आदित्यनाथ बोकारो के सेक्टर 5 स्थित लाइब्रेरी ग्राउंड में दोपहर 12.30 बजे से जनसभा करेंगे। इसके बाद बेरमो स्थित कारगिल फुटबॉल मैदान में दोपहर 2 बजे से जनसभा करेंगे।

## जनता को गुमराह करना ही हेमंत सरकार का काम : सुदेश महतो

- सिल्ली में जन आशीर्वाद सभा में हजारों की संख्या में शामिल हुए लोग
- आज पाकुड़ और डुमरी विधानसभा में जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन





खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** सरकार ने युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ और राज्य की अस्मिता को खतरे में डाला है। झूठ की बुनियाद पर पांच साल चली सरकार कुशल नेतृत्व के अभाव में योजनाओं को गांव तक पहुंचाने, गरीबों के जीवन में सुधार लाने, महिलाओं को सुरक्षा देने में, युवाओं के भविष्य को संवारने में विफल रही है। जनता को केवल गुमराह करना हेमंत सरकार का काम है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली के पतराहातू में आयोजित जन आशीर्वाद सभा में कही। इस दौरान असम के मुख्यमंत्री व झारखंड भाजपा के सह प्रभारी हिमंता बिश्व सरमा मुख्य के रूप से शामिल हुए।

मुख्यमंत्री 5 लाख नौकरी और बेरोजगारी भत्ता के सवाल से भाग रहे हैं। डेवलपमेंट और जन आकांक्षाओं के आधार पर मूल्यांकन होने पर सरकार के कार्यकाल को एक भी नंबर प्राप्त नहीं होंगे। यह सरकार किसी भी वादे को पूरा नहीं कर पाई। स्थानीय और राष्ट्रीय मुद्दों को समाहित करते हुए जनता के हित में हमारा संकल्प पत्र जनता के बीच में है। हमारा संकल्प पत्र महिला दीदी के सम्मान के लिए है। महिलाओं का सम्मान पांच साल के बाद शुरू नहीं होगा। सहयोग देने के साथ ही महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की भी हमारी तैयारी है। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उन्हें पंचायती राज व्यवस्था में 50 प्रतिशत आरक्षण देने का काम किया। राजनीतिक सम्मान के साथ सेल्फ हेल्प ग्रुप से आर्थिक सम्मान देने का हमने काम किया है। एनडीए सरकार ने महिलाओं को एक रुपए में रजिस्ट्री देने का काम किया था जिसे इस सरकार ने बंद कर दिया है।

किसानों की आय को तीन गुना करना हमारा संकल्प है। इसके लिए हर खेत में निःशुल्क पानी और बिजली दिया जाएगा। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 3200 रुपए प्रति क्विंटल किया जाएगा। इसके अलावा सरकार दलहन और तिलहन की खरीद भी एमएसपी पर करेगी। वृद्धा, विधवा और दिव्यांग पेंशन को जो अभी एक हजार रुपये है उसे हम बढ़ाकर 2500 रुपये प्रति माह करेंगे।

राज्य की व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन लाना हमारा संकल्प है। सभी लोगों के लिए बैंक पासबुक की तरह लैंड पासबुक देने की तैयारी है। उस पासबुक में जमीन की जानकारी अपडेट होगी जब आप जमीन खरीदेंगे तो जमीन बढ़ेगी और जब जमीन बेचेंगे तो घटेगी। साथ ही सभी प्रखंड मुख्यालयों में सीओ को रजिस्ट्रार की शक्तियां दी जाएंगी ताकि लोगों को शहर जाने की समस्या और भाग दौड़ से राहत मिल पाए।

हर नागरिक को 25 लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा दिया जाएगा। साथ ही राज्य के 18 से 50 साल तक के नागरिक को दस लाख रुपए तक के जीवन बीमा की सुविधा दी जाएगी।

सिल्ली विधानसभा में शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल समेत हर क्षेत्र में काम हुआ। यह काम ही हमारी ताकत है। जनता को विश्वास है कि एनडीए सरकार आएगी तो विकास और तेजी से होगा। सरकार ने हमारे कई निर्णय को लटका कर रखा है। जोन्हा, सोनाहातु पूर्वी के साथ ही राज्य में कई प्रखंडों का सृजन करने की पहल हमने की है। जिस दिन हम सरकार में आएंगे उस दिन फाइल आगे बढ़ेगी और जोन्हा, सोनाहातु पूर्वी में बीडीओ बैठेंगे यह हमारी तैयारी है। दुलमी, बारेंदा, बंता, रामपुर में सब स्टेशन का निर्माण होगा। जनता एनडीए को फलों-फूलों का आशीर्वाद देने को तैयार है। सिल्ली विधानसभा की जनता रिकॉर्ड बनाने के लिए संकल्पित है।

सभा में पार्टी के केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल, सिंह, सुनील सिंह, संजय सिद्धार्थ, गौतम कृष्णा साहू, सुशील महतो, जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी, जिला परिषद सदस्य मंजू सिंह, सिल्ली प्रमुख जितेंद्र नाथ बड़ाइक, उपप्रमुख आरती देवी, रंगबहादुर महतो, सुसेन प्रमाणिक, रमेश मुंडा, मीरा महतो, सोमरी देवी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

**पाकुड़ में पदयात्रा का आयोजन आज :** गुरुवार को पाकुड़ विधानसभा अंतर्गत बड़हरवा प्रखंड में एनडीए उम्मीदवार अजहर इस्लाम के पक्ष में पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। पदयात्रा में मुख्य रूप से पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो शमिल होंगे। इसके बाद सुदेश कुमार महतो डुमरी के उपरघाट स्थित कंचकीरो फुटबॉल मैदान में आयोजित जनसभा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ हिस्सा लेंगे।

### सिल्ली की जनता सुदेश महतो को रिकॉर्ड वोटों से जिताएगी : हिमंता बिश्व सरमा

जन आशीर्वाद सभा में उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए असम के मुख्यमंत्री व झारखंड भाजपा के सह प्रभारी हिमंता बिश्व सरमा ने कहा कि राज्य के आंदोलनरत युवाओं पर हेमंत सरकार ने लाठियां बरसाई हैं। सिल्ली के युवाओं को भी नौकरी नहीं मिली है और न ही बेरोजगारी भत्ता मिला है। इस सरकार की बदहाली ने उत्पाद सिपाही की दौड़ में शामिल युवाओं की हत्या की है। युवाओं में आक्रोश है। सुदेश महतो ने सिल्ली का विकास किया है इसलिए जनता का विश्वास और भरोसा एनडीए के साथ है। आने वाले दिनों में इन्हें बड़ी जिम्मेदारी मिलने वाली है। सिल्ली की जनता सुदेश महतो को एक लाख से अधिक मत देकर विजयी बनाएगी।

### सधनु भगत के निधन पर बाबूलाल मरांडी दुःखी

**रांची।** बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लोहरदगा के पूर्व विधायक एवं झारखंड के प्रथम कैबिनेट में मेरे साथी मंत्री रहे सधनु भगत के निधन की दुखद सूचना से मन अत्यंत व्यथित है। इनका निधन पार्टी और राज्य के लिये अपूरणीय क्षति है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोकाकुल परिजनों को यह अपार दु:ख सहन करने की शक्ति दें।

### पति की गर्लफ्रेंड पर पत्नी नहीं कर सकती दहेज उत्पीड़न का केस

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए अपने आदेश में कहा है कि कोई महिला अपने पति की कथित गर्लफ्रेंड या महिला मित्र के ऊपर दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराती है तो वह मान्य नहीं होगा, क्योंकि धारा 498 में इस बात का स्पष्ट उल्लेख है कि दहेज उत्पीड़न का केस सिर्फ पति और उसके रिश्तेदारों पर किया जा सकता है। दरअसल झारखंड पुलिस के सब इंस्पेक्टर विकास यादव के खिलाफ उनकी पत्नी ने दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज करवाया था। इस केस में उनकी पत्नी ने विकास यादव की कथित गर्लफ्रेंड को भी नामजद अभियुक्त बनाया था। प्राथमिकी को निरस्त करने के लिए आरोपी युवती ने हाईकोर्ट में गुहार लगाई। युवती की याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिल कुमार चौधरी की कोर्ट में सुनवाई हुई। युवती की ओर से पक्ष रख रहे अधिवक्ता सूरज किशोर प्रसाद ने कहा कि दहेज उत्पीड़न के मामलों में पति के साथ सिर्फ उन्हीं लोगों को आरोपी बनाया जा सकता है, जो उसके नजदीकी रिश्तेदार हैं या पति से उनका खून का संबंध है। जिसके बाद अदालत ने युवती के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को निरस्त कर दिया।

### पूर्वी सिंहभूम : विधानसभावार ऐसे बढ़ा वोटिंग परसेंटेज

**सुबह 9 बजे तक मतदान - 11.25%**
44- बहरागोड़ा- 13.77
45- घाटशिला-12.73
46- पोटका- 12.1
47- जुगसलाई- 9.33
48- जमशेदपुर पूर्वी- 11.35
49- जमशेदपुर पश्चिम- 9.7

**दिन 11 बजे तक वोटिंग परसेंटेज**
44- बहरागोड़ा- 33.97
45- घाटशिला- 32.15
46- पोटका- 31.02
47- जुगसलाई- 30.89
48- जमशेदपुर पूर्वी- 23.30
49- जमशेदपुर पश्चिम- 22.29

**एक बजे तक वोटिंग परसेंटेज**
44- बहरागोड़ा- 53.86
45- घाटशिला- 53.87
46- पोटका- 47.27
47- जुगसलाई- 47.70
48- जमशेदपुर पूर्वी- 36.92
49- जमशेदपुर पश्चिम- 35.93

**3 बजे तक औसत 58.72 प्रतिशत**
44- बहरागोड़ा- 70.10
45- घाटशिला- 69.44
46- पोटका- 61.12
47- जुगसलाई- 62.98
48- जमशेदपुर पूर्वी- 48.50
49- जमशेदपुर पश्चिम- 47.81

**शाम 5 बजे तक 64.87 प्रतिशत**
44- बहरागोड़ा- 78.2
45- घाटशिला- 75.85
46- पोटका- 73.3
47- जुगसलाई- 69.12
48- जमशेदपुर पूर्वी- 56.99
49- जमशेदपुर पश्चिम- 56.53

### पश्चिमी सिंहभूम : शाम पांच बजे तक वोटिंग परसेंटेज

**सुबह 9 बजे तक मतदान**
52. चाईबासा (अ.ज.जा)- 14.37%
53. मंझगांव (अ.ज.जा)- 15.24%
54. जगन्नाथपुर (अ.ज.जा)- 13.38%
55. मनोहरपुर (अ.ज.जा)- 13.32%
56. चक्रधरपुर (अ.ज.जा)- 12.59%

**11 बजे तक वोटिंग परसेंटेज**
52. चाईबासा (अ.ज.जा)- 31.02%
53. मंझगांव (अ.ज.जा)- 33.11%
54. जगन्नाथपुर (अ.ज.जा)- 28.43%
55. मनोहरपुर (अ.ज.जा)- 26.24%
56. चक्रधरपुर (अ.ज.जा)- 28.12%

**दोपहर 1 बजे तक का मतदान**
52. चाईबासा (अ.ज.जा)- 47.01%
53. मंझगांव (अ.ज.जा)- 48.65%
54. जगन्नाथपुर (अ.ज.जा)- 46.91%
55. मनोहरपुर (अ.ज.जा)- 43.24%
56. चक्रधरपुर (अ.ज.जा)- 46.3%

**दोपहर 3 बजे तक का मतदान**
52. चाईबासा (अ.ज.जा)- 60.51%
53. मंझगांव (अ.ज.जा)- 62.51%
54. जगन्नाथपुर (अ.ज.जा)- 59.85%
55. मनोहरपुर (अ.ज.जा)- 58.67%
56. चक्रधरपुर (अ.ज.जा)- 60.17%

**शाम 5 बजे तक 66.36 प्रतिशत**
52. चाईबासा (अ.ज.जा)- 68.61%
53. मंझगांव (अ.ज.जा)- 69.00%
54. जगन्नाथपुर (अ.ज.जा)- 66.26%
55. मनोहरपुर (अ.ज.जा)- 63.43%
56. चक्रधरपुर (अ.ज.जा)- 66.50%

### सरायकेला-खरसावां : मतदान का औसत प्रतिशत

**नौ बजे तक मतदान का प्रतिशत**
50- ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र : 15.22%
51- सरायकेला विधानसभा क्षेत्र : 13.84%
57- खरसावां विधानसभा क्षेत्र : 15.09%

दिन के 11 बजे तक मतदान का प्रतिशत
50- ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र : 31.49 %
51- सरायकेला विधानसभा क्षेत्र : 32.16%
57- खरसावां विधानसभा क्षेत्र : 34.93%

**दोपहर 1 बजे तक मतदान प्रतिशत**
50- ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र : 50.42%
51- सरायकेला विधानसभा क्षेत्र : 49.10%
57- खरसावां विधानसभा क्षेत्र : 53.68%

**दोपहर 3 बजे तक मतदान प्रतिशत**
50- ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र : 67.39%
51- सरायकेला विधानसभा क्षेत्र : 63.57%
57- खरसावां विधानसभा क्षेत्र : 70.14 %

**शाम 5 बजे तक मतदान प्रतिशत**
50- ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र : 77.98%
51- सरायकेला विधानसभा क्षेत्र : 71.54%
57- खरसावां विधानसभा क्षेत्र : 78.71%

# सरायकेला-खरसावां जिले में बंपर वोटिंग झारखंड में किया कोल्हान का झंडा बुलंद

- सरायकेला-खरसावां में 76.07 प्रतिशत, प. सिंहभूम में 66.36 प्रतिशत व पूर्वी सिंहभूम 64.87 प्रतिशत मतदान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**






1. ओडिसा के राज्यपाल रघुवर दास ने भालूबासा हरिजन स्कूल में अपनी पत्नी रुक्मिणी देवी, भाजपा प्रत्याशी सह बहू पूर्णिमा साहू, बेटे ललित संग मतदान करने पहुंचे। 2. जमशेदपुर पश्चिम के धातकीडीह स्थित मदरसा फैजुल उलुम मतदान केंद्र पर मतदान के लिए कतार में खड़ी अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाएं। 3. मंत्री बन्ना गुप्ता डीबीएमएस स्कूल के मतदान केंद्र पर पत्नी सुधा जी और बेटे संग कतार में लग कर मतदान किया। 4. टाटा स्टील लिमिटेड के सीईओ एंड एमडी टीवी नरेंद्रन ने लोयोला स्कूल में पत्नी रुचि नरेंद्रन संग मतदान किया।



**जमशेदपुर।** कोल्हान प्रमंडल में छिटपुट घटनाओं को छोड़ कर मतदान पूरी तक शांतिपूर्ण रहा। शाम पांच बजे तक प्रमंडल में सरायकेला-खरसावां जिले में बम्पर 76.07 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि दूसरे स्थान पर 66.36 प्रतिशत मतदान के साथ पश्चिमी सिंहभूम जिला रहा जबकि टाटा जैसे ऐतिहासिक शहर का जिला पूर्वी सिंहभूम 64.87 प्रतिशत मतदान में तीसरे स्थान पर रहा। यद्यपि तीनों जिलों में कई बूथों पर 5 बजे तक लाइन लग चुके ग्रामीणों द्वारा मतदान करना जारी था और इसका समग्र प्रतिशत बढ़ेगा।

## पूर्वी सिंहभूम में छिटपुट घटनाओं को छोड़ शांतिपूर्ण रहा मतदान

# पांच बजे तक 64.78% मतदान : डीसी

- कई बूथों पर संध्या 5 बजे के बाद भी कतारबद्ध मतदाता कर रहे मतदान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




चुनाव संपन्न कराने के बाद को-ऑपरेटिव कॉलेज में बने स्ट्रांग रुम में ईवीएम जमा करने जा रहे मतदानकर्मी और संवाददाता सम्मेलन में जानकारी देते जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल।

**जमशेदपुर।** टाटानगर को अपने अंदर समाहित कर रखे झारखंड के सबसे संपन्न एवं कारपोरेटाइज पूर्वी सिंहभूम जिले के सभी छह विधानसभा सीटों पर मतदान शांतिपूर्ण रहा। यद्यपि यह चुनाव फूट और बाहरी -भीतरी के नाम पर चुनावी दांव-पेंच के लिए भी जाना जायेगा। भाजपा, झामुमो और कांग्रेस के दिग्गजों के भाग्य पर मतदाताओं ने ईवीएम का बटन दबा कर लिख दिया है, जिसका खुलासा 23 नवंबर को होगा।

पूर्वी सिंहभूम जिले में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, पूर्व मंत्री सरयू राय की प्रतिष्ठा जमशेदपुर पश्चिम में दांव पर है तो पूर्वी जमशेदपुर सीट पर ओडिसा के राज्यपाल रघुवर दास की बहू पूर्णिमा साहू, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा अजय कुमार और भाजपा के बागी निर्दलीय शिवशंकर सिंह का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया। जुगसलाई विधानसभा सीट पर पूर्व मंत्री सह आजसू प्रत्याशी रामचंद्र सहिस,मंगल कालिंदी, घाटशिला सीट पर जल संसाधन मंत्री रामदास सोरेन, भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन, पोटका सीट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की धर्मपत्नी श्रीमती मीरा मुंडा व झामुमो के संजीव सरदार तथा बहरागोड़ा में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डा दिनेशानंद गोस्वामी और झामुमो के वर्तमान विधायक समीर महंती के बीच कांटे की टक्कर है और यहां भी इन प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया।

सेल्स टैक्स भवन, सभागार जमशेदपुर में जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनन्य मित्तल और सभी विधानसभा स्तरीय आरओ ने देर शाम पत्रकारों से बात की। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान संपन्न कराया गया । उन्होने बताया कि संध्या 5 बजे तक जिला का मतदान प्रतिशत 64.78 % रहा, कई बूथों पर मतदाता 5 बजे तक कतारबद्ध थे जिन्हें मतदान कराया जा रहा है । विधानसभावार देखें तो 44- बहरागोड़ा- 76.15%, 45- घाटशिला- 70.05%, 46- पोटका- 72.29%, 47- जुगसलाई- 64.53%, 48- जमशेदपुर पूर्वी- 56.72%, 49- जमशेदपुर पश्चिम- 55.95% प्रतिशत है।

## झामुमो के संजीव सरदार ने उदाल में किया मतदान



**पोटका।** पोटका विधानसभा के झामुमो प्रत्याशी सह निवर्तमान विधायक संजीव सरदार ने बुधवार को मतदान कर अपना लोकतंत्र के अधिकार को निभाया। श्री सरदार अपने पैतृक गांव हरिणा पंचायत के उदाल स्थित उमवि बूथ न – 261 में मतदान किया। इसके पूर्व वह अपने गांव स्थित गोराम थान में माथा टेककर पूजा अर्चना किये एवं इष्ट देवता से आशीर्वाद प्राप्त किया।

## हल्दीपोखर में 107 वर्षीया मतदाता ने डाला वोट

**पोटका।** विधानसभा चुनाव में बुजुर्ग, वृद्ध वृध्दाओं और दिव्यांग वोटरों में भी वोट देने के लिए उत्साहित होकर बूथों पर पहुंचे। हल्दीपोखर पंचायत भवन के बूथ संख्या 208 में 108 वर्ष के वृद्ध उमेश मंडल ने मताधिकार का प्रयोग किया। मत देने के उपरांत वे काफी खुश दिखे। इसी प्रकार कालिकापुर में 85 वर्षीय पूर्णिमा सरकार ने भी अपना वोट इवीएम में बटन दबाकर दिया। हल्दीपोखर पश्चिम पंचायत के जयगुन निशा (65) ने भी मतदान किया।

## पोटका : उत्साहित दिखे युवा फर्स्ट वोटर

**पोटका।** विधानसभा चुनाव में युवा वोटरों ने भी वोट डालने मतदान केंद्रों तक पहुंचे। इनमें फर्स्ट वोटर के रूप में संजय मंडल और गौरव भकत ने मध्य विद्यालय कोवाली के बूथ संख्या 236 में अपना पहला वोट इवीएम का बटन दबाकर दिया। दोनों युवा वोटरों ने कहा वोट देकर अच्छा लगा। हमलोग लोकतंत्र में अपने मत का पहली बार प्रयोग किया। उन्होंने कहा विधायक और मुख्यमंत्री जो भी जीत कर बने शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार पर विशेष ध्यान दें।

## पोटका के 164 बूथों पर 72.29 प्रतिशत के साथ शांतिपूर्ण माहौल में मतदान संपन्न

**पोटका।** झारखंड विधानसभा निर्वाचन 2024 के 46– पोटका विधानसभा का चुनाव बुधवार को शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। विधानसभा क्षेत्र के पोटका प्रखंड अंतर्गत 164 बूथों में मतदान के लिए मतदाताओं में उत्साह दिखा। प्रखंड के सभी क्षेत्र से वोट देने के लिये लोग सुबह छह बजे से ही मतदान केंद्रों के लिये निकले और लाईन में लग गए। मतदान हेतु युवा , बुजुर्ग, महिला सहित दिव्यांग वोटरों में वोट डालने के उपरांत चेहरे पर खुशी के भाव दिखाई पड़े। मतदान केंद्र मे दिव्यांग एवं बुजूर्ग मतदाताओं के लिये विशेष व्यवस्था किया गया था। स्कूली बच्चों को वोलेंटियर के रूप में तैनात कर दिव्यांग और बुजुर्ग लोगों को ट्राईसाईकिल पर मतदान केंद्रों तक लाने की जिम्मेदारी दी गयी थी। बच्चों ने जिम्मेदारी निभाई इस चुनाव के साथ ही पोटका विधानसभा के 16 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ईवीएम मे बंद हो गया। अब 23 नवंबर को सभी 16 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतगणना उपरांत होगा।

## पशिचमी सिंहभूम में नक्सली पोस्टर के बाद गांव वालों की जमकर वोटिंग



**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिला तहत जगन्नाथपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या–24 उत्क्रमित मध्य विद्यालय मरांगपोंगा एवं मतदान केंद्र संख्या–25 प्राथमिक विद्यालय सोनापी क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा पोस्टर लगा कर और रास्ते में पेड़ गिराकर रास्ता रोकने की कोशिश की गयी, जिसे तत्परता दिखाते हुए सुरक्षा बलों ने सफलतापूर्वक हटा दिया है। शाम पांच बजे तक बूथ क्रमांक–24 पर 37.20 प्रतिशत व बूथ क्रमांक–25 पर 72.06 मतदान हुआ है।

## कांग्रेस प्रत्याशी डॉ अजय और निर्दलीय शिवशंकर के खिलाफ मामला दर्ज

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 38, 40, 41, 42 नवोदय आदिवासी प्राथमिक विद्यालय, मतदान भवन में कॉग्रेस प्रत्याशी अजय कुमार एवं निर्दलीय प्रत्याशी शिव शंकर सिंह के नाम, फोटो व सिंबल के साथ मुद्रित पर्ची कुछ लोगों के द्वारा बांटी जा रही थी। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं के तहत पर्ची बांटे जाने की एफआईआर सिदगोड़ा थाना में करायी गयी है। मौके पर से सेक्टर ऑफिसर एवं एफ एस टी ने बड़ी संख्या में मतदाता पर्ची जब्त किया है।

## लखाईडीह : पहली बार बना मतदान केंद्र



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के डुमरिया प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, लखाईडीह में मतदान के पश्चात मतदाताओं ने अमिट स्याही दिखाकर अपनी खुशी का इजहार किया।

## अपार समर्थन और प्यार देने के लिए पूर्वी की जनता का धन्यवादः डॉ अजय

- मंदिर में पूजा अर्चना कर पत्नी संग वोट देने पहुंचे डॉ अजय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



शिक्षा निकेतन में पत्नी एवं आईआरएस अधिकारी रीना आर्या संग वोट डालने पहुंचे कांग्रेस प्रत्याशी डा अजय कुमार।

**जमशेदपुर।** कांग्रेस प्रत्याशी डॉ अजय ने बुधवार को जमशेदपुर पूर्वी की जनता को अपार समर्थन एवं प्यार देने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि जमशेदपुर की जनता ने जो मुझ पर विश्वास किया है। उसके लिए मैं उनका ऋणी हूं। मैं विश्वास दिलाता हूं कि जमशेदपुर की जनता की आकांक्षों एवं उम्मीदों को पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास करुंगा। जमशेदपुर को उसकी प्रतिष्ठा दिलवाउंगा. वहीं डा. अजय कुमार ने शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन के सभी अधिकारियों को धन्यवाद दिया। साथ ही सभी मीडिया एवं पत्रकारों को सहयोग करने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि मीडिया ने इस चुनाव को बहुत ही रोचक बना दिया।

## जमशेदपुर पूर्वी में परिवारवाद के खिलाफ जमकर किया गया है वोटः शिवशंकर सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



वोट डालने के बाद निर्दलीय शिवशंकर सिंह।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी के निर्दलीय उम्मीदवार शिवशंकर सिंह ने मतदान खत्म होने के बाद अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि देवतुल्य मतदाताओं का बहुत बहुत धन्यवाद और आभार। लोकतंत्र के इस महापर्व में आपने बढ़चढकर हिस्सा लिया और मेरे जैसे निर्दलीय उम्मीदवार को अपना भरपूर समर्थन दिया। इसके लिए मैं सदैव आपका आभारी रहूंगा। मुझे पूरा विश्वास है कि आपने जिस उत्साह के साथ मतदान केंद्र पहुंच कर गैस चूल्हा छाप पर बटन दबाया है उससे निश्चित है कि आपकी जीत तय है, जमशेदपुर पूर्वी में एक नए परिवर्तन का दोबारा इतिहास लिखा जाएगा। मतदान प्रतिशत में अपेक्षित वृद्धि नहीं होने के बाबजूद मतदाताओं ने बदलाव को लेकर वोट किया है और इससे चुनाव में गैस चूल्हा की जीत तय है क्योंकि यह घर घर समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक है।

## जुगसलाई में फल गया केला अब बनेगी एनडीए की सरकार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



आजसू प्रत्याशी रामचंद्र सहिस पत्नी और बेटे संग किया मतदान।

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विस से एनडीए समर्थित आजसू प्रत्यासी रामचंद्र सहिस ने जुगसलाई विधानसभा के बूथ नंबर 45, मुचूडीह बोड़ाम प्रखंड स्थित अपने गांव में मतदान किया। रामचंद्र सहीस के साथ उनकी पत्नी सरस्वती सहिस और ज्येष्ठ पुत्र सत्यजीत सहिस ने भी मतदान किया और अपने जीत के प्रति आश्वस्त दिखाई पड़े। साथ ही सहीस ने कहा कि राज्य में बेहतर झारखंड की कल्पना को लेकर आजसू और भाजपा नेतृत्व में सरकार बनेगी। सहिस ने कहा कि जनता का अपार समर्थन और आशीर्वाद मिल रहा है और इस आशीर्वाद से जनता के प्रति आभार जताते हुए कहा कि एनडीए प्रचंड बहुमत से सरकार बनायेगी।

## डॉ जटाशंकर पांडेय ने मानगो में किया मतदान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**जमशेदपुर।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य तथा खरसावां विधानसभा के प्रभारी डॉ जटा शंकर पाण्डेय जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा के बूथ संख्या 232पर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद डॉ जटा शंकर पाण्डेय ने दावा किया कि भाजपा तथा भाजपा समर्थित उमीदवार कोलहान में कम से कम 12 सीटे जीतेगी तथा झारखण्ड में भाजपा की पूर्ण बहुत की साकार बनेगी तथा झारखंड को अत्याचारी, तथा भ्रस्ट सरकार से मुक्ति मिलेगी।

# पोटका : मीरा मुंडा ने पति अर्जुन संग किया मतदान, जीत का भरोसा जताया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पोटका विधान सभा क्षेत्र की प्रत्याशी श्रीमती मीरा मुंडा ने आज खरसावां स्थित खिलारिसाई पूर्व प्राथमिक विद्यालय बूथ पर अपने पति एवं पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के साथ लोकतंत्र के महापर्व मतदान में हिस्सा लिया। श्रीमती मुंडा वहां मतदान के उपरांत अपने क्षेत्र में भ्रमण पर निकली और पोटका में शांतिपूर्वक उत्साह से मतदान में भाग ले रहे सभी मतदाताओं को बहुत बधाई दी। पोटका में मतदान प्रतिशत 72% से अधिक हुआ।



**भाजपा सह एनडीए के सभी प्रत्याशी जीतेंगे : अर्जुन मुंडा–** पूर्व मुख्यमंत्री सह पूर्व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पूर्व प्राथमिक विधालय खिलारीसाई स्थित बूथ संख्या 172 में आज सुबह लगभग 10-25 बजे अपनी पत्नी सह पोटका विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मीरा मुंडा के साथ वोट डालने के पश्चात श्री मुंडा ने कहा कि मतदान हर किसी का मौलिक अधिकार है। जिसका उपयोग राज्य के हितों को ध्यान में रखकर करना चाहिए। इसके अलावा लोकसभा चुनाव औरं स्थानीय निकायों के चुनाव में भाग लेना चाहिए। जिससे लोकतंत्र मजबूत होगा। उन्होने कहा कि जन आकांक्षाओं को समझ कर जब जनता अपना मत देती है, तो जनप्रतिनिधियों को इसका ध्यान में रखते हुए राज्य एवं देश के नीतियों में आम जानते और उसके हितों की रक्षा की जा सके। आज जो हमने मतदान किया है।

### एक नजर में

## पूर्व सीएम चंपई ने जिलिंगगोड़ा में किया मतदान



जिलिंगगोड़ा स्थित अपने गांव के मतदान केंद्र पर परिवार संग मतदान कर बाहर निकलते पूर्व सीएम सह सरायकेला विस क्षेत्र के प्रत्याशी चंपाई सोरेन।

## सरयू राय ने परिवार संग किया मतदान



जमशेदपुर पश्चिम के एनडीए प्रत्याशी सरयू राय ने अपने भतीजे आशुतोष राय और बहू पारुल सिंह संग बिष्टुपुर स्थित केएमपीएम वोकेशनल कॉलेज जाकर मतदान किया।

## डीसी अनन्य मित्तल ने पत्नी संग किया मतदान



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने सपरिवार लोयोला स्कूल स्थित मतदान केंद्र में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके बाद उन्होंने जिलावासियों से बढ़ चढ़कर मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लेने की अपील की।

## सरायकेला के उपायुक्त रविशंकर शुक्ला ने कतार में शामिल होकर किया मतदान



सरायकेला के डीसी रविशंकर शुक्ला ने सरगीडीह, सरायकेला स्थित मतदान केंद्र संख्या 343 पर जाकर युवाओं संग कतार में लग कर मतदान किया।

## प. सिंहभूम के डीसी और एसपी ने किया मतदान



**जमशेदपुर।** पश्चिमी सिंहभूम जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर के द्वारा टाटा कॉलेज कॉलोनी माध्यमिक विद्यालय–चाईबासा स्थित मतदान केंद्र पर पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। साथ ही वहां उपस्थित फ्यूचर वोटर के तौर पर सेवा दे रहे स्कूली बच्चों एवं मतदाताओं को प्रोत्साहित किया।

## श्रीलेदर्स के पार्टनर शेखर डे ने पत्नी संग डाले वोट



श्रीलेदर्स के निदेशक शेखर डे ने बिष्टुपुर स्थित केएमपीएम वोकेशनल कॉलेज में पत्नी संग जाकर मतदान किया। मतदान कर डे दंपत्ति काफी उत्साहित दिखे।

## इंटक के प्रदेश अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने पत्नी संग किया मतदान



राकेश्वर पांडेय ने अपनी धर्मपत्नी सीता देवी संग जुस्को स्कूल, साउथ पार्क, बिष्टुपुर में जाकर मतदान किया। उन्होंने मतदान में रुचि दिखाने के लिए लौहनगरी के मतदाताओं की प्रशंसा की।

## टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी ने परिवार संग किया मतदान




टाटा स्टील यूआइएसएल के एमडी रितुराज सिन्हा ने लोयला स्कूल,जमशेदपुर जाकर अपने परिजनों संग मतदान किया। इस अवसर पर उन्होंने सेल्फी कार्नर पहुंच कर सेल्फी भी खिंचवायी।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता हेमंत केशरी ने किया मतदान



परिवार संग मतदान करने के बाद हेमंत केशरी। उन्होंने गाड़ीखाना बूथ संख्या 92,चाईबासा में अपना मतदान किया।

## कुलवंत सिंह बंटी ने परिवार संग किया मतदान



कुलवंत सिंह बंटी ने सपरिवार किया मतदान। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुलवंत सिंह बंटी ने फाउंड्री यूनियन मध्य विद्यालय ईस्ट प्लांट बस्ती के बूथ संख्या 250 में सपरिवार अपना मतदान किया।

## काले ने श्री साकची गुजराती स्कूल में डाला वोट



भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने जमशेदपुर पूर्व विधानसभा के बूथ संख्या 295, श्री साकची गुजराती इंग्लिश मध्य विद्यालय में मतदान कर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भूमिका निभाई।

## स्पीड न्यूज

### पांकी विधायक ने पत्नी संग डाला वोट



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड के अपने गांव के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोइरीपतरा, बूथ संख्या 176 में पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने अपनी धर्मपत्नी किरण मेहता और सुपुत्री सिमी मेहता के साथ मतदान किया। कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदारी के लिए आपको बधाई।

### पूर्व कैबिनेट मंत्री लक्ष्मण ने किया मतदान



**हुसैनाबाद पलामू।** संयुक्त बिहार के पूर्व कैबिनेट मंत्री लक्ष्मण राम ने पत्नी व बेटा पूर्व चेयरमैन नगर पंचायत हुसैनाबाद समेत पूरे परिवार के लोगों ने नगर क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 119 पर मतदान किया।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया मतदान



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने प्रखंड के जामुनडीह बूथ पर मतदान किया। मतदान के बाद उन्होंने दूसरे लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित किया। मौके पर उन्होंने कहा कि आपका वोट आपका अधिकार है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि पहले करें मतदान फिर करें जलपान।

### विधायक आलोक ने किया मतदान



**चैनपुर पलामू।** 76 विधानसभा चुनाव के महापर्व सपरिवार विधायक आलोक चौरसिया ने बूथ संख्या 86 पर वोट डाला। विधायक अपने बूथ पर अपने क्रमानुसार होकर वोटिंग करते दिखे।

### नामधारी ने सपरिवार किया मतदान



**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी व इनके पुत्र डालटनगंज विस क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप सिंह नामधारी मतदान संख्या 204 पर परिवारवालों के साथ मतदान करके बाहर निकले।

### अविनाश वर्मा ने किया मतदान



**मेदिनीनगर।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह लातेहार विस प्रभारी अविनाश वर्मा ने भी मतदान कर लोकतंत्र की गरिमा को बनाये रखने में अपना योगदान दिया। रांची रोड स्थित बालिका मध्य विद्यालय में बूथ नंबर 277 एवं क्रमांक 441 पर अविनाश वर्मा ने अपना कीमती वोट देकर अपने फर्ज का निर्वहन किया।

### 97 वर्षीय दीपकली ने किया मतदान



**बिश्रामपुर पलामू।** 97 वर्ष की महिला दीपकली देवी ने विश्रामपुर विस के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय गुरी मतदान केंद्र संख्या 155 पर अपने मतधिकार का प्रयोग किया। दीपकली देवी राजस्व उपनिरीक्षक संघ के अध्यक्ष धर्मराज मिश्रा की माताजी हैं।

### हुसैनाबाद सीओ ने किया बूथ का निरीक्षण



**हुसैनाबाद पलामू।** बक्शी हाई स्कूल मतदान केंद्र संख्या 120 पर सीओ सह सहायक निर्वाची पदाधिकारी पंकज कुमार बूथ का जायजा लिया। उन्होंने सभी को शांति से लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करने को कहा। जो भी लाइन में खड़े हैं सभी को मतदान करने का अवसर दिया जायेगा।

### बीडीओ के समझाने के बाद हुआ मतदान



**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के माधवदीदरी के ग्रामीणों ने विकास नहीं तो मतदान नहीं की बात की। ग्रामीणों का कहना है कि इस गांव में विकास नहीं हो रहा है। ग्रामीण पानी के लिए तरस रहे हैं। सड़क तक नहीं बन पा रही है। तो वह अपने मताधिकार का उपयोग क्यों करें? जानकारी मिलते ही सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ सुनील सिंह मतदान केंद्र संख्या 104 पहुंच वार्ता कर मतदान के प्रति उत्तरदायित्व को समझाया। जिसके बाद मतदान शुरू हुआ। समाप्ति तक यहां 48.50 प्रतिशत हुआ।

### बूथ संख्या 179 का इवीएम मशीन खराब होने से मतदान रहा बाधित



**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव के दौरान निगम क्षेत्र के प्रायः सभी बूथों पर मतदान सुबह सात बजे से प्रारंभ किया गया। लेकिन गणेश लाल अग्रवाल उवि में बूथ संख्या 179 में स्थापित इवीएम दोपहर के बाद खराब हो गयी, जिस कारण मतदान की प्रक्रिया बाधित हो गयी। मशीन खराब होने से लाइन में लगे मतदाताओं ने आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि आधे घंटे से अधिक हो गया लेकिन मशीन ठीक नहीं हुई है। इसके बाद दूसरी मशीन लगवायी गयी। तब जाकर मतदान प्रारंभ किया गया। वहीं इसी विद्यालय के बूथ संख्या 178 में आधे घंटे विलंब से मतदान प्रारंभ किया गया। इस पर भी विभिन्न राजनीतिक दल के अभिकर्ता ने आपत्ति जतायी।

### सदर प्रखंड में पूर्व मुखिया, मुखिया समेत कई लोगों ने किया मतदान



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के विभिन्न बूथों पर बुधवार को पहले चरण का मतदान शांतिपूर्ण हो गया। सदर प्रखंड के तेलियाबांध बूथ, सरजा, सालों बूथ समेत कई बूथों पर मतदान के लिए दिन भर लोगों की लंबी कतारें लगी रही। लोग अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। तेलियाबांध बूथ पर कौड़िया के पूर्व मखिया सरिता देवी, सालो बूथ पर सरजा मुखिया अलका कुमारी ने कतार में खड़ा होकर लंबे इंतजार के बाद मतदान किया। इसी तरह ग्रामीणों ने भी शांतिपूर्ण मतदान किया। मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे। युवक युवतियों ने भी पहली बार मतदान कर लोकतंत्र को मजबूती प्रदान किया।

## पलामू के पांच विधानसभा क्षेत्र में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न, कहीं से कोई अप्रिय घटना नहीं

# कुल 63 प्रतिशत वोटिंग, धीरे-धीरे बढ़ा मतदान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



जानकारी देते जिला निर्वाचन पदाधिकारी व अन्य।

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण में पलामू जिला के पांच विधानसभा विश्रामपुर, छतरपुर, डालटनगंज, हुसैनाबाद व पांकी के 1796 मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हो गया। किसी भी मतदान केंद्र से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। इस संबंध में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने जीएलए कॉलेज परिसर में बने मतगणना केंद्र में कहा कि जिले के सभी मतदान केंद्रों पर मतदान संपन्न हो गये हैं।

मतदान कर्मी इवीएम लेकर लौट रहे हैं। इवीएम मशीन को बॉक्स में सील कर ब्रजगृह में सील किया जायेगा। ब्रजगृह की सुरक्षा तीन लेयर में लगाई गई है जो पूरी तरह सीआरपीएफ की निगरानी में रहेगा। उन्होंने कहा कि जिले के कुछ मतदान केंद्रों पर इवीएम मशीन में तकनीकी खराबी होने के कारण तत्काल बदला गया है। वहीं जिले के तीन मतदान केंद्रों पर वोट बहिष्कार की स्थिति उत्पन्न हुई थी जिसे प्रशासन द्वारा त्वरित समाधान कर लिया गया। अरबन क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव से विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ा है।

इस चुनाव में जिले में 63 प्रतिशत मतदान किया गया। उन्होंने उम्मीद जताया कि जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र के बूथों से देर शाम तक पूरी रिपोर्टिंग नहीं हो पायी थी जिससे यह संभावना है कि मतदान प्रतिशत और बढ़ने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि टीम भावना के कारण चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ है। साथ ही मतदान प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने कहा कि विश्रामपुर विस क्षेत्र में 62.63 प्रतिशत, छतरपुर विस क्षेत्र में 60.88 प्रतिशत, डालटनगंज में 64.82 प्रतिशत, हुसैनाबाद में 59.4 प्रतिशत व पांकी में 65.13 प्रतिशत मतदान हुआ है।

**ऐसे बढ़ता गया मतदान प्रतिशत**

1. पांकी : 12.43
2. डालटनगंज : 10.51
3. विश्रामपुर : 12.33
4. छत्तरपुर : 11.78
5. हुसैनाबाद : 12.41

कुल मतदान: 11.84%

11 बजे तक मतदान %

1. पांकी : 28.96
2. डालटनगंज : 27.55
3. विश्रामपुर : 28.26
4. छत्तरपुर : 28.71
5. हुसैनाबाद : 28.51

कुल मतदान : 28.36%

01 बजे तक मतदान%

1. पांकी : 44.77
2. डालटनगंज : 43.23
3. विश्रामपुर : 43.98
4. छत्तरपुर : 44.69
5. हुसैनाबाद : 43.53

कुल मतदान : 44%

03 बजे तक मतदान%

1. पांकी : 58.64 %
2. डालटनगंज : 56.93
3. विश्रामपुर : 56.43
4. छत्तरपुर :56.29
5. हुसैनाबाद : 54.45

पलामू में कुल मतदान : 56.57 प्रतिशत

## मॉडल बूथ के मतदाताओं का हुआ जोरदार स्वागत

- जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पांकी विधानसभा के विभिन्न बूथों का किया निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मतदाताओं का उत्साह बढ़ाते उपायुक्त व अन्य।

**मेदिनीनगर।** जिले के पांचो विधानसभा में शांतिपूर्ण मतदान जारी है। इस क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने पांकी विस के तरहसी व पांकी के कई बूथों के निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने तरहसी व पांकी के विभिन्न बूथों पर मतदान कार्यों का जायजा लिया। मतदान में तेजी बना रहे इसे लेकर संबंधितों को निर्देशित किया। पांकी की रणभेरी में बने मॉडल बूथ पर मतदान हेतु आ रहे फर्स्ट वोटर व वृद्ध मतदाताओं को जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कॉफी मग देकर उनका सम्मान किया। इसी तरह उन्होंने तरहसी में बने बूथों में चल रहे मतदान का भी अवलोकन किया। प्रातः बूथों का निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने पांकी के लोकप्रिय चौराहा कपूर्री ठाकुर चौक पर कुल्हड़ के चाय का आनंद स्थानीय आमजनों संग लिया। उन्होंने सभी से कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा सभी बूथों पर प्रयाप्त व्यवस्था की गयी है जहां आप सभी भयमुक्त होकर अपना मतदान कर सकते हैं। उन्होंने हरिवंश नारायण बालिका उवि के समीप आमजनों संग चाय पीकर लोगों से अधिक संख्या मतदान की अपील की।

## एसपी ने जिला कंट्रोल रूम से की मतदान केंद्रों की निगरानी

- मतदान केंद्रों पर उपलब्ध संचार उपकरणों के माध्यम से पल पल की जानकारी ली



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव के पहले चरण में पलामू जिला के पांच विधानसभा क्षेत्र के 1796 मतदान केंद्रों के पल पल की जानकारी पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन जिला कंट्रोल रूम से ले रही थी। वे सभी मतदान केंद्रों पर उपलब्ध संचार उपकरणों के माध्यम से गतिविधि की जानकारी ले रही थी। जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क थी। इतना ही नहीं किसी प्रकार की होनी अनहोनी व घटना दुर्घटना से निपटने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह तैयार थी। एसपी के नेतृत्व में सुरक्षा बल किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। पुलिस की तत्परता के कारण समाचार लिखे जाने तक जिले के पांच विस क्षेत्र के सभी बूथों पर मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संचालित की जा रही थी। इस संबंध में एसपी रीष्मा रमेसन ने जिला कंट्रोल रूम के माध्यम से जिले के सभी पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव कराने का निर्देश दे रही थी। साथ ही साथ कहीं भी किसी प्रकार की कोई घटना हो तो उसका त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया।

## विश्रामपुर में मतदान केंद्रों पर सुबह से ही लगी रही मतदाताओं की कतार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**विश्रामपुर (पलामू)।** विस क्षेत्र में चुनाव को लेकर मतदाताओं में काफी उत्साह दिखा। सुबह सात बजे से ही मतदान केंद्रों पर मतदान हेतु लोगों की लंबी कतार लग गयी थी। बूथ संख्या 259 निमियां में ईवीएम में आयी खराबी के कारण करीब एक घंटे विलंब से मतदान शुरू हुआ। वहीं विश्रामपुर के अति संवेदनशील बूथ संख्या 271 घासीदाग में मतदान शुरू होने के बाद जब 131 वोट पड़े, तब ईवीएम में खराबी आ गयी। जिससे मतदान कार्य बीच में ही करीब 8:30 बजे रोकना पड़ा। बाद में दूसरा ईवीएम आने के बाद पुनः 9:48 बजे मतदान शुरू हुआ। रेहला बुनियादी विद्यालय में स्थापित आदर्श बूथ केंद्र 214 पर निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में समुचित व्यवस्था उपलब्ध करायी गयी थी। यहां मतदान कर्मी से लेकर पुलिस कर्मी तक महिलाएं थीं। हालांकि यहां मतदान की गति काफी धीमी रही, जिससे मतदाताओं को काफी देर तक कतार में खड़ा रहना पड़ा। खबर लिखे जाने तक कहीं से कोई अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।

## हुसैनाबाद : शांतिपूर्ण मतदान को लेकर चाक चौबंद व्यवस्था, अधिकारी रहे सक्रिय

- कई बूथों पर मशीन की तकनीकी खराबी के कारण घण्टों लेट चालू हुआ मतदान
- कई बूथों पर सुबह से ही लगी रहीं मतदाताओं की लंबी कतार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हुसैनाबाद पलामू।** झारखंड विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण आज संपन्न हो गया, हुसैनाबाद हरिहरगंज 79 विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से मतदान सम्पन्न हुआ। हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 131 पर मशीन की तकनीकी खराबी के कारण करीब दो घंटा लेट से मतदान चालू हुआ हलांकि इस तरह की हल्की तकनीकी कई बूथों में आयी लेकिन पीठासीन अधिकारियों ने इसे तुरंत ठीक करवा दिया। हुसैनाबाद के मतदान केंद्र संख्या 118, 119, 114, 230, 124, 207, 214, 338 पर सुबह से ही मतदाताओं की लम्बी लाइन देखी गयी। सभी मतदाता कतार बद्ध तरीके से लाइन में लगकर वोट दिया। शहर में 116 मतदान केंद्र संख्या को मॉडल रूप दिया गया जहां पर कई बुजुर्ग राजेंद्र तिवारी व कृष्णा प्रसाद को वीलचेयर से मतदान की व्यवस्था की गयी थी।

## अपराधियों ने रामदास साहू पर किया जानलेवा हमला, घायल

- तरहसी थाना प्रभारी से की अपराधियों पर कार्रवाई की मांग

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**तरहसी पलामू।** रामाड़ा होटल के मालिक व जिले के चर्चित समाजसेवी रामदास साहू पर जानलेवा हमला विधायक प्रत्याशी बिट्टू सिंह उर्फ देवेंद्र सिंह के गुंडों ने कर दिया। जिसमें रामदास साहू को सिर में गंभीर चोट लगी है। रामदास रात करीब आठ बजे बेदनी मोड़ के समीप पंचायत भवन के पास ग्रामीणों से बात कर रहे थे, तभी बबलू सिंह समेत पूर्व विधायक के 50 से अधिक गुंडों ने एकाएक उन पर हमला कर दिया और उन्हें मृत समझ छोड़कर भाग निकले। इस दौरान रामदास गंभीर रूप से घायल हो गये। यही नहीं गुंडों ने उनके अंगरक्षकों पर भी हमला किया और उनके गले से सोने की चेन, घड़ी, अंगूठी और चश्मा तक छीन लिये। उन्होंने तरहसी थाना प्रभारी को आवेदन देकर कार्रवाई की मांगी की।

### सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम, सक्रिय दिखे थाना प्रभारी मुकेश सिंह

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न बूथों पर सुरक्षाबल के कड़ी निगरानी को लेकर सुबह से अंतिम निर्धारित समय तक शांतिपूर्ण मतदान रहा। विकलांग और वृद्ध मतदाता को प्राथमिकता देकर मतदान का भागीदार बनाया गया। वहीं मतदान केंद्रों पर पुलिस बल का पुख्ता इंतजाम किया गया था। थाना प्रभारी मुकेश सिंह सभी बूथों का जायजा लेते दिखे और सक्रिय थे।

### तरहसी प्रखंड में शांतिपूर्ण मतदान

**तरहसी पलामू।** पलामू जिले के तरहसी प्रखंड में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हो गई है। इस दौरान जगह-जगह पुलिस प्रशासन तैनात थी। साथ ही हर बूथ पर सीआरपीएफ और बीएसएफ के जवान तैनात थे। प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था थी जिसमें परिंदें भी पर नहीं मार सकते थे। लोग निडर होकर बूथों पर जाकर मतदान किया। तरहसी बीडीओ सह आरओ बालेश्वर राम ने कहा कि तरहसी प्रखंड में 66.30% मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया।

## हरिहरगंज में 61, पिपरा में 60% वोटिंग





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हरिहरगंज पलामू।** पहले चरण के लिए बुधवार को हरिहरगंज व पिपरा प्रखंड में कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्वक मतदान हो गया। इसमें हरिहरगंज प्रखंड में कुल 35001 मत 61.5% तथा पिपरा प्रखंड में कुल 17355 मत 60.60% वोटिंग हुआ। हरिहरगंज में 17360 पुरुष तथा 17641 महिला मतदाताओं ने वोट डाले। वहीं बूथ संख्या 299 प्रावि अंबा पर सबसे अधिक 77.7 तथा सबसे कम बूथ संख्या 332 स्तरोन्नत उवि सुलतानी पर 47.42% मतदान हुआ। जबकि पिपरा प्रखंड में 8480 पुरुष तथा 8875 महिलाओं ने वोट डाले। इनमें सबसे अधिक बूथ संख्या 274 उमवि चपरवार पर सबसे अधिक 71% तथा सबसे कम बूथ संख्या 256 उमवि पिठौरा पर 49.5 प्रतिशत मतदान हुआ।

## महायज्ञ की माइक प्रशासन ने कराया बंद, ग्रामीणों में आक्रोश

**खबर मन्त्र संवाददाता**



आक्रोश व्यक्त करते महायज्ञ समिति के लोग।

**पंडवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के कोकरसा में रामचरित मानस नवाह्न परायण पाठ महायज्ञ का 39वां अधिवेशन 8 नवंबर से शुरू है। दिन में रामचरित मानस का पाठ एवं रात्रि में वृंदावन से आयीं विदुषी प्रवचनकर्ता किशोरी कुमारी प्रवचन कर रही हैं। महायज्ञ समिति का आरोप है कि मंगलवार को 4 बजे पड़वा के प्रभारी बीडीओ अमित झा आकर साउंड सिस्टम बंद करा दिये। जिससे रात्रि में प्रवचन बंद हो गया। समिति के लोगों ने बीडीओ से आग्रह किया था कि मतदान के दिन साउंड सिस्टम बंद कर देंगे। रात में बजने दीजिये। धीमी आवाज में बजाने का आग्रह किया, लेकिन वे लोगों के आग्रह पर कोई ध्यान नहीं दिये। महायज्ञ में टेंट संचालक को बीडीओ ने स्पष्ट निर्देश दिया कि यदि साउंड सिस्टम का उपयोग हुआ तो कार्रवाई होगी। प्रशासन के इस निर्देश से ग्रामीणों में आक्रोश है। महायज्ञ समिति के अध्यक्ष राजेंद्र पांडेय सहित अन्य का कहना था कि आखिर साउंड सिस्टम बजने से कोई व्यवधान नहीं हो रहा था। मतदान के दिन समिति के लोग खुद साउंड सिस्टम का उपयोग नहीं करने का वादा किये थे। बावजूद एक दिन पहले ही ऐसी कार्रवाई से आक्रोश है। मौके पर वीरेन्द्र पांडेय, अशोक पांडेय, विनोद पांडेय, बलवंत पांडेय थे।

## जनता को दिग्भ्रमित कर रहे रामदास घटना के समय बबलू सिंह पदमा में थे

- पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह ने आरोप को बताया बेबुनियाद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**तरहसी पलामू।** पांकी के पूर्व विधायक बिट्टू सिंह ने रामदास साहू के अपने ऊपर निर्दलीय प्रत्याशी के भाई और उनके समर्थकों द्वारा मारपीट का आरोप को बेबुनियाद और मनगढ़ंत कहानी बताया। पदमा में चौक चौराहे और दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज में बबलू सिंह, राकेश सिंह, गुड्डू मियां समेत सभी लड़के घटनास्थल से 11 किमी दूर पदमा में मौजूद हैं, जिसे पदमा में लगे सीसीटीवी में साफ-साफ दिख रहा है। बिट्टू ने सीसीटीवी फुटेज दिखाकर पांकी विधानसभा की जनता से अपील की है कि चुनाव में वोटरों को अगड़ी-पिछड़ी की लड़ाई में उलझा कर दिग्भ्रमित करने का असफल प्रयास कर रहे हैं। जब घटना के वक्त सभी लड़के पदमा में मौजूद हैं तो फिर यह सभी रामदास पर 11 किमी दूर तरहसी के बेदानी मोड़ में कैसे हमला कर दिये। भाजपा प्रत्याशी शशिभूषण मेहता अपनी हार देख बौखला गये हैं और रामदास को आगे कर जनता को दिग्भ्रमित करना चाह रहे हैं। देवेंद्र ने प्रशासन से सीसीटीवी फुटेज देख निष्पक्ष जांच की बाते कही है। कहा कि समाज के सभी वर्गों का समर्थन निर्दलीय प्रत्याशी को मिल रहा है।

## स्पीड न्यूज



मतदान केंद्र से मत देकर निकलतीं मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर मतदान का प्रमाण दिखाते हुए प्रसन्न मुद्रा में।


### हुसैनाबाद विस क्षेत्र में दिग्गजों ने डाले वोट



भाजपा प्रत्याशी व विधायक कमलेश कुमार सिंह ने अपने मतदान केंद्र संख्या 205 पर मतदान किया।



बसपा प्रत्याशी कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने हरिहरगंज प्रखंड के पूर्णाडीह डेमा में मतदान केंद्र 318 पर वोट दिया।



भाजपा के बागी और निर्दलीय उम्मीदवार विनोद कुमार सिंह ने हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अपने पैतृक गांव बेनी के मतदान केंद्र संख्या 184 पर मतदान किया। वोटिंग के बाद प्रमाण दिखाते हुए।



**लोकतंत्र के सच्चे प्रहरी :** वृद्ध मतदाता राजेन्द्र तिवारी मतदान करने जाते। उन्होंने लोगों को वोट के लिए प्रेरित किया।



वृद्ध मतदाता कृष्णा प्रसाद ने हुसैनाबाद शहर के मॉडल बूथ 116 पर मतदान करने जाते हुए सहयोग करती सुरक्षा कर्मी ।

### सदर थाना प्रभारी ने मतदान के दौरान खुद संभाल ली सुरक्षा का कमान



**मेदिनीनगर।** सदर थाना प्रभारी उत्तम राय ने सदर थाना क्षेत्र के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सुआ निराला टोला, तेलियाबांध, बखारी, भुसही, चियांकी, महादेव माड़ा, भीमगाड़ा, जमूने, जोड़, खनवा समेत कई मतदान केंद्रों पर जाकर सुरक्षा का जायजा लिया। थाना प्रभारी ने कई बूथों पर बेढंग खड़े लोगों को कतार में लगाया। साथ ही लोगों के कतार को ठीक कराया। उन्होंने पुलिसकर्मियों को मतदान के दौरान चौकस रहने का निर्देश किया। उन्होंने आम मतदाताओं से अपील की है कि आप भयमुक्त होकर अपने बूथों पर जाकर मतदान करें। पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए तत्पर है। उन्होंने बूथ के बाहर अनावश्यक खड़े लोगों को भी वहां से भगाया। कहा कि लोग शांतिपूर्ण तरीके से लाईन में खड़ा होकर मतदान करने जायें।

### डीसी व एसपी ने किया मतदान लोगों को मतदान करने के लिए किया प्रेरित





**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन व पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने अपने-अपने मतदान केंद्रों पर लाइन में खड़ा होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उपायुक्त ने पलामू क्लब मतदान केंद्र में पत्नी संग जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं एसपी सिंचाई विभाग के मतदान केंद्र पर जाकर मतदान किया। दोनों ने मतदाताओं से अपील की है कि मताधिकार करना आपका अधिकार है।

### प्रशासनिक पहल के बाद कोल्हूवा और बेगमपुरा बूथ पर हुआ मतदान



**मोहम्मदगंज पलामू।** प्रखंड के बेगमपुरा और कोल्हूआ गांव के ग्रामीणों ने रेलवे अंडरपास और खराब सड़क की समस्या को लेकर प्रशासन की उपेक्षा से नाराज होकर मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय लिया था। इस गहरी नाराजगी से ग्रामीणों ने मतदान केंद्र पर बूथ एजेंट भी नहीं नियुक्त किये थे। यह स्थिति प्रशासन के लिए चिंता का कारण बन गयी। बेगमपुरा बूथ नंबर 18 पर सीओ रणवीर कुमार खुद पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत की और उन्हें आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता से उठाया जायेगा और रेलवे अंडरपास की समस्या का समाधान शीघ्र निकाला जायेगा। सीओ के इस आश्वासन के बाद, ग्रामीणों ने मतदान बहिष्कार का निर्णय वापस लिया और मतदान में भाग लिया। दोपहर 12 बजे तक केवल 5 वोट पड़े, जिससे समस्या की गंभीरता का पता चला। इसे देख सीओ रणवीर कुमार और निर्दलीय प्रत्याशी विनोद सिंह ने पहल की।

### इवीएम सेट की अफवाह पर सदर एसडीओ पहुंची मदरसा अलहदाया



**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव में कहीं किसी प्रकार की कोई कोर कसर न रह जाये इसे लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किसी प्रकार की व्यवस्था उत्पन्न न हो इसे लेकर पूरी तैयारी जिले के प्रत्येक बूथों पर की गयी थी। प्रत्येक बूथों पर दंडाधिकारी भी प्रतिनियुक्त किये गये थे। इवीएम व वीवीपैट मशीन को पूरी तरह पारदर्शी रखा गया था ताकि मतदान करने में किसी भी मतदाता को कोई परेशानी न हो। इसके बावजूद भी निगम क्षेत्र के मदरसा अलहदाया कुंड मुहल्ला में बूथ संख्या 167 पर गलत मतदान होने की अफवाह शहर में फैला। इतना ही नहीं अफवाह फैलानेवालों ने यह आरोप लगाया कि इवीएम मशीन में बटन किसी पर दबाया जा रहा है तो परची किसी अन्य प्रत्याशी का निकल रहा है। यह सूचना पाते के साथ ही सदर एसडीओ सुलोचना मीणा व सदर सीओ अमरदीप बल्होत्रा सदल बल मतदान केंद्र पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। शिकायतकर्ता से जब पूछा गया तो उसने अपनी बातों को दुहराते हुए कहा कि इवीएम का सेटिंग खराब है इस पर सदर सीओ ने फार्म 49 भरने को कहा।

## गोड्डा के सिकटिया मैदान में पीएम मोदी की जनसभा, मंदार पर्वत, योगिनी स्थान, बाबा बैद्यनाथ की शक्ति भूमि को किया जोहार

# जिन्होंने घोटाले किये हैं, उन्हें तो जेल जाना ही होगा : मोदी

### जनता से पूछा -की हाल चाल छै- तब अपना भाषण प्रारंभ किया





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** गोड्डा के सिकटिया मैदान में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन 3 बजे हुआ। मंच पर गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने बुके के साथ अंग वस्त्र देकर उनको सम्मानित किया। प्रधानमंत्री ने भी संथाल परिवार को अंग वस्त्र भेंट कर संथाल आदिवासी को सम्मानित किया।

ये विधानसभा चुनाव प्रचार के लिये भाजपा द्वारा आयोजित कार्यक्रम था और पार्टी के उम्मीदवारो के पक्ष प्रचार करना ही उद्येश्य था। मंच पर गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे, लॉबीन हेमब्रम, अनंत ओझा, देवेंद्र नाथ सिंह, गोड्डा के भाजपा उम्मीदवार अमित मंडल, अशोक भगत 6 विधानसभा क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार उपस्थित थे। गोड्डा सांसद के संबोधन के दौरान ही प्रधानमंत्री के आगमन की सूचना से आधा अधूरा ही अपना संवाद जनता के साथ रख पाए।

प्रधानमंत्री को देखने और सुनने वालों की भीड़ 4 से 5 लाख के आसपास थी जो 1977 में तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी के रिकॉर्ड को तोड़ा जो उस वक्त 3 लाख के आसपास थी।

प्रधानमंत्री ने हेमंत सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा भ्रष्टाचार और गबन का कारोबार हेमंत सरकार करती है। नोटों के पहाड़ उनके मंत्रियो के घर से निकलते हैं जो आपके पैसे हैं, खनन घोटाला, बालू कोयला जंगल जमीन घोटाला के रुपए उनके घरों से निकल रहे हैं।

किसानो के खाते में केंद्र सरकार रुपए भेजती है। मईया सम्मान योजना के 2000 रुपए भेजना और धान का समर्थन मूल्य हमने 3100 रुपए बढ़ाया है। हर गरीबों को घर उसमें नल और 500 में गैस सिलिंडर और साल में दो गैस सिलिंडर फ्री मिलेंगी, बिजली फ्री मिलेगी सौर ऊर्जा के द्वारा जिसमें 78 हजार रुपए सरकार देगी उसमे और आपके उपभोग के बाद जो बिजली बचेगी सरकार खरीदेगी और रुपया सरकार आपको देगी, ये मोदी की गारंटी है।

हर दर्शक से कहा आप मेरा जोहार का सन्देश हर घरों में पहुंचा देंगे मोदी ने आपको जोहार का सन्देश भेजा है। प्रधानमंत्री का ये दौरा चुनावी दौरा था और पार्टी के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करने का सन्देश छिपा था। उन्होंने कहा मैं आपसे वोट मांगने नहीं आया हूं बल्कि आमंत्रण देने आया हूं वोट तो आप देंगे ही मैं जब चुनाव के बाद एनडीए की सरकार बनेगी उसमे आपको शरीक होने के लिये आमंत्रण देने आया हूं। घुसपैठियों की जनसंख्या पर भी चिंता जाहिर करते हुए कहा रोटी, बेटी, जमीन बचाना है माफियाओ को दूर भगाना है। जिन्होंने घोटाले किये हैं उन्हें जेल जाना ही होगा। प्रधानमंत्री ने अपने सम्बोधन में हेमंत सोरेन और कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा आपके रोजी रोटी युवाओं को 2 लाख रोजगार के लिए अडानी, सीमेंट फैक्ट्री लगाया है। 150 वर्षो के बाद गोड्डा की जनता ने रेल देखा है। दर्जनों ट्रेन गोड्डा से चल रही हैं आप देवघर में पूजा कीजिए और ट्रेन आपको बाबा विश्वनाथ के दर्शन कराएगी। प्रधानमंत्री के इस आगमन से उम्मीदवारो के पक्ष में कितने % मतदान में फायदा होगा ये चुनाव के बाद ही रिजल्ट आएगा। गोड्डा भाजपा प्रत्याशी अमित मंडल ने अपनी बातें रखी और अनजाने पुराने गलतियों को माफ करने की अपील करते हुए जीत के लिये आशीर्वाद मांगी है।

---

## स्पीड न्यूज

### करगली मैदान में सीएम योगी की जनसभा आज




बेरमो। एनडीए के भाजपा प्रत्याशी रविंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि 14 नवंबर सुबह 12:00 बजे यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा विनोद बिहारी महतो करगली फुटबॉल मैदान में होना सुनिश्चित हुआ है। इसको लेकर बुधवार को उन्होंने सभा स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बेरमो वासियों को काफी गर्व की बात है कि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन बेरमो के पावन धरती पर होने वाली है। उनहोने बेरमो विधान सभा क्षेत्र के लाखों लोगों से सभा मे शामिल होकर सफल बनाने का आग्रह किया है। इस अवसर पर भाजपा नेता प्रकाश कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, संजय प्रसाद, भाई प्रमोद सिंह, अनुग्रह नारायण सिंह, रितेश तिवारी, अनिल गुप्ता, दिनेश सिंह, मनोज कुमार आदि शामिल थे।

### लूट के इरादे से अज्ञात अपराधियों ने कार सवार को मारी गोली, घायल



दुमका। लूट के इरादे से कार सवार व्यक्ति को अज्ञात अपराधियों ने गोली मार दी। अपराधियों ने घटना को जिले के रामगढ़-डारो रोड़ में अमड़ापहाड़ी के समीप जोरडीहा मोड़ के पुल के समीप बीते मंगलवार को देर रात करीब 12 बजे मारी। अपराधियों के गोली से थाना क्षेत्र के झांझर गांव निवासी मुकेश ठाकुर, पिता रामचंद्र ठाकुर घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मुकेश दुमका से खाटू श्याम का जन्मोत्सव कार्यक्रम से प्रसाद खाकर घर लौट रहा था। जहां रास्ते में अपराधियों ने लूट के इरादे से गोली मार दी। हलांकि मुकेश घटना के बाद अपराधियों को चकमा देकर बच निकलने में कामयाब रहा। मुकेश को गोली कंधे से नीचे लगी। गंभीर अवस्था में मुकेश के दोस्त ने फुलो-झानों अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने मुकेश के सीने से गोली निकाली। हलांकि मामले में मुकेश कुछ भी बताने से इंकार कर रहा है। गोली निकलने के बाद मुकेश वापस घर लौट गया। मामले में पुलिस को किसी प्रकार की लिखित सूचना नहीं दी गई है।

### बीएसएल के इस्पात भवन में नवीकृत क्रेच का उद्घाटन



बोकारो। बीएसएल में कार्यरत महिला कर्मियों के छोटे बच्चों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करने को लेकर किलकारी नामक शिशु सदन का उद्घाटन बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी ने किया। मौके पर ईडी सीआर महापात्रा सुरेश रंगानी राजन प्रसाद जयदीप दासगुप्ता सीएमओ इंचार्ज डॉ बीबी करुणामय सहित अन्य वरीय अधिकारी तथा बीएसएल की महिला कर्मी उपस्थित थे। नवीकृत सुविधाओं से लैस किलकारी शिशु सदन का संचालन एक पेशेवर संस्था सतनाव प्रीस्कूल प्राइवेट लि द्वारा किया जाएगा जिनके प्रोफेशनल व प्रशिक्षित कर्मी क्रेच में बच्चों की देख-भाल करेंगे। किलकारी-क्रेच की सुविधा का लाभ बीएसएल में कार्यरत वैसे महिला कर्मी उठा सकते हैं जिनके बच्चे छः माह से छः साल तक की उम्र के हैं।

---

## कल्पना सोरेन ने तालझारी प्रखंड के केंदुआ में सभा को किया संबोधित, कहा

# भाजपा गरीबों का हक मारने वाली पार्टी है

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**तालझारी।** विधायक कल्पना सोरेन ने बुधवार को तालझारी प्रखंड क्षेत्र के केंदुआ फुटबॉल मैदान में बोरियो विधानसभा के प्रत्याशी धनंजय सोरेन व राजमहल विधानसभा के प्रत्याशी एमटी राजा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि सभी संगठित होकर कांग्रेस-झामुमो महागठबंधन के प्रत्याशी को वोट देकर हेमंत सरकार को दोबारा राज्य में लायें। कहा कि भाजपा अरबपतियों का ऋण माफ करती है, लेकिन उन्हें गरीबों का ऋण माफ नहीं करना है। साथ ही कल्पना ने कहा कि केंद्र सरकार ने खाद्य सामग्री सहित अन्य जरूरत के सामान पर जीएसटी लगाकर महंगाई बढ़ायी है। कहा कि भाजपा जुमलेबाजों की पार्टी है। ऐसी पार्टी के नेताओं के बहकावे में नहीं आयें। भाजपा गरीब जनता का हक मारने वाली पार्टी है। साथ ही कहा कि जब मणिपुर राज्य में एक आदिवासी महिला को निर्वस्त्र करके घुमाया जा रहा था तो वहां बीजेपी का शासन होने के बावजूद भी किसी ने इस घटना के खिलाफ आवाज नहीं उठाया। साथ ही कहा कि पूर्व की डबल इंजन की सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के ओल्ड पेंशन स्कीम को बंद कर दिया था। 11 लाख राशन कार्ड रद्द कर दिया था। हजारों सरकारी स्कूल बंद कर दिया था। गरीबों के आवास का पैसा भाजपा शासित प्रदेशों में बांटा, लेकिन जब 2019 में हेमंत सरकार आया तो ओल्ड पेंशन स्कीम को दोबारा चालू करवाया। हजारों राशन कार्ड बनवाया।

गरीबों को अबुआ आवास मिला, माता बहनों को सम्मान मिला। झारखंड की सरकार किसानों दलितों की सरकार है। कहा पूर्व की भाजपा सरकार ने जहां ओबीसी का आरक्षण 27 प्रतिशत से घटाकर 14 प्रतिशत कर दिया, हेमंत सरकार ने पिछड़ों का 27 प्रतिशत आरक्षण विधानसभा में पारित कर केंद्र को भेजा था, लेकिन केंद्र ने उस फाइल को अटका कर रख दिया। इस दौरान कल्पना ने एक ही नारा हेमंत दोबारा का नारा लगाया। इस दौरान बोरियो के पूर्व विधायक ताला मरांडी के दोनों पुत्र अपने समर्थकों के साथ कल्पना सोरेन के समक्ष झाममो का दामन थामा। वहीं सभा में राजमहल सांसद विजय हांसदा, राजमहल के प्रत्याशी एसटी राजा, बोरियो विधानसभा के प्रत्याशी धनंजय सोरेन सहित भारी संख्या में महिला व पुरूष मौजूद थे।

### बोकारो : चुनावी प्रशिक्षण में अनुपस्थित 10 कर्मियों को शो-कॉज

**बोकारो।** विधानसभा चुनाव के निष्पादनार्थ मतदान पदाधिकारियों को चुनाव संबंधी प्रशिक्षण विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों पर कई चरणों में दिए जा रहे प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले मतदान पदाधिकारियों को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त बोकारो द्वारा जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं के तहत अनुपस्थित पदाधिकारियों को कारण पृच्छा की गई है। अनुपस्थित रहने वाले मतदान पदाधिकारियों का नाम प्रशांत कुमार ओझा श्यामानंद चौधरी संतोष सिंह रोहित सहदेव मांझी सचिन महली उज्जवल सेन अमेरिका धोबी निरंजन महतो एवं अमृत हैं। आसन्न विधानसभा निर्वाचन 2024 को देखते हुए सभी मतदान पदाधिकारियों को निर्देश है कि पूर्व निर्धारित प्रशिक्षण में आवंटित प्रशिक्षण केन्द्र पर प्रशिक्षण प्राप्त करना सुनिश्चित करेंगे अन्यथा अनुपस्थित रहने पर सुसंगत धाराओं के तहत उनके विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

---

## अमर बाउरी ने गांवों का दौरा कर मांगा जीत का आशीर्वाद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो/चंदनकियारी।** बोकारो जिला अंतर्गत चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी अमर कुमार बाउरी ने क्षेत्र के सिन्दूरपेटी बेलुन्जा सहित कई गांवों का दौरा कर लोगों से अपनी जीत के लिए आशीर्वाद मांगा। उन्होंने चंदनकियारी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में लाखों लोगों की उपस्थिति और जनसभा की सफलता के लिए क्षेत्र के लोगों के प्रति आभार जताया। साथ ही झारखंड में वर्तमान सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए भाजपा व एनडीए सरकार की वापसी में लोगों से सहयोग देने की अपील की। ग्रामीणों से संवाद करते हुए बाउरी ने इस बात का भी खुलासा किया कि किस तरह वर्तमान हेमंत सरकार ने जनता की गाढ़ी कमाई को लूटा है और बांग्लादेशी घुसपैठ को संरक्षण देकर झारखंड की अस्मिता पर खतरा पैदा किया है। उन्होंने पिछले दस वर्षों के दौरान उनके द्वारा चंदनकियारी में किये गए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज चंदनकियारी का नाम देश-दुनिया में है। उन्होंने समाज को बांटकर केवल अपना हित साधने वाले झामुमो व उसके सहयोगी दलों से लोगों को सावधान रहने की अपील की।

## सरकार ने जनता को छला है : नेहा महतो



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची/डुमरी।** युवाओं को 5 लाख नौकरी, बेरोजगारी भत्ता, महिलाओं को चूल्हा खर्च, नियोजन और स्थानीय नीति समेत 400 वादों के साथ सत्ता में आई हेमंत सरकार ने जनता को सिर्फ छला है। वादाखिलाफियों का रिकॉर्ड बनाने वाली इस सरकार की विश्वसनीयता पर जनता सवाल उठा रही है। राज्य को वापस विकास के रास्ते पर लाने के लिए एनडीए सरकार जरूरी है। उक्त बातें नेहा महतो ने डुमरी विधानसभा अंतर्गत नावाडीह प्रखंड में एनडीए उम्मीदवार यशोदा देवी के पक्ष में आयोजित जनसंपर्क पदयात्रा कार्यक्रम के दौरान कही। इस मौके पर एनडीए के सैकड़ों कार्यकर्ताओं और हजारों लोगों की उपस्थिति रही। डुमरी की जनता का आशीर्वाद यशोदा देवी और एनडीए के साथ है। हमारा संकल्प डुमरी विधानसभावासियों की हर समस्या का समाधान करना है। यहां की जनता पिछली बार जो कमी रह गई थी उस कमी को दूर करने और एनडीए को जिताने के लिए कृतसंकल्पित है। जनता के भरोसे के अनुरूप एनडीए की सरकार कार्य करेगी। झारखंड आंदोलनकारी स्व दामोदर महतो ने इस क्षेत्र और क्षेत्रवासियों के विकास के लिए जो सपने संजोये थे उन्हें जनता के साथ और सहयोग से हम पूरा करेंगे। मौके पर यशोदा देवी ने कहा कि सरकार ने डुमरी के युवाओं को दो वक्त की रोटी कमाने के लिए पलायन करने को मजबूर कर दिया है। यहां के युवाओं को न रोजगार मिला और न ही बेहतर शिक्षा की व्यवस्था की गई। डुमरी विधानसभा का सर्वांगीण विकास हमारी प्राथमिकता है। हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार और अराजकता की स्थिति ने क्षेत्र के विकास को बाधित किया है। विकास में स्पीड ब्रेकर बनी जेएमएम की इस सरकार को जनता उखाड़ फेंकने को तैयार है।

## बरहरवा नगर पंचायत क्षेत्र में महागठबंधन की प्रत्याशी निसात आलम ने किया जनसंपर्क

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**साहिबगंज।** बरहरवा नगर पंचायत क्षेत्र में महागठबंधन के प्रत्याशी निसात आलम ने जनसंपर्क अभियान चलाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष मनोज घोष ने किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विधानसभा चुनाव को लेकर था। कार्यक्रम की शुरूआत बरहरवा नगर पंचायत के लब्दा से नया टोला होते हुए कोयरीपाड़ा दुर्गा मंदिर होते हुए गर्ल्स स्कूल रोड, सब्जी मंडी, स्टेशन चौक, रतनपुर, पतना चौक, तेलीपाड़ा से जोगी टोला, झाल दिग्घी, झिकटीया चौक से बिंदुधाम पथ होते हुए हरिजन पाड़ा, प्रोफेसर कॉलोनी में कार्यक्रम का समापन किया गया। जिसमें महागठबंधन प्रत्याशी निसात आलम ने नगर वासियों से जनसंपर्क कर पिछले महागठबंधन की सरकार में धरातल पर उतारे गए सभी योजनाओं को नगर वासियों के समक्ष रखते हुए 20 तारिख को होने वाले विधानसभा चुनाव में बैलेंस संख्या दो पर हाथ छाप छाप पर बटन दबाकर वह डालने की बात कही और भारी से भारी संख्या में वोट देकर जीताने की अपील की। मौके पर जिला अध्यक्ष बरकत खान, कमल आर्य, गुलाम रब्बानी, मो नसीरुद्दीन,मिठुन कुमार मंडल, निताय सरकार, नेहाल, लखींदर, दीपक कुमार, मानिक रविदास, मनीष गुप्ता, राजू देश के लिए सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण गण उपस्थित थे।

## भाजपा प्रत्याशी बिरंची नारायण ने चास प्रखंड में किया जनसम्पर्क



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी बिरंची नारायण ने चास प्रखंड के चौरा भांगाबाजार मधु टांड़ बगदेगा चाकुलिया मूर्ति टांड़ रामडीह चितामी भेद्राडीह जाला आमटांड़ काशी टांड सुनता घटियाली सोनाबाद बंधुडीह आमडीहा हरिडीह बांधगोरा आदि गांवों में जनसम्पर्क कर भाजपा के पक्ष में 20 नवंबर को मतदान करने का आग्रह किया। साथ ही आज होनेवाली योगी आदित्यनाथ की आयोजित सभा की जानकारी देते हुए लोगों से अधिक से अधिक संख्या में आने और उनका संबोधन सुनने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि वादा खिलाफी झूठे वादे व अत्याचार से लोगों में हेमंत सरकार के खिलाफ रोष है। बोकारो विधानसभा की जनता अपना मन बना चुकी है कि राज्य में फिर से भाजपा की सरकार आए और जनहित के काम पुनः शुरू हों। इस क्रम में उनके साथ भाजपा नेता कमलेश राय जिला परिषद के पूर्व अध्यक्ष मिहिर सिंह संजय त्यागी संजय पांडेय आदि मौजूद रहे।

---

## एक नजर में

### दुमका : श्री दादी श्याम मंदिर में धूमधाम से मनाया गया बाबा खाटू श्याम का जन्मोत्सव



दुमका। बाबा खाटू श्याम जन्मोत्सव मंगलवार को श्रीदादी श्याम मंदिर में धूमधाम से मनाया गया। जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में संध्या भजन का आयोजन किया गया। जहां खाटू श्याम के भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। देर रात केक काटकर खाटू श्याम का जन्म उत्सव मनाया। इस मौके पर भक्तों ने मंदिर परिसर में अखंड ज्योत, रंगीन गुब्बारों के साथ मोर पंख, मटकी, बांसुरी आदि से सजाया। गौरतलब हो कि हर साल कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को खाटू श्याम जी जन्मोत्सव मनाया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जो भी भक्त सच्चे मन से बाबा खाटू श्याम के दर्शन करने जाता है उसकी हर अधूरी मुराद पूरी हो जाती है। हर व्यक्ति को सभी दुख-दर्द से छुटकारा मिल जाता है। इस खास मौके पर खाटू श्याम मंदिर को बाबा के दरवार को रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया। मंदिर परिसर में एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। साथ ही विशेष भजन संदेशा खुशियों का लाया, जन्मदिन बाबा का आया, हैप्पी बर्थडे टू यू बाबा श्याम आदि भजनों से भक्तों को भाव विभोर कर दिया। इस कार्यक्रम में महिलाओं ने मंगल गीत गाए। भक्तों को चॉकलेट्स बांटी गई। अंत में बाबा की महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

### महाप्रबंधक कथारा ने रांची जा कर किया मतदान





बेरमो। बुधवार को झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में कांके विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान संपन्न हुआ। इस अवसर पर सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार ने अपने परिवार के साथ मतदान कर लोकतंत्र की इस प्रक्रिया में भाग लिया। उन्होंने अपनी पत्नी और बेटी के साथ रांची के कांके विधानसभा क्षेत्र में जाकर मतदान किया और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद संजय कुमार ने कथारा क्षेत्र के सभी कर्मचारियों को संदेश दिया कि मतदान हमारा सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्य है और 20 नवंबर को होने वाले दूसरे चरण के चुनाव में सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करें। कंपनी ने 20 नवंबर को मतदान के दिन सभी कार्यालयों में अवकाश की घोषणा की है, ताकि हर कर्मचारी को मतदान का अवसर मिल सके।

### दुमका : नकाबपोश अपराधियों ने बंदूक की नोक पर सीएसपी केंद्र से लूटे 50 हजार रुपये




दुमका। जिले के रानेश्वर प्रखंड के मोहलबोना पंचायत के कदमा गांव स्थित भारतीय स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केन्द्र से बुधवार दिनदहाड़े हथियार के बल पर 50 हजार रुपये छिनताई करने का मामला प्रकाश में आया है। ग्राहक सेवा केन्द्र संचालक कृष्ण कुमार मंडल के सहयोगी ने बताया कि सुबह साढ़े 10 बजे के करीब 3 नकाबपोश अपराधी हाथों में पिस्तौल (रिवाल्वर) लेकर ग्राहक सेवा केंद्र घुस गया। तीन अपराधी के पास 4 पिस्तौल था। बताया एक अपराधी 2 पिस्तौल लेकर ग्राहक सेवा केंद्र के गेट को घेर लिया एवं दो अपराधी पिस्तौल लेकर ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक के ऊपर तान रुपये निकालने को कहा। इस दरम्यिन केंद्र में 2 अन्य ग्राहक भी मौजूद थे। बताया यह भयावह दृश्य देख कर सभी डर से सहम गये। केंद्र संचालक ने रुपये देने से इनकार किया तो बदमाशों ने जबरन रखे हुए रुपये को निकाल लिया। बताया कि नकाबपोश अपराधियों ने लगभग 10 मिनट में घटना को अंजाम देकर निकल गये। बताया अपराधी बजाज डिस्कोवर बाइक में पहुंचे थे। रुपये छिनताई कर सभी अपराधी फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर रानेश्वर थाना प्रभारी बलराम कुमार सिंह केन्द्र पहुंचकर घटना जांच किया। समाचार लिखे जाने तक थाना प्रभारी ने बताया कि ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है। बताया कि मामले पर प्रथामिकी दर्ज कर मामले की अनुसंधान की जा रही है।

### बोकारो विधानसभा में बीएसएल कर्मचारी व ठेका श्रमिक सबसे बड़ा वोट बैंक



बोकारो। बोकारो विधानसभा में एक लाख से अधिक मतदाता प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रुप से बोकारो इस्पात संयंत्र से रोजगार के कारण जुड़े हुए है जिसमें बीएसएल अधिकारी नियमित कर्मचारी ठेका मजदुर ठेकेदार व्यापारी तथा अन्य समूह में शामिल मतदाता है। इसमे सबसे अधिक परेशान तथा मुद्दे वाले नियमित कर्मचारी तथा ठेका मजदूर है। पिछले कई दशक में कई विधायक सांसद बने लेकिन कोई भी सेल प्रबंधन पर दबाव डालने में सफल नहीं हुआ। बोकारो अधिशासी कर्मचारी संघ अध्यक्ष हरिओम ने कहा कि वोट हमारा तथा प्रतिनिधि मैनेजमेंट का नहीं चलेगा। सांसद व विधायक को संविधान प्रदत शक्तियां मिली होती है परंतु आश्चर्यजनक रुप से मैनेजमेंट पर कोई दवाब नहीं पड़ता है। उन्होंने बीएसएल के नियमित कर्मचारियों के प्रमुख मुद्दों को गिनाते हुए अन्य मुद्दे विस्थापित नियोजन मुद्दा डीपीएलआर में व्याप्त भ्रष्टाचार आश्रित नियोजन नीति बोकारो शहर में व्याप्त भारी अतिक्रमण बीएस सिटी में बिजली की समस्या शहर मे पानी की समस्या आवासो में अवैध कब्जा नगर में बढ़ती चोरी तथा लचर कानून व्यवस्था तथाकथित ग्लोबल एक्टिव सिटी में आवारा पशुओ का आतंक जन स्वास्थय से जूड़े विभागो की लापरवाही के कारण डेंगु मलेरिया मच्छरो का प्रकोप आदि समस्याओं के बारे में बताया।

### बरहेट विधानसभा सामान्य प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक ने किया इवीएम मॉक पोल कार्य का निरीक्षण



बरहेट। विधानसभा चुनाव के दौरान उपयोग होने वाले इवीएम-वीवीपैट मशीनों का विधानसभावार कमीशनिंग कार्य के उपरांत मॉक पोल का कार्य समाहरणालय स्थित ईवीएम वेयर हाउस में किया जा रहा है जिनका 03-बरहेट विधानसभा क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक मजीद खलील अहमद ड्राबु, व्यय प्रेक्षक अनादि ने संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। प्रेक्षको के द्वारा उपस्थित सभी पदाधिकारियों को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुरूप व गोपनीयता बनाए रखते हुए मॉक पोल का कार्य संपादित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के उपरांत सामान्य प्रेक्षक, एवं व्यय प्रेक्षक के द्वारा राज्य के पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाए जा रहे हैं रिसीविंग सेंटर एवं पुलिस लाईन मैदान में बनाए जा रहे डिस्पैच सेंटर का पूर्ण रूप से कार्यों का निरीक्षण किया। मौके पर डीडीसी सतीश चंद्रा, निवार्ची पदाधिकारी गौतम कुमार भगत, बोरियों निवार्ची पदाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार, राजमहल के निवार्ची पदाधिकारी कपिल कुमार उपस्थित थे।

# फिर गांव आगे, शहर पिछड़ा

झारखंड के 43 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले पहले चरण के लिए बुधवार 13 नवंबर को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक वोट डाले गये। पहले चरण में 17 सीट सामान्य, 20 अनुसूचित जनजाति और 5 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। इस चरण में 683 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। बचे हुए 38 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को मतदान होंगे। परिणाम 23 नवंबर को आयेंगे। झारखंड में शाम पांच बजे तक 64.86 प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान किया। चुनाव आयोग के अनुसार प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार 65 प्रतिशत से अधिक मतदान की खबर है, लेकिन देर शाम तक अंतिम रिपोर्ट आने के बाद मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी की संभावना हैं। बहरागोड़ा में सबसे अधिक अब तक 77 प्रतिशत मतदान की खबर है। वहीं राजधानी रांची में मतदाताओं की उदासीनता सामने आई जहां पीएम मोदी ने रोड शो भी किया था। यहां के तीन विधानसभाओं में 60 प्रतिशत से कम मतदान की सूचना है। सबसे अधिक मतदान खरसांवा विधानसभा क्षेत्र में 77.32 प्रतिशत होना एक सुखद संकेत है। सामान्य तौर पर शहरों में कम और ग्रामीण इलाकों में अधिक मतदान प्रतिशत का संकेत मिल रहें है। जहां भाजपा को शहरों में कम वोटिंग से नुकसान हो सकता है वहीं झामुमों-कांग्रेस के गठबंधन को ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक लाभ हो सकता है। प्रशासनिक तैयारी और चुनाव आयोग के सार्थक प्रयास से रांची जिले के तमाड़ के आरहंगा में आजादी के बाद पहली बार पोलिंग बूथ बना है। वहां लोगों ने पहली बार भयमुक्त होकर वोट किया। पहले ये इलाका नक्सल प्रभावित था। इस कारण इसको प्रशासन रिलोकेट कर देता था। नक्सलियों के डर से लोग दूर जाकर वोट देने नहीं जाते थे। नक्सलप्रभावित झारखंड में शांतिपूर्ण मतदान लोकतांत्रिक मूल्यों की जीत है।

## कार्टून वर्ल्ड






**मेष :** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। घर में शुभ समाचारों का संचार होगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यो का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-6-7-9

**वृष :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। बुजुर्गो का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति साथ रहेंगी। शुभांक-2-7-9

**मिथुन :** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। होश में रहकर कार्य करें। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। आत्मीय श्रेष्ठता बनेगी। शुभांक-3-7-8

**कर्क :** राजकीय कार्यो से लाभ। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। श्रम साध्य कार्यो में सफल होंगे। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-4-8-9

**सिंह :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। शुभांक-3-6-9

**कन्या :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बनेगी। शुभांक-4-5-9

**तुला :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार हैं। परिवारजनों का सहयोग बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-3-7-9

**वृश्चिक :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-7-8

**धनु :** आय के योग बनेंगे। संतान की उन्नति के योग हैं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। इच्छित कार्य सफल होंगें। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-3-6-9

**मकर :** अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। नये व्यावसायिक अनुबन्ध होंगे। 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी। मेहमानों का आगमन होगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ :** जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-1-3-7

**मीन :** लाभ में आशातीत वृद्धि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। विशिष्ट जनों से मुलाकात होगी। शुभांक-1-5-9

# कृषि में महिलाओं को सशक्त बनाती नमो ड्रोन दीदी योजना


**नमो** ड्रोन दीदी सटीक कृषि और संसाधन अनुकूलन में योगदान दे सकती है। भारत का कृषि क्षेत्र प्रौद्योगिकी-आधारित समाधानों के एकीकरण के साथ परिवर्तन के शिखर पर है। ड्रोन प्रौद्योगिकी पर ध्यान केंद्रित करने वाली नमो ड्रोन दीदी जैसी योजनाएँ सटीक कृषि और संसाधन अनुकूलन के माध्यम से खेती को आधुनिक बनाने की क्षमता प्रदान करती हैं, जो कृषि में प्रमुख चुनौतियों का समाधान करती हैं। ड्रोन उर्वरकों और कीटनाशकों के सटीक अनुप्रयोग को सक्षम करते हैं, अपव्यय को कम करते हैं और समान वितरण सुनिश्चित करते हैं। नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत ड्रोन रासायनिक उपयोग में 30% तक की कमी सुनिश्चित करते हैं। ड्रोन फसलों की वास्तविक समय की निगरानी की अनुमति देते हैं, फसल के स्वास्थ्य, मिट्टी की स्थिति और समय पर हस्तक्षेप के लिए प्रारंभिक रोग का पता लगाने पर डेटा प्रदान करते हैं। आंध्र प्रदेश में, ड्रोन ने कीटों के हमलों का समय पर पता लगाने के कारण फसल के नुकसान को 20% तक कम करने में मदद की। ड्रोन फसल के विकास पैटर्न, मिट्टी के स्वास्थ्य और उपज के अनुमान पर सटीक डेटा प्रदान करते हैं, जिससे खेत प्रबंधन और निर्णय लेने में सुधार होता है।

वैश्विक स्तर पर, ड्रोन तकनीक ने कृषि सहित कई उद्योगों में क्रांति ला दी है। भारत में, ड्रोन में अपार संभावनाएं हैं: वे बड़े क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर सकते हैं, फसलों की निगरानी कर सकते हैं, बीमारियों या कीटों का पहले से पता लगा सकते हैं और कीटनाशकों और उर्वरकों के सटीक उपयोग की सुविधा प्रदान कर सकते हैं। यह सटीक खेती का तरीका पारंपरिक खेती के तरीकों से जुड़ी लागत और बबार्दी को कम करते हुए फसल की पैदावार को बढ़ाता है।

हालांकि, भारतीय कृषि में ड्रोन को अपनाना धीमा रहा है। उच्च लागत, सीमित जागरूकता और ग्रामीण क्षेत्रों में अपर्याप्त तकनीकी बुनियादी ढांचे ने व्यापक कार्यान्वयन में बाधा उत्पन्न की है। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए, नमो ड्रोन दीदी योजना न केवल ड्रोन तकनीक को बढ़ावा देती है बल्कि ग्रामीण महिलाओं को सशक्त भी बनाती है।

महाराष्ट्र में तैनात ड्रोन ने किसानों को पैदावार का बेहतर अनुमान लगाने और





**- प्रियंका**

> उत्तर प्रदेश में, ड्रोन-सहायता प्राप्त खेती ने किसानों को मिट्टी की उर्वरता भिन्नताओं के आधार पर उर्वरकों को सटीक रूप से लागू करने में सक्षम बनाया, जिससे पोषक तत्वों के उपयोग की दक्षता में वृद्धि हुई। ड्रोन तकनीक में स्वचालन कीटनाशकों या उर्वरकों के छिड़काव जैसे कार्यों में मानवीय त्रुटि को कम करता है, जिससे अधिक प्रभावी संचालन होता है।

उत्पादकता बढ़ाने में सक्षम बनाया। ड्रोन पोषक तत्वों जैसे इनपुट के परिवर्तनीय दर अनुप्रयोग की अनुमति देते हैं, विशिष्ट क्षेत्र की जरूरतों के अनुसार समायोजन करते हैं, इनपुट दक्षता को अधिकतम करते हैं।

उत्तर प्रदेश में, ड्रोन-सहायता प्राप्त खेती ने किसानों को मिट्टी की उर्वरता भिन्नताओं के आधार पर उर्वरकों को सटीक रूप से लागू करने में सक्षम बनाया, जिससे पोषक तत्वों के उपयोग की दक्षता में वृद्धि हुई। ड्रोन तकनीक में स्वचालन कीटनाशकों या उर्वरकों के छिड़काव जैसे कार्यों में मानवीय त्रुटि को कम करता है, जिससे अधिक प्रभावी संचालन होता है। मध्य प्रदेश में एक पायलट परियोजना ने कीटनाशक छिड़काव में कम त्रुटियों को दिखाया, जिससे फसल की उपज में 15% सुधार हुआ। ड्रोन मिट्टी में नमी के स्तर का आकलन करने में मदद करते हैं, जिससे सटीक सिंचाई की सुविधा मिलती है, जिससे पानी का संरक्षण होता है और यह सुनिश्चित होता है कि केवल आवश्यक क्षेत्रों में ही पानी मिले।

ड्रोन-सहायता प्राप्त सिंचाई ने गुजरात के जल-दुर्लभ क्षेत्रों में पानी के उपयोग को 15% तक कम कर दिया। इनपुट लागत में कमीः उर्वरकों और कीटनाशकों जैसे इनपुट के सटीक उपयोग से, किसान लागत बचाते हैं, जिससे बेहतर संसाधन प्रबंधन में योगदान मिलता है। पंजाब में स्वयं सहायता समूह ने नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत ड्रोन का उपयोग करके इनपुट पर 20% लागत बचत की सूचना दी। ड्रोन कीटनाशकों और उर्वरकों के छिड़काव जैसे कार्यों में मैनुअल श्रम की आवश्यकता को कम करते हैं, जिससे किसानों को श्रम लागत में कटौती करने और परिचालन दक्षता में सुधार करने में मदद मिलती है। नमो ड्रोन दीदी के तहत ड्रोन सेवाओं को अपनाने के बाद हरियाणा के किसानों ने श्रम व्यय में 25% तक की कमी का अनुभव किया। ड्रोन तकनीक बड़े खेतों में छिड़काव और निगरानी जैसे कार्यों के लिए आवश्यक समय को काफी कम कर देती है, जिससे समग्र कृषि उत्पादकता में सुधार होता है।

राजस्थान में, ड्रोन की सहायता से कीटनाशक के छिड़काव ने संचालन में लगने वाले समय को 7 दिनों से घटाकर 2 दिन कर दिया, जिससे उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। ड्रोन सटीक कीट प्रबंधन में मदद करते हैं, कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग को कम करते हैं, जिससे दीर्घकालिक मिट्टी और पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य में सुधार होता है। तमिलनाडु के किसानों ने ड्रोन-सहायता प्राप्त कीट प्रबंधन प्रणालियों का उपयोग करके फसल की गुणवत्ता में 10% सुधार की सूचना दी। नमो ड्रोन दीदी योजना खेती को आधुनिक बनाने, सटीक कृषि को बढ़ाने और इष्टतम संसाधन उपयोग सुनिश्चित करने में प्रौद्योगिकी-आधारित कृषि की अपार क्षमता को प्रदर्शित करती है। उचित कार्यान्वयन और समर्थन के साथ, ऐसी पहल भारत के कृषि क्षेत्र को स्थिरता और बढ़ी हुई उत्पादकता की ओर ले जा सकती हैं।

हालाँकि भारत कृषि में ड्रोन को एकीकृत करने वाला पहला देश नहीं है, लेकिन तकनीक के माध्यम से महिलाओं को सशक्त बनाने पर इसका ध्यान अद्वितीय है। निरंतर सरकारी समर्थन, बेहतर बुनियादी ढाँचे और किसानों की बढ़ती जागरूकता के साथ, नमो ड्रोन दीदी योजना में खेती को आधुनिक बनाने, खाद्य सुरक्षा बढ़ाने और महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की क्षमता है।

इन चुनौतियों का समाधान करके, यह पहल लैंगिक समानता और ग्रामीण तकनीकी उन्नति को बढ़ावा देते हुए कृषि उत्पादकता को बढ़ावा देने की मांग करने वाले अन्य विकासशील देशों के लिए एक मॉडल के रूप में काम कर सकती है।

## लेटर टू एडिटर

### न्याय की तार्किकता

**सत्तारूढ़** बीजेपी सरकारों द्वारा गंभीर अपराधों, अनधिकृत कब्जों के खिलाफ पीला पंजा इस्तेमाल कर मकानों को गिराने की नीति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिशा-निर्देश जारी करने पर चर्चा करने वाला था। अपराध साबित होने से पहले किसी का मकान गिराना उसके पूरे परिवार से अन्याय है, अगर बाद में व्यक्ति बेकसूर साबित हो जाए तो इसकी क्षतिपूर्ति कौन करेगा। कई बार देखा गया है कि बुलडोजर की कार्रवाई समाज के एक वर्ग विशेष के लोगों के खिलाफ ही की जाती है। बुलडोजरी न्याय पर प्रतिबंध, जनहित में न्याय संगत तथा काबिलेतारीफ है।

**-अनिल कौशिक, रांची**

### गरिमापूर्ण जीवन

**सुप्रीम** कोर्ट का आदेश जेलों में जाति के आधार पर काम के बंटवारे में सुधार लाने के लिए ऐतिहासिक और स्वागतयोग्य है। यह अंग्रेजी शासन की बर्बरता को समाप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**-ईश्वर गर्ग, हजारीबाग**

## ट्वीट

**मैं** सभी सम्मानित मतदाताओं से अपील करता हूँ कि लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता दर्ज कराएं और अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। राज्य में ₹पढ़ाई, दवाई, न्याय और कमाई₹ की संकल्पना को साकार करने एवं प्रदेश को सशक्त-समृद्ध बनाने में आपका एक-एक वोट महत्वपूर्ण योगदान देगा।

**-सुदेश महतो, आजसू प्रमुख**

**झारखण्ड** के हर कोने में महागठबंधन पर उमड़ता भरोसा साफ झलक रहा है। यह भरोसा है हेमन्त जी की विकासशील सोच पर, महिलाओं को मिले मान-सम्मान पर और समाज के हर वर्ग के लिए किए गए जनकल्याणकारी प्रयासों पर। महागठबंधन पर यह विश्वास झारखण्ड की नई दिशा और समृद्धि की ओर बढ़ता कदम है। **-कल्पना सोरेन, विधायक**

# सार्क की चुनौतियों का समाधान कैसे कर सकता है भारत ?

**-डॉ. सत्यवान सौरभ**

## चुनाव 2024

**सार्क** के संस्थापक सदस्य के रूप में भारत ने क्षेत्रीय सहयोग के लिए लगातार पहल की है। हालांकि, भारत के प्रयासों के बावजूद, संगठन अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए संघर्ष कर रहा है, जिसके परिणामस्वरूप पिछले कुछ वर्षों में इसकी प्रभावशीलता सीमित रही है। भारत सार्क के भीतर आर्थिक सहयोग, संपर्क और क्षेत्रीय विकास को आगे बढ़ाने में केंद्रीय भूमिका निभाता रहा है। भारत दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र समझौते में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है, जिसका उद्देश्य अंतर-क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा देना था। भारत ने आतंकवाद और सीमा पार खतरों से निपटने के लिए सार्क के प्रयासों का नेतृत्व किया है, जिसमें कई सुरक्षा सहयोग पहलों का प्रस्ताव दिया गया है। भारत ने 1987 में आतंकवाद के दमन पर सार्क क्षेत्रीय सम्मेलन के निर्माण का नेतृत्व किया। हालांकि, इन प्रयासों के बावजूद, कई चुनौतियों के कारण सार्क की प्रभावशीलता सीमित बनी हुई है।

साफ्टा के बावजूद, अंतर-सार्क व्यापार 5% से कम बना हुआ है, जो खराब आर्थिक एकीकरण और सार्क की आर्थिक क्षमता को साकार करने में सीमित सफलता को दशार्ता है। आसियान के साथ भारत का व्यापार सार्क देशों के साथ उसके व्यापार से अधिक है, जो महत्वपूर्ण आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने में सार्क की विफलता को रेखांकित करता है। प्रमुख राजनीतिक मतभेदों, विशेष रूप से भारत और पाकिस्तान के बीच, ने शिखर-स्तरीय सहभागिताओं को बाधित किया है, जिससे निर्णय लेने की प्रक्रिया रुक गई है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण 2016 का सार्क शिखर सम्मेलन अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया था, जो राजनीतिक सामंजस्य के टूटने का संकेत था। सार्क की निर्णय लेने की प्रक्रिया में आम सहमति की आवश्यकता होती है, जिससे पहल धीमी हो गई है, क्योंकि सदस्य देशों के बीच असहमति अक्सर प्रगति को रोक देती है। पाकिस्तान की आपत्तियों के कारण सार्क मोटर वाहन समझौता लागू नहीं हो पाया है, जिससे क्षेत्रीय संपर्क प्रयास रुक गए हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे भू-राजनीतिक तनाव ने अक्सर सार्क की पहल को पटरी से उतार दिया है और इसकी समग्र प्रभावशीलता को सीमित कर दिया है। 2016 में उरी हमले के कारण भारत ने सार्क शिखर सम्मेलन का बहिष्कार किया, जिससे क्षेत्रीय सहयोग को और झटका लगा। सार्क सदस्यों, विशेष रूप से भारत और छोटी अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापक आर्थिक मतभेदों ने समान आर्थिक सहयोग हासिल करना चुनौतीपूर्ण बना दिया है। भारत का सकल घरेलू उत्पाद पाकिस्तान के सकल घरेलू उत्पाद से आठ गुना अधिक है, जिससे व्यापार वार्ता और अपेक्षाओं में असंतुलन पैदा होता है। राजनीतिक इच्छाशक्ति और क्षमता की कमी के कारण सार्क समझौतों को अक्सर कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण देरी का सामना करना पड़ता है। खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए सार्क खाद्य बैंक का कम उपयोग होने के कारण व्यावहारिक प्रभाव बहुत कम रहा है।

कई सार्क देश आर्थिक और रणनीतिक सहायता के लिए चीन जैसी बाहरी शक्तियों पर निर्भर हैं, जिससे सार्क का आंतरिक सहयोग कमजोर हुआ है। नेपाल और श्रीलंका की चीनी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं पर बढ़ती निर्भरता ने सार्क की क्षेत्रीय एकता को कमजोर किया है। सार्क के पास निर्णयों को लागू करने या अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत सुपरनैशनल निकाय का अभाव है, जिससे यह क्षेत्रीय नीतियों को लागू करने में अप्रभावी हो गया है। यूरोपीय संघ के विपरीत, सार्क के पास निर्णयों को लागू करने या विवादों को हल करने के लिए अधिकार रखने वाले संस्थान नहीं हैं।

भारत अलग-अलग सार्क सदस्यों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने, विश्वास और सहयोग को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर सकता है जिससे अधिक बहुपक्षीय सफलता मिल सकती है। कनेक्टिविटी और व्यापार पर बांग्लादेश के साथ भारत के हालिया प्रयासों ने सार्क की सीमित प्रगति के बावजूद द्विपक्षीय सहयोग में सुधार किया है। भारत सार्क की निर्णय लेने की प्रक्रिया में सुधार के प्रयासों का नेतृत्व कर सकता है, आम सहमति के बजाय बहुमत आधारित निर्णयों की वकालत कर सकता है, जो अक्सर प्रगति को रोकता है। भारत बिम्सटेक तंत्र के समान सुधारों का प्रस्ताव कर सकता है, जिसने क्षेत्रीय समझौतों में अधिक लचीलापन दिया है। भारत सार्क ढांचे के भीतर व्यापार सुविधा, संपर्क परियोजनाओं और निवेश को बढ़ाकर गहन आर्थिक एकीकरण के लिए प्रयास कर सकता है। बांग्लादेश, भूटान और नेपाल के साथ परिवहन संपर्क पर भारत की बीबीआईएन पहल पाकिस्तान की अनिच्छा को दरकिनार करती है और उप-क्षेत्रीय सहयोग की क्षमता को प्रदर्शित करती है। भारत सार्क देशों के बीच सामाजिक-सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए सांस्कृतिक कूटनीति, शैक्षिक आदान-प्रदान और पर्यटन का लाभ उठा सकता है। सदस्य देशों के छात्रों के लिए भारत की सार्क छात्रवृत्ति ने शैक्षणिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया है। भारत को बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में निवेश जारी रखना चाहिए जो पूरे क्षेत्र में संपर्क को बढ़ाते हैं।

# पुष्कर मेले में जीवंत होती है लोक संस्कृति

**रमेश सर्राफ धमोरा**

## संस्कृति

**राजस्थान** में त्यौहारों, पर्वो एवं मेलों की अनूठी परम्परा एवं संस्कृति है वैसी देश में अन्यत्र कहीं मिलना कठिन है। यहां का प्रत्येक मेला एवं त्यौहार लोक जीवन की किसी किवदन्ती या किसी ऐतिहासिक कथानक से जुड़ा हुआ है। इसलिए इनके आयोजन में सम्पूर्ण लोक जीवन पूरी सक्रियता से भाग लेता है। इन मेलों में राजस्थान की लोक संस्कृति जीवन्त हो उठती है। इन मेलों के अपने गीत हैं, जिनके प्रति जन साधारण की गहरी आस्था दृष्टिगोचर होती है। इससे लोग एकता के सूत्र में बंधे रहते हैं। राजस्थान में अधिकांश मेले, पर्व-त्यौहार के साथ जुड़े हुए हैं।

मेलों का महत्व देवताओं एवं देवियों की आराधना को लेकर भी है क्योंकि देर्वाचन से मानव को शान्ति प्राप्त होती है। वैसे तो राजस्थान के विभिन्न भागों में बहुत बड़ी संख्या में मेले आयोजित किए जाते हैं, परन्तु कुछ गिने-चुने मेलों का अपना ही महत्व होता है। यहां के धार्मिक मेलों में सम्बंधित धर्म अनुयायियों के अतिरिक्त अन्य धर्म के लोग एवं अन्य जाति के लोग भी खुलकर भाग लेते हैं।

अजमेर से लगभग 11 किमी दूर हिन्दुओं का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पुष्कर है। यहां पर कार्तिक पूर्णिमा को मेला लगता है, जिसमें बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक आते हैं। पुष्कर मेला कार्तिक शुक्ल एकादशी से पूर्णिमा तक लगता है। मेलों के रंग राजस्थान में देखते ही बनते हैं। ये मेले मरुस्थल के गांवों के कठोर जीवन में एक नवीन उत्साह भर देते हैं। लोग रंग-बिरंगे परिधानों में सज-धजकर जगह-जगह पर नृत्य गान आदि समारोहों में भाग लेते हैं। यहां पर काफी मात्रा में भीड़ देखने को मिलती है। लोग इस मेले को श्रद्धा, आस्था और विश्वास का प्रतीक मानते हैं। पुष्कर मेला थार मरुस्थल का एक लोकप्रिय व रंगों से भरा मेला है। पुष्कर झील भारतवर्ष में पवित्रतम स्थानों में से एक है। प्राचीनकाल से लोग यहां पर प्रतिवर्ष कार्तिक मास में एकत्रित हो भगवान ब्रह्मा की पूजा उपासना करते हैं।

पुष्कर मेले का एक रोचक अंग ऊंटों का क्रय-विक्रय है। निःस्संदेह अन्य पशुओं का भी व्यापार किया जाता है। परन्तु ऊंटों का व्यापार ही यहां का मुख्य आकर्षण होता है। मीलों दूर से ऊंट व्यापारी अपने पशुओं के साथ में पुष्कर आते हैं। सम्भवतः यह ऊंटों का संसार भर में सबसे बड़ा मेला होता है। कार्तिक के महीने में यहां लगने वाला ऊंट मेला दुनिया में अपनी तरह का अनूठा तो है ही साथ ही यह भारत के सबसे बड़े पशु मेलों में से भी एक है। मेले के समय पुष्कर में कई संस्कृतियों का मिलन देखने को मिलता है। एक तरफ तो मेला देखने के लिए विदेशी सैलानी बड़ी संख्या में पहुंचते हैं, तो दूसरी तरफ राजस्थान व आसपास के तमाम इलाकों से आदिवासी और ग्रामीण लोग अपने-अपने पशुओं के साथ मेले में शरीक होने आते हैं।

मेला रेत के विशाल मैदान में लगाया जाता है। ऊंट मेला और रेगिस्तान का नजदीकी रिश्ता है। इसलिए ऊंट तो हर तरफ देखने को मिलते ही हैं। लेकिन कालांतर में इसका स्वरूप एक विशाल पशु मेले का हो गया है। इसलिए लोग ऊंट के अलावा घोडे, हाथी, और बाकी मवेशी भी बेचने के लिए आते हैं। सैलानियों को इन पर सवारी का लुत्फ मिलता है।

मेला स्थल से परे पुष्कर नगरी का माहौल एक तीर्थनगरी सरीखा होता है। कार्तिक में स्नान का महत्व हिंदू मान्यताओं में वैसे भी काफी ज्यादा है। इसलिए यहां साधु भी बड़ी संख्या में नजर आते हैं। मेले के शुरूआती दिन जहां पशुओं की खरीद-फरोख्त पर जोर रहता है। वहीं, बाद के दिनों में पूर्णिमा पास आते-आते धार्मिक गतिविधियों का जोर हो जाता है। श्रद्धालुओं के सरोवर में स्नान करने का सिलसिला भी पूर्णिमा को अपने चरम पर होता है।

पुष्कर मेले के दौरान इस नगरी में आस्था और उल्लास का अनोखा संगम देखा जाता है। पुष्कर को इस क्षेत्र में तीर्थराज कहा जाता है और पुष्कर मेला राजस्थान का सबसे बड़ा मेला माना जाता है। पुष्कर मेले की प्रसिद्धि का अनुमान इस बात से ही लगाया जा सकता है कि ऐतिहासिक धरोहरों के रूप में ताजमहल का जो दर्जा विदेशी सैलानियों की नजर में है। ठीक वही महत्व त्यौहारों से जुडे पारम्परिक मेलों में पुष्कर मेले का है।

पुष्कर को इस क्षेत्र में तीर्थराज कहा जाता है। क्योंकि यहां समूचे ब्रह्मांड के रचयिता माने जाने वाले ब्रह्माजी का निवास है। पुष्कर के महत्व का वर्णन पद्मपुराण में मिलता है। इसके अनुसार एक समय ब्रह्माजी को यज्ञ करना था। उसके लिए उपयुक्त स्थान का चयन करने के लिए उन्होंने धरा पर अपने हाथ से एक कमल पुष्प गिराया। वह पुष्प अरावली पहाड़ियों के मध्य गिरा और लुढ़कते हुए दो स्थानों को स्पर्श करने के बाद तीसरे स्थान पर ठहर गया। जिन तीन स्थानों को पुष्प ने धरा को स्पर्श किया वहां जलधारा फूट पड़ी और पवित्र सरोवर बन गए। सरोवरों की रचना एक पुष्प से हुई इसलिए इन्हें पुष्कर कहा गया। प्रथम सरोवर कनिष्ठ पुष्कर, द्वितीय सरोवर मध्यम पुष्कर कहलाया। जहां पुष्प ने विराम लिया वहां एक सरोवर बना, जिसे ज्येष्ठ पुष्कर कहा गया। ज्येष्ठ पुष्कर ही आज पुष्कर के नाम से विख्यात है। पुष्कर में लगभग चार सौ मंदिर है। इसीलिए इसे मंदिर नगरी भी कहा जाता है।

कई आस्थावान लोग पुष्कर परिक्रमा भी करते हैं। सुबह और शाम के समय यहां आरती होती है।

वह दृश्य अत्यंत मनोहारी होता है। इतनी विशेषताओं के कारण पुष्कर को तीर्थराज कहने के अलावा देश का पांचवां धाम भी कहा जाता है। पुष्कर सरोवर में कार्तिक पूर्णिमा पर पर्व स्नान का बड़ा महत्व माना गया है। क्योंकि कार्तिक पूर्णिमा पर ही ब्रह्माजी का वैदिक यज्ञ संपन्न हुआ था। तब यहां सम्पूर्ण देवी-देवता एकत्र हुए थे। उस पावन अवसर पर पर्व स्नान की परम्परा सदियों से चली आ रही है। जिस प्रकार प्रयाग को तीर्थराज कहा जाता है उसी प्रकार से इस तीर्थ को पुष्करराज कहा जाता है।

## स्पीड न्यूज

### उज्जवला फाउंडेशन की बैठक



**कुजू।** 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर बुधवार को उज्जवला फाउंडेशन की बैठक बोंगाबार स्थित मोतीराम कॉम्पलेक्स में आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता फाउंडेशन अध्यक्ष जगेश्वर प्रजापति व संचालन आशा कुमारी ने किया। जगेश्वर प्रजापति ने फाउंडेशन सदस्यों को 20 नवंबर को चुनाव के दिन हरेक ग्रामीण जनता को अपने-अपने बूथ में जाकर मतदान करने के लिए जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के मतदाताओं का जागरूक होना बहुत जरूरी है। इसके लिए हमारे उज्ज्वला फाउंडेशन के द्वारा प्रत्येक दिन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिससे मतदान का प्रतिशत में वृद्धि होगी। क्योंकि वोट करना हम सभी का धर्म ओर अधिकार है। बैठक में सुखदेव सोनी, गंगा देवी, सुनीता देवी, गीता देवी, छोटन प्रजापति, वीणा देवी, मनसरी, अनिता, संगीता, शांति देवी सहित काफी संख्या में महिला कार्यकर्ता शामिल थे।

### प्रकाशोत्सव पर निकली प्रभातफेरी



**रामगढ़।** सिख धर्म के प्रवर्तक और सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव के प्रकाशोत्सव पर अंतिम दिन भी प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभातफेरी में बच्चे भी प्रभात फेरी में बढ़ चढ़ कर भाग ले रहे हैं। निसान साहब की अगवाई गुरजोत सिंह सैनी कर रहे थे। कहो नानक सभ तेरी वडयाई, कोई नाव न जाने तेरा, राजन के राजा महाराजन के राजार जैसे शब्दों से माहौल भक्तिमय हो रहा था। संगत की अगुवाई करते हुए आगे चल रहे थे। प्रभातफेरी गुरुद्वारा साहिब से निकलकर सुभाष चौक से होकर किला मंदिर लोहार टोला चट्टी बाजार झंडा चौक होते हुए गुरुद्वारा साहिब पहुंची। यहां खालसा क्रिकेट क्लब ने साध संगत का स्वागत किया। गुरुद्वारा साहिब में गुरु महाराज जी का प्रकाश हाल बनकर तैयार हो गया है। सवेरे 8:00 बजे से प्रकाश हाल में किया जाएगा प्रभातफेरी में रामगढ़ गुरुद्वारा के प्रधान परमदीप सिंह कालरा मीत प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, मीत प्रधान हैप्पी छाबड़ा,विंकल कालरा, जोगिंदर सिंह जग्गी, प्रीतम सिंह कालरा ,रघुवीर सिंह,,बलविंदर कौर सतविंदर कौर आदि शामिल हुए।

### कुजू में अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त



**कुजू।** पुलिस ने मंगलवार देर रात ओपी क्षेत्र के महुआटुंगरी जंगल के पास से अवैध स्टीम कोयला लोड 14 चक्का ट्रक को जब्त किया। वहीं अंधेरे का लाभ उठाकर कोयला चोर व चालक फरार होने में सफल रहे। बताया जाता है कि कुजू ओपी प्रभारी दिंगबर पांडेय को गुप्त सूचना मिली कि महुआटुंगरी जंगल के पास से अवैध रूप से ट्रक संख्या यूपी67एटी-3022 पर कोयला लोड किया जा रहा है। जब पुलिस जंगल पहुंची तो देखा कि ट्रक फंसा पड़ा है। साथ ही अंधेरे का लाभ उठाकर चालक व कोयला चोर फरार हो गये। इसके बाद उन्होंने त्ववरित कार्रवाई करते हुए ट्रक को जब्त किया।

### निशांत सिंह को पुलिस ने उठाया

**रामगढ़।** बड़कागांव विधानसभा चुनाव के दौरान समाजसेवी निशि पांडे के भाई निशांत सिंह को पतरातु पुलिस ने स्टिम कॉलोनी स्थित उनके आवास से उठा लिया। बुधवार की दोपहर जैसे ही यह खबर चर्चा में आई निशि पांडे ने कहा है कि उनके भाई को उठाने के पीछे विधायक अंबा प्रसाद और उनके पिता योगेंद्र साव की साज़िश है। उन्होंने कहा कि हार की डर से उन्होंने साजिश रची है। जनता इसका बदला लेगी। निशांत सिंह ने वोट भी नहीं डाला। एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने बताया कि चुनाव के दौरान बूथ पर अशांति फैलाने के संदेह पर निशि पांडे को नोटिस किया जा चुका है। लॉ एंड आर्डर को देखते हुए पुलिस

### कैमरे की नजर में मतदान की तस्वीरें



स्याही का निशान दिखाती 98 वर्षीय वृद्ध महिला।



भुरकुंडा : पहली बार वोटिंग की खुशी का इजहार।

# हजारीबाग जिले में 59.13 % मतदान

## हजारीबाग सदर में 57.65 बरकट्ठा में 59.1 और बरही में 61.1 प्रतिशत वोटिंग

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** विधानसभा चुनाव का पहले चरण का मतदान बुधवार को हजारीबाग सदर, बड़कागांव, बरही और बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गया। कहीं भी किसी तरह की घटना नहीं हुई है। इसके लिए जिला प्रशासन ने कड़ी व्यवस्था की थी। जिले में 59.13 प्रतिशत मतदान हुआ है। हजारीबाग सदर में 57.65 बरकट्ठा में 59.1 और बरही में 61.1 प्रतिशत मतदान हुआ है। मतदान के बाद प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद हो गया है। ईवीएम मशीनों को कड़ी सुरक्षा के बीच बाजार समिति बज्रगृह भेज दिया गया। 86 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो गया है। चारों विधानसभा क्षेत्रों के 15,50,731 मतदाता अपने पसंदीदा विधायक चुनेंगे। कुल 1812 मतदान केंद्र पर वोट पड़े। इसमें 18 से 19 वर्ष के 42578 नये मतदाता पहली बार वोट डाले। पहले चरण के मतदान में हजारीबाग सदर विधानसभा सीट के 486 मतदान केंद्रों पर 4,40,297 मतदाता वोट डाले गए। बरही विधानसभा सीट के 400 मतदान केंद्रों पर 3,35,339 मतदाता, बरकट्ठा विधानसभा सीट के 470 मतदान केंद्रों पर 3,79,023 मतदाता और बड़कागांव विधानसभा सीट के 456 मतदान केंद्रों पर 3,86,072 मतदाता मताधिकार का प्रयोग किया। सदर विधानसभा सीट में 23 उम्मीदवार, बड़कागांव विस क्षेत्र में 26, बरही में 17 और बरकट्ठा में 20 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। चुनाव कार्य को संपन्न कराने के लिए 7200 मतदान कर्मियों को लगाया था।

### दारु में जमकर पड़े वोट

दारु प्रखंड में बूथों पर सुबह से ही वोटरों की लंबी कतारें लगी रही। महिलाओं व युवाओं काफी उत्साह नजर आया। सदर विधानसभा क्षेत्र के रामदेव खैरिका, जिनगा, हरली, इरगा और दारु पंचायत के सभी बूथों पर शांतिपूर्वक मतदान हुआ। युवाओं के साथ साथ दिव्यांगों और वृद्धों ने भी मताधिकार का प्रयोग किया। दारु बक्शीडीह के बूथ संख्या 475 मे सुहानी सिन्हा, निखिल राज पहली बार मतदान कर काफी उत्साहित नजर आये। इसी बूथ पर दिव्यांग मनोहर दास, दीपक दास, पुतुल राम व्हील चेयर पर बैठकर मतदान करते नजर आये। एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद व थाना प्रभारी शफीक खान बूथों पर पेट्रोलिंग क रते नजर आये।



**बरही में प्रत्याशियों ने डाला वोट :** सभी प्रत्याशियों ने मतदान किया और जनता का आभार प्रकट किया। भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव ने कहा कि लोकतंत्र में हर एक वोट का महत्व होता है। उन्होंने आशा जताई कि जनता एक अच्छे नेतृत्व का चुनाव करेगी और बरही विधानसभा में विकास के नए आयाम जुड़ेंगे। कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने समर्थकों के साथ वोट डाला। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी उमाशंकर अकेला ने वोट डाला। निर्दलीय प्रत्याशी अविनाश आर्या चंद्रवंशी ने मतदान किया। इसके अलावा जेएलकेएम से कृष्णा कुमार यादव, नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के महेश ठाकुर, पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया के शिव कुमार राम, बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी संतोष रविदास और निर्दलीय प्रत्याशी अर्जुन प्रसाद केशरी, अविनाश कुमार, केदार प्रसाद यादव, दिलीप कुमार चंद्रवंशी, पुरुषोत्तम कुमार पांडेय, बद्री यादव, डॉ बालेश्वर राम, रामाशीष सिंह, बिरजू पासवान और मो. सेराज ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया और लोकतंत्र में आस्था व्यक्त की।



**बरही में शांतिपूर्वक हुआ मतदान :** बरही विधानसभा में 61.1 प्रतिशत मतदान हुआ। सुबह 9 बजे तक 15 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया था, जिसके बाद मतदाताओं की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी देखी गई। 11 बजे तक मतदान का प्रतिशत 31.60 तक पहुंच गया, और दोपहर 1 बजे तक यह बढ़कर 48.80 प्रतिशत हो गया। दोपहर बाद 3 बजे तक यह संख्या 59.30 प्रतिशत पर पहुंच गई और शाम 5 बजे तक 61.1 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। डीएसपी अजीत कुमार विमल और इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी आभाष कुमार ने सुरक्षा का मोर्चा संभाला और प्रत्येक बूथ पर स्थिति का जायजा लेते रहे। इसके अलावा निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ जोहन टुडू, सहायक निवार्ची पदाधिकारी जयपाल महतो और सीओ अमित किस्कू ने भी मतदान केंद्रों का दौरा कर चुनाव प्रक्रिया की निगरानी की।

उन्होंने विभिन्न बूथों पर जाकर मतदान के दौरान मतदाताओं और चुनावकर्मियों से बातचीत की और यह सुनिश्चित किया कि मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से चलती रहे। उनकी सतर्कता और दिशा-निदेर्शों के कारण चुनाव संपन्न होने तक किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई। बरही विधानसभा के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर मतदान में हिस्सा लेकर लोकतंत्र को मजबूत किया। चुनाव के सफल आयोजन पर प्रशासन ने भी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया और शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न होने पर संतोष जताया।

# बड़कागांव में 68.08 % वोटिंग

### भुरकुंडा में 50, भदानीनगर में 65 व बासल में 75 प्रतिशत मतदान



**रामगढ़/भुरकुंडा।** । बड़कागांव विधानसभा में बुधवार को शांतिपूर्ण माहौल में मतदान की प्रक्रिया संपन्न हुई। शाम पांच बजे तक 68.08 फीसदी मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया है। इस विधानसभा के 26 प्रत्याशियों की किस्मत ईवीएम में कैद हो गई है। डीसी चंदन कुमार ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि सभी 456 बूथों पर शांतिपूर्ण माहौल में 2 लाख 62 हजार 820 लोगों ने मतदान किया। किसी भी बूथ पर ना तो कोई व्यवधान आया और ना ही किसी ने मतदान की प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास किया। चुनाव के दौरान ना तो कोई प्राथमिक दर्ज हुई है और ना ही किसी व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले विधानसभा के मुकाबले इस विधानसभा चुनाव में 6 फीसदी अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। 2019 के विधानसभा चुनाव में 64 फीसदी मतदाताओं ने बड़कागांव विधानसभा में वोट डाला था।

**सबसे अधिक केरेडारी तो सबसे कम टंडवा प्रखंड में पड़ा वोट :** डीसी ने बताया कि अगर प्रखंड स्तर पर देखा जाए तो सबसे अधिक केरेडारी प्रखंड में 74.40 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाला। इसके बाद बड़कागांव प्रखंड में 72 प्रतिशत, पतरातू प्रखंड में 63.81 प्रतिशत और टंडवा प्रखंड में 57.38 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले हैं। डीसी ने बताया कि मतदान क्या प्रतिशत बढ़ाने के पीछे की वजह वोटर अवेयरनेस प्रोग्राम, स्थानीय मुद्दे और क्षेत्र में बनाई गई शांति व्यवस्था रही है।

**कछ स्थानों पर हल्की पुल्की हुई झड़प :** कुछ बूथों पर एनडीए और महागठबंधन समर्थकों के बीच हल्की पुल्की झड़प हुई। वहीं, पूर्व विधायक योगेन्द्र साव जब एक बूथ पर अपने वाहन में पार्टी का झंडा लेकर पहुंचे तब प्रशासन की ओर से झंडे को उतरवाया गया।

**लोगों में दिखा उत्साह :** बडकागांव विधानसभा क्षेत्र में मतदान को लेकर लोगों में उत्साह नजर आया। लोग मतदान के लिए सुबह से ही कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करने लगे। कई लोगों ने अपने परिवार के बुजुर्गों को बूथो पर लेजाकर मतदान करवाया। मतदान को लेकर बुजुर्ग खुश दिखे।

**बनाये गये थे 456 बूथ :** बड़कागांव विधानसभा चुनाव संपन्न करवाने के लिए कुल 456 बूथ बनाये गये थे। साथ ही 456 पोलिंग पार्टियों को मतदान संपन्न करवाने के लिए लगाया गया था।

भुरकुंडा के ग्रामीण क्षेत्रों में 50 से 75 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मतो का प्रयोग किया। सुबह से कोयलांचल क्षेत्र में जहां मतदान का प्रतिशत धीमी रहा वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं की काफी भीड़ वोट देने के लिए मतदान केंद्रों में उमड़ी रही। दिन चढ़ते ही धीरे-धीरे मतदान का प्रतिशत बढ़ता गया। भुरकुंडा कोयलांचल में 50 प्रतिशत, भदानीनगर क्षेत्र में 65 प्रतिशत और बासल क्षेत्र में 75 प्रतिशत मतदान हुआ। मतदान को लेकर जहां शहरी क्षेत्रों में मतदाताओं को मत देने के प्रति उदासीनता देखी गई। वहीं ग्रामीण क्षेत्रो में लोगों ने बढ़कर लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लिया। इधर विधानसभा चुनाव में पहली मतदान करने वाले युवक-युवतियों में खासा उत्साह देखा गया। विद्यालय के बच्चों ने दिव्यांग और बुजुर्गा महिला-पुरूष मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने में पुरा सहयोग किया। मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में जिला और पुलिस-प्रशासन पुरी तरह मुस्तैद नजर आई। कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना या झड़प की सुचना नहीं मिली। चुनाव आयोग के सख्त निर्देश के कारण सुरक्षाकर्मियों ने मतदाताओं को मतदान केंद्र में वोट देने जाने से पहले मोबाइल ले जाने से मना कर दिया। मतदान को लेकर सुबह से ही लोगों में काफी उत्साह देखा गया। इस दौरान मतदाता मतदान के निर्धारित समय सुबह सात बजे से ही बूथ पर पहुंचकर कतार में खड़े दिखें। यह सिलसिला शाम पांच बजे तक चलता रहा। विधानसभा चुनाव में पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करने वाले युवक-युवतियों और किन्नरों में खासा उत्साह दिखा।

**महिला वोटरों में खासा उत्साह :** बड़कागांव विधानसभा चुनाव में भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में महिला वोटरों का मतदान के प्रति खासा उत्साह देखने को मिला। सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक कतारवद्ध खड़ा होकर महिला व युवतियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान महिलाओं ने पहले मतदान फिर जलपान का नारा बुलंद करते हुए मतदान के लिए औरों को भी प्रेरित किया।

**पहली बार वोट करने वाले युवक-युवतियों में खुशी :** भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में पहली बार वोट करने वाले युवक-यवितयों ने मतदान के बाद खुशी का इजहार किया। वोट करने के बाद अपने उंगली पर लगे स्याही का निशान दिखाते हुए कहा कि माता-पिता व बड़े-बुजुर्गों को वोट करने जाते देखते थें तो सोचते थें कि हम कब वोट करेंगे। 18 आयु वर्ष पुरा होने के बाद जब इस वर्ष बड़कागांव विधानसभा चुनाव हमें भी मतदान करने का अधिकार मिला तो लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेकर हमें काफी गर्व की अनुभुति हुई। बड़कागांव विधानसभा चुनाव में भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रो में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने और दिव्यांग असहाय और बुर्जुर्गों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने में स्कूली बच्चों ने काफी मदद की। बच्चों के इस कार्य की चहुंओर खूब प्रशंसा हो रही है। बच्चों ने व्हीलचेयर के माध्यम से क्षेत्र के दर्जनों महिला-पुरूष दिव्यांगों को मतदान केंद्र तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।



## 11 ट्रांसजेंडर मतदाताओं ने किया मतदान

बड़कागांव में 11 ट्रांसजेंडर मतदाताओं ने बुधवार को मतदान केंद्र पर पहुंचे और लोकतंत्र के इस उत्सव में भाग लिया। ट्रांसजेंडर ने इस दौरान अपनी सेल्फी भी सोशल मीडिया पर शेयर की है। उन्होंने कहा कि सरकार ने उन्हें देश का नागरिक होने का गौरव दिया है। आज वह भी अपने पसंद के उम्मीदवार का चुनाव कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि आज उन्हें समाज की कई कुरीतियों का सामना करना पड़ता है, लेकिन उनका भविष्य भी स्वर्णिम हो सकता है।

## 26 उम्मीदवारों की किस्मत इवीएम में कैद

**बड़कागांव** विधानसभा चुनाव में अपने भाग्य को आजमाने वाले 26 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में कैद हो चुकी है। इनमें एनडीए के भाजपा प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी, इंडिया गठबंधन की कांग्रेसी प्रत्याशी अम्बा प्रसाद, बसपा के कामेश्वर कुमार दास, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया के अनिरुद्ध कुमार, सपा के गोविंद बेदिया, भारतीय आजाद सेना के प्रकाश सोनी, लोकहित अधिकार पार्टी के फुलेश्वर महतो, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के बालेश्वर कुमार, राष्ट्रीय लोक दल के बिट्टू कुमार सिंह, झापा के मुख्तार अंसारी, अखिल भारतीय आरक्षित समाज पार्टी के रंजन सोनी, राष्ट्रीय समानता दल के विकास कुमार, एआईएमआईएम के मो. शमीम मियां, झारखंड मुक्ति मोर्चा उलगुलान के सोहर महतो, आजाद अधिकार सेना के मो. हसन वहीं निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में मो. गयासुद्दीन अंसारी, जगतार सिंह, झमन प्रसाद, झरी मुंडा, दुर्गा चरण प्रसाद, प्रभु उरांव, भोलानाथ प्रसाद, राजकिशोर चौधरी, लालदेव मुंडा, सुनील कुमार बेदिया, सुंदरनाथ बेदिया शामिल हैं। इन प्रत्याशियों के भाग्य फैसला 23 नवंबर को होगा।



स्पीड न्यूज

### चतरा विधानसभा के एक बूथ पर ग्रामीणों ने वोट का बहिष्कार किया



**चतरा।** चतरा विधानसभा के अंतर्गत प्रतापपुर थाना क्षेत्र के नवरतनपुर बूथ संख्या 201 पर ग्रामीणों ने 13 नवंबर 2024 को मतदान के दिन ही वोट का बहिष्कार कर दिया है। ग्रामीण गांव के रंजीत यादव की हत्या के मामले में अब तक कार्रवाई नहीं होने से आक्रोशित थे और कार्रवाई की मांग करते हुए वोट का बहिष्कार किया है। एसडीपीओ संदीप सुमन दलबल के साथ पहुंच कर आक्रोशित ग्रामीणों को मनाने में लगे हैं, लेकिन खबर लिखे जाने तक ग्रामीण एक भी मतदान नहीं किए है। चतरा विधानसभा क्षेत्र में कुल 894 मतदान केंद्र हैं और जिले के 8,05,145 मतदाता मतदान करेंगे। चतरा और सिमरिया दोनों क्षेत्रों से 11-11 उम्मीदवार मैदान में हैं।

### चतरा के उपायुक्त ने अपनी पत्नी के साथ मतदान किया



**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप ने अपनी पत्नी के साथ चतरा विधानसभा के सुरही मतदान केंद्र पहुँचकर मतदान किया। उन्होंने आम मतदाताओं से भी मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है और वोट डालकर वह खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिले के मतदाताओं में भी चुनाव को लेकर भारी उत्साह है और संविधान के अनुसार देश के सभी नागरिकों को चुनाव में मतदान कर अपनी मर्जी की सरकार चुनने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान जरूरी है। वोट डालने का मौका 5 साल में एक बार मिलता है। इस अवसर को हमें खोना नहीं चाहिए।

### डीसी और एसपी ने मतदान का निरीक्षण किया



**गिद्धौर।** प्रखंड में संचालित प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय में बुधवार को मतदान का निरीक्षण करने जिला उपायुक्त रमेश घोलप और जिला पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय पहुंचे। उन्होंने बूथ संख्या 172 और 173 का निरीक्षण किया और शांतिपूर्ण तरीके से हो रहे मतदान को देखकर संतुष्टि व्यक्त की।

### आदर्श मतदान केंद्र रहा आकर्षण का केंद्र



**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव को लेकर वोटरों को जागरूक करने के उद्देश्य को लेकर बनाये गए 9 आदर्श मतदान केंद्र वोटरों के बीच आकर्षण का केंद्र बना। ग्रामीण परिवेश, प्लास्टिक मुक्त थीम समेत अन्य थीमों पर बनाये गए इन मतदान केंद्रों में मतदान के प्रति लोगों में गजब का उत्साह देखा गया। वोट करने आये युवा, महिला और पुरुष मतदाता वोट करने के उपरांत सेल्फी लिया। वहीं राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय में ग्रामीण थीम पर बनाये गए मतदाता चौक, किसान खेतीबाड़ी, कुंआ, वेटिंग एरिया लोगों के बीच सर्वाधिक आकर्षण का केंद्र बना रहा।

# सरकार बनाने को वोटर थे उत्साहित

## पांच बजे तक सिमरिया में 63.69 प्रतिशत और चतरा में 61.16 प्रतिशत हुआ मतदान



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा/सिमरिया।** सिमरिया और चतरा विधानसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। मतदान को लेकर वोटरों में काफी उत्साह देखा गया और मतदान की समय सीमा शुरू होने से पहले ही वोटरों की कतार केंद्रों पर लगनी शुरू हो गई थी। निर्धारित समय सुबह 7:00 बजे से मतदान शुरू हुआ और भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच वोटरों ने अपने मतों का प्रयोग किया। पांच बजे तक सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में 65.65 प्रतिशत और चतरा विधानसभा क्षेत्र में 61.16 प्रतिशत वोट डाले गए, और वोट प्रतिशत में वृद्धि होने की संभावना है क्योंकि पांच बजे तक कतार में खड़े मतदाताओं को भी वोट देने दिया जाएगा।सिमरिया और चतरा विधानसभा क्षेत्र के सभी 894 मतदान केंद्रों पर निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए वेब कास्टिंग के माध्यम से कड़ी नजर रखी जा रही थी।मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए लोकतंत्र के पर्व में बढ़-चढ़कर भाग लिया और बूथों में मतदान घंटों खड़े रहे दिनभर राजनीतिक कार्यकर्ताओं की गाड़ियां दौड़ती रहीं और एक-एक बूथ का सूचना प्राप्त करते रहे। इधर प्रशासनिक अधिकारी दिन भर सक्रिय रहे और प्रत्येक बूथ पर कड़ी नजर रखी गई। मतदान केंद्र पर जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, मतदान का प्रतिशत बढ़ता गया।

**मतदाता सूची में नाम न होने के कारण कई मतदाता वंचित :** जिले में विधानसभा चुनाव के दौरान कई मतदाता मतदान से वंचित रह गए। जिले के गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के सिद्धवारी खुर्द गांव के मतदान केंद्र संख्या 168 पर मतदाता मोहम्मद इसाफुल वोट डालने पहुँचा, लेकिन पहचान पत्र और आधार कार्ड दिखाने के बावजूद भी उसका नाम मतदाता सूची में नहीं था, जिसके कारण वह मतदान करने से वंचित रह गया।

## मतदान केंद्रों में भारी सुरक्षा व्यवस्था

## 62.15 प्रतिशत लोगों ने दिया वोट

### लोकतंत्र की मजबूती के लिए घरों से निकले लोग, जमकर किया मतदान

उमा शंकर

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव को लेकर बुधवार को क्षेत्र के 429 मतदान केंद्रों में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ओवरआल 62.15 प्रतिशत मतदान हो पाया। हालांकि यह आंकड़ा शाम 5 बजे तक का है, जबकि कुछ मतदान केंद्रों में वोटरों की कतार देखी गयी, इससे अनुमान है कि वोट प्रतिशत की संख्या में बढ़ोतरी सम्भव है। मतदान शुरू होने से पहले सभी केंद्रों पर मॉक पोल कराया गया, हालांकि कुछ बूथों पर मॉक पोल के समय ईवीएम में तकनीकी खराबी की सूचना मिलने के बाद अविलंब उसे दुरुस्त किया गया और मतदान निर्धारित समय पर शुरू हुआ, मतदान को लेकर लगभग सभी केंद्रों में सुबह से भीड़ देखी गयी, लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करने को लेकर बड़ी संख्या में लोग घरों से निकले और वोट का चोट कर लोकतंत्र के इस महापर्व का गवाह बने।







# नये मतदाताओं में दिखा गजब का उत्साह, मुस्कान



प्रखंड के विभिन्न बूथों पर नए मतदाताओं में मतदान को लेकर उत्साह देखा गया। वे पहली बार मतदान करने जा रहे थे और उनके चेहरे पर खुशी थी। सुबह से ही वे कतार में खड़े थे और अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। छात्रों ने कहा कि वे मतदान करने के लिए उत्साहित थे और मतदाता बनने का एहसास उन्हें गौरवान्वित कर रहा था। छात्राओं ने कहा कि मतदान में हिस्सा लेना चाहिए और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। आदिम जनजातियों ने किया खुलकर मतदान : आदिम जनजाति के मतदाताओं ने भी खुलकर मतदान किया। मतदाता बुद्ध बिरहोर ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार और कर्तव्य है। प्रखंड के विभिन्न बूथों पर बुजुर्गों और निशक्तों ने भी उत्साहपूर्वक मतदान किया।

### दिव्यांग मतदाता को व्हील चेयर के माध्यम से मतदान करवाया



सिमरिया थाना प्रभारी मानव मयंक ने मतदान के दौरान जबड़ा बूथ संख्या 47 में दिव्यांग मतदाता को बूथ पर व्हील चेयर के माध्यम से ले जाकर मतदान करवाया वहीं थाना क्षेत्र में शांति पूर्ण तरीके से मतदान संपन्न कराने को लेकर मुस्तैद दिखे।

### जैसे-जैसे समय बीतता गया, वोट प्रतिशत का रफ्तार भी बढ़ी



विधानसभा चुनाव को लेकर सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हो गया, केंद्रों में वोटरों का हुजूम उमड़ पड़ा, हालांकि 9 बजे सुबह के बाद कुछ केंद्रों में अपेक्षाकृत कम भीड़ देखी गयी, हालांकि सुबह के 10 बजे के बाद पुनः मतदाताओं की भीड़ केंद्रों पर उमड़ पड़ी, जो मतदान सम्पन्न होने तक जारी रहा। इन सबके के बीच जैसे-जैसे समय बीतता गया वैसे-वैसे मतदान प्रतिशत का ग्राफ बढ़ता गया। बताते चलें कि सुबह के 9 बजे तक ओवरऑल 14.97 प्रतिशत मतदान हुआ, तो 11 बजे तक 31.01 प्रतिशत। वहीं दोपहर के एक बजे तक मतदान प्रतिशत बढ़ कर 47.33 प्रतिशत और 3 बजे तक 58.13 प्रतिशत तथा शाम के 5 बजे तक ओवरऑल 62 प्रतिशत मतदान हुआ। हालांकि कुछ केंद्रों में मतदाताओं की संख्या देखी गयी, ऐसे में उम्मीद है कि मतदान प्रतिशत में कुछ वृद्धि हो सकती है।

### उपायुक्त व एसपी ने किया मतदान





लोकतंत्र के इस महापर्व में हर आम और खास गवाह बने। वहीं परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में बने मतदान केंद्र संख्या 170 में उपायुक्त मेघा भारद्वाज एवं एसपी अनुदीप सिंह ने अपना मतदान किया और सेल्फी लेकर आमजनों को वोट करने के लिए प्रेरित किया। वहीं उपायुक्त व एसपी ने जिलेवासियों को अपने-अपने घरों से निकल कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में वोट करने और लोकतंत्र के इस महापर्व में सहभागी बनने की अपील किया।

## अन्नपूर्णा, भाजपा प्रत्याशी डॉ.नीरा यादव समेत कई दिग्गजों ने किया मतदान





लोकतंत्र के इस महापर्व में कोडरमा सांसद सह केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास मंत्रालय अन्नपूर्णा देवी ने करियाबर स्थित मतदान संख्या 196 में अपने पुत्र मयंक कुमार के साथ मतदान किया, तो वहीं भाजपा प्रत्याशी डॉ.नीरा यादव ने अपने परिजनों के साथ मध्य विद्यालय झरीटांड़ मतदान केंद्र संख्या 239 में मतदान किया। वहीं राजद प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव ने मतदान केंद्र संख्या 128 में मतदान किया, तो वहीं निर्दलीय प्रत्याशी शालिनी गुप्ता ने नवलशाही स्थित मतदान केंद्र में अपने परिजनों के साथ मतदान किया।

### उपायुक्त ने लिया जायजा



जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मतदान प्रक्रिया की जानकारी ली और अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

### कंट्रोल रूम से रखी जा रही थी निगरानी



जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, भयमुक्त और त्रुटिरहित मतदान सम्पन्न करवाने को लेकर जिला स्तर पर बनाये गए कंट्रोल रूम से पूरे मतदान प्रक्रिया पर निगरानी रखी जा रही थी।

# दिव्यांग और वृद्धजनों में दिखा उत्साह





लोकतंत्र के इस महापर्व में आमजनों के अलावे दिव्यांग और वृद्धजनों में भी गजब का उत्साह देखा गया। अपनी शारिरिक अवस्था को अनदेखा कर बुजुर्गों और दिव्यांगों ने चुनावी महापर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और वोट देकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई। बताते चलें कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के निर्देश पर सभी मतदान केंद्रों पर दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई थी, जहां वोलेंटियर्स बीएलओ के द्वारा दिव्यांगजनों और वृद्ध मतदाताओं को व्हीलचेयर के माध्यम से बूथों तक पहुंचाया गया और मतदान करने में सहयोग किया गया।

### मतदान के प्रति युवाओं में दिखा जुनून



मतदान में हर वर्ग के लोगों में गजब का उत्साह देखा गया, खास कर पहली बार वोट दे रहे युवाओं में गजब का जुनून देखा गया। वहीं राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय स्थित मतदान केंद्र और आदर्श मध्य विद्यालय केंद्र में पहली बार मतदान करने आये युवक, युवतियों ने कहा कि पहली बार लोकतंत्र के इस महापर्व का हिस्सा बनने का मौका मिला है, वोट देकर काफी खुश हैं। आगे कहा कि कोडरमा में सर्वांगीण विकास, युवाओं को नौकरी, शांति, विकसित कोडरमा के लिए उन्होंने अपना वोट दिया है।

### नये मतदाताओं ने किया अपने मत का प्रयोग



**चंदवारा (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत विधानसभा चुनाव में 70 प्रतिशत से ऊपर मत पड़े। वहीं मतदान को लेकर जिला निर्वाचन द्वारा सभी बूथों पर सुरक्षा के पुख्ते इंतजाम किये गये थे एवं सुबह 7 बजे से मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतार लगी रही। सभी मतदाता अपने घर से निकल बूथों पर पहुंचकर अपने-अपने मत का प्रयोग किया। वहीं कुछ नए मतदाताओं जो पहली बा,र मत का प्रयोग किया वैसे मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया।

# शांतिपूर्ण चुनाव पर निर्दलीय प्रत्याशी ने मतदाता एवं मतदान कर्मियों के प्रति जताया आभार

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी शालिनी गुप्ता ने बुधवार को मतदान के उपरांत विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान की प्रक्रिया का जायजा लिया। मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के बाद उन्होंने कहा कि जिस प्रकार देवतुल्य मतदाताओं ने जागरूक होकर लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लिया। निश्चित रूप से उनकी यह भागीदारी क्षेत्र में विकास की नई गाथा लिखेगी। उन्होंने मतदान कार्य में लगे मतदान कर्मी, सुरक्षा में लगे जवान एवं जिला प्रशासन की पूरी टीम के प्रति जिले में शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने पर आभार प्रकट किया। क्षेत्र के रुझान के आधार पर उन्होंने चुनाव में बड़े अंतर से जीत का दावा किया है।



## राजद प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव ने किया मतदान



**कोडरमा।** राजद प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव ने डीवीसी क्रिएशन क्लब के मतदान केंद्र संख्या 128 में अपना मतदान किया। मतदान के पश्चात् श्री यादव ने कहा की लोकतंत्र में मतदान के जरिये जनता मालिक हक हकूक के लिए जनप्रतिनिधि चुनते है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने हर भारतवासियों के मत का अधिकार दिया है। अमीर-गरीब, स्त्री-पुरुष सबों की वोट की मायने समान है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बचाने, सामाजिक-आर्थिक न्याय को सुनिश्चित कराने और कोडरमा में आमूल चूल परिवर्तन के लिए वोट किया। उन्होंने राजद कार्यकर्ताओं, समर्थकों और जनता मालिकों से मिल आशीष, स्नेह और सहयोग के प्रति आभार जताया। वहीं उन्होंने कहा कि कोडरमा में जनता ने भाजपा को नकार दिया है, वहीं तरक्की और बदलाव के लिए राष्ट्रीय जनता दल को भरपूर सहयोग किया है। उन्होंने शांतिपूर्ण मतदान के लिए जिला प्रशासन का आभार जताया। उन्होंने कहा की कोडरमा में राजद की जीत सुनिश्चित है।

एक नजर में

## इटखोरी में मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक किया मतदान



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** प्रखंड के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर सुबह सात बजे से ही मतदाताओं ने कतारबद्ध होकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे और दिव्यांग एवं वृद्ध मतदाताओं के लिए विशेष सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई थीं। बीडीओ सह निर्वाची पदाधिकारी सोमनाथ बँकिरा, प्रखंड कोडिनेटर प्रमोद कुमार, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह समेत पुलिस पदाधिकारी और चुनाव प्रभारी प्रखंड के बूथों पर घूम-घूम कर विधि व्यवस्था का जायजा लेते रहे। मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई और मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

## चतरा में मतदान का बहिष्कार





खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** चतरा विधानसभा क्षेत्र के प्रतापपुर प्रखंड के नवरतनपुर के बूथ संख्या 201 पर मतदाताओं ने इस बार वोट बहिष्कार किया है। जिला प्रशासन और प्रखंड प्रशासन के लाख प्रयास के बावजूद शाम 4:00 बजे तक एक भी मतदाता यहां मतदान करने के लिए नहीं पहुंचा। यहां वोट बहिष्कार की चेतावनी ग्रामीणों ने पूर्व में ही दी थी। निर्धारित अवधि तक कोई कार्रवाई नहीं होने के बाद आज मतदान के लिए कोई भी मतदाता बूथ तक नहीं पहुंचे। अहले सुबह ही मतदान कर्मी यहां पहुंच गए थे। सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। शाम 4:00 बजे तक मतदाताओं की राह मतदान कर्मी देखते रहे लेकिन कोई भी यहां वोट देने के लिए नहीं पहुंचा। बताया जा रहा है कि हाल के दिनों में गांव के एक युवक रंजीत यादव की हत्या हो गई थी। हत्यारों की गिरफ्तारी और परिजनों को इंसाफ की मांग को लेकर लोगों ने आंदोलन किया था। प्रखंड और जिला प्रशासन की ओर से उन्हें कई आश्वासन मिले लेकिन अब तक हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होने के कारण गांव वालों ने वोट बहिष्कार कर दिया। सूचना मिलने के बाद प्रतापपुर बीडीओ अभिषेक पांडे, सीओ विनोद टुडु, थाना प्रभारी कासिम अंसारी सहित अन्य यहां पहुंचे और ग्रामीणों को काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण इनकी बातों को अनसुना कर दिया। बूथ संख्या 201 पर 913 मतदाता हैं।

## नक्सलियों के गढ़ में मतदाताओं ने निर्भीक होकर शांतिपूर्ण किया मतदान



खबर मन्त्र संवाददाता

**कुंदा (चतरा)।** विधानसभा चुनाव के पहले चरण में मतदाताओं ने निर्भीक होकर शांतिपूर्ण मतदान किया। मतदान को लेकर महिला, बुजुर्ग, युवा सभी उत्साहित थे। अतिसुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी खुलकर मतदान हुआ। महिलाओं ने अपने सभी कार्यों को छोड़कर पहले मतदान किया। दिव्यांगजनों के लिए मतदान केंद्र तक ले जाने के लिए व्हील चेयर की व्यवस्था की गई थी। सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जहां कभी माओवादियों और उग्रवादियों का फरमान चलता था, वहाँ भी मतदान हुआ। प्रखंड पदाधिकारियों और कर्मियों द्वारा चलाए गए लगातार मतदाता जागरूकता अभियान का प्रतिफल है कि 65.58 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। लोटवा और सोहरलाट गाँव पर मतदान को लेकर प्रशासन के लोग विशेष नजर बनाए हुए थे, जहाँ मतदाताओं ने वोट को अपनी ताकत समझते हुए खुलकर मतदान किया।

## चतरा विधानसभा चुनाव में महिला मतदाताओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**हंटरगंज।** चतरा विधानसभा चुनाव में महिला मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान केंद्रों पर महिलाओं की अलग-अलग कतारें लगी हुई थीं। महिला मतदाताओं का कहना था कि पांच साल बाद मिलने वाले इस मौके का सदुपयोग कर वे अपने पसंदीदा उम्मीदवार को वोट दे रही हैं।

औरू पंचायत के उत्क्रमित उच्च विद्यालय औरू, गेरुआ पंचायत के बूथ उत्क्रमित मध्य विद्यालय बड़हीबिगहा मतदान केंद्र पर कतार में लगी महिला मतदाताओं ने कहा कि लोकतंत्र में मताधिकार का प्रयोग जरूरी है। युवा मतदाताओं से बात करने पर पता चला कि वे परिवर्तन चाहते हैं और शिक्षा और रोजगार उनके मुख्य मुद्दे हैं।

चतरा विधानसभा चुनाव में कुल 11 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें से एक महिला उम्मीदवार भी हैं। महिला मतदाताओं की भूमिका इस चुनाव में निर्णायक मानी जा रही है। मतदान को लेकर महिलाओं में इतना उत्साह था कि डाहा पंचायत के बूथ संख्या 22 पर लगभग 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला तेतरी देवी भी अपने मतदान केंद्र पर वोट डालने आई थीं।

मतदान को लेकर केंद्रों पर मतदाताओं की भीड़ लगी रही और शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन और अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण करते रहे।

# कड़ी सुरक्षा के बीच गुमला जिले में 69.01 प्रतिशत मतदान

## जिले में सिसई 71.21 प्रतिशत, गुमला 65.46 प्रतिशत व बिशुनपुर विधानसभा में 70.06 प्रतिशत वोट पड़े

शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जमकर हुआ मतदान छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांति पूर्ण संपन्न हुआ मतदान

**खबर मन्त्र संवाददाता**



मतदान के लिये कतार बद्ध खड़े मतदाता।

**गुमला।** सूर्य की तापिश के साथ जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ता रहा। सुबह से ही मतदाताओं की भीड़ मतदान केंद्रो में लगी रही। पूर्वाह्न 03 बजे से पूर्वाह्न अपराह्न 05 बजे तक कुल 69.01 % मतदान किए गए। जिसमें 67-सिसई 71.21%, 68-गुमला 65.46% व 69-बिशुनपुर में 70.06% मतदान हुआ। वहीं गुमला जिला में सुबह 7 बजे से पूर्वाह्न 9 बजे तक कुल 13.93 प्रतिशत मतदान हुए। जिसमें 67 - सिसई में 14.67%, 68 - गुमला में 13.89%, 69 - बिशुनपुर में 13.27%, पूर्वाह्न 01 बजे से पूर्वाह्न अपराह्न 03 बजे तक कुल 64.59 % मतदान हुए। जिसमें 67 - सिसई 66.53%, 68 - गुमला 61.56%, 69-बिशुनपुर में 65.44% मतदान हुआ। वहीं सुबह 7:42 मिनट तक गुमला के बूथ संख्या 226 में 594 में से 32 मतदाताओं ने, 225 में 1044 में से 26 ने, 225 में 946 में से 61 मतदाताओं ने, बूथ संख्या 139 में 9:21 मिनट में 29 मतदाताओं ने, बूथ संख्या तीन सौ में 10.6 बजे तक 940 मतदाता में से 209 ने, बूथ संख्या 301 में 998 मतदाता में से 271 ने, बूथ संख्या 291 में 1237 मतदाता में से 336 ने, बूथ संख्या 289 में 783 में से 321 मतदाताओं ने, बूथ संख्या 290 में 742 में से 200 मतदाताओं ने, बूथ संख्या 123 में 1103 में से 12 :22 बजे तक 492 ने, बूथ संख्या 77 में 1118 मतदाता में से 2:51 बजे तक 652 ने व बूथ संख्या 285 में 819 मतदाता में से 3:27 बजे तक 527 मतदाता ने मतदान किया।

### मतदान केंद्रों में सुरक्षा का था व्यापक इंतजाम

मतदान दिवस के दिन जिले के सभी बूथों पर सुरक्षा के व्यापक इंजताम किये गये। हर बूथ पर हथियार बंद सुरक्षा कर्मी तैनात दिखे। जो मतदान को शांति पूर्ण संपन्न कराने में अहम भूमिका निभायी। सुरक्षा कर्मी मतदाताओं को कतार बद्ध तरीके से एक-एक कर मतदान हेतु अंदर जाने की अनुमति दी। वहीं कई केंद्रों में एक या दो सिपहियों के उपस्थिति में भी शांति पूर्ण मतदान हुआ। पूरे मतदान प्रक्रिया की निगरानी कंट्रोल रूम से उपायुक्त, एसपी व जिले के अन्य अधिकारी करते रहे। पल-पल की सूचना कंट्रोल रूम से अधिकारी लेते रहे।

## लोकतंत्र की हो गई बल्ले बल्ले, युवा से लेकर बुजुर्ग ने दिखाई उत्साह





सुरक्षा में तैनात जवान







**गुमला।** युवा से लेकर बुजुर्ग मतदाताओं ने लोकतंत्र के महापर्व में अपनी आस्था दिखाई और जमकर मतदान किया तो लोकतंत्र की जिले में बल्ले बल्ले हो गई। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारें मतदान को लेकर देखने को मिली। मतदाताओं का गजब का उत्साह देखकर मतदान के प्रतिशत का अनुमान स्वतः ही लगाया जा सकता है। कई मतदान केंद्र में सुबह 6 बजे से ही मतदाता पहुंचने लगे थे। सुबह 6 बजे से ही मतदाताओं की लंबी कतार मतदान केंद्र में देखी गई। सुबह 7 बजे पूरे सुरक्षा व्यवस्था के साथ मतदान प्रक्रिया आरंभ हुई। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के मतदाता घरों से निकले और जमकर मतदान किया। क्या बूढ़ा क्या बुजुर्ग सभी लोकतंत्र के महापर्व में अपने योगदान देने के लिए आतुर नजर आए। यह लोकतंत्र का पर्व है जिसमें मतदाता अपने क्षेत्र की विकास की गाथा संजोकर मतदान करते हैं। मतदान केंद्र 4 किलोमीटर दूर हो या 5 किलोमीटर दूर ग्रामीण क्षेत्र के मतदाता पगडंडियों का सहारा लेते हुए बूथों तक पहुंचे और मतदान कर लोकतंत्र में अपनी आस्था को प्रकट किया। जिले में छिटपुट घटनाओं व ईवीएम की छोटी-मोटी खराबी को छोड़कर मतदान पूर्णता शांतिपूर्ण रहा। भाजपा प्रत्याशी सुदर्शन भगत ने डुमरी प्रखंड स्थित बूथ में मतदान किया।

## उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक गुमला ने किया मतदान



गुमला। जिले के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी एवं पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से गुमला के महिला उच्च विद्यालय में अपना मतदान किया। मतदान दिवस के अवसर पर उन्होंने मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हर नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। पुलिस अधीक्षक ने भी मतदाताओं से अपील की कि वे शांतिपूर्वक और सुगमता से मतदान करें।

## पहली बार मतदान कर युवाओं में दिखा गजब का उत्साह



गुमला। लोकतंत्र के महापर्व में पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं में गजब का उत्साह देखा गया। जारी प्रखंड के सीसी करम टोली पंचायत के बूथ नंबर 63 में सालो मुंडा, नूतन कुमारी, केरेनुका एक्का, मोनिका कुमारी ने पहली बार मतदान किया। मतदान के बाद वे अपने अंगुली में लगायी स्याही दिखाते दिखे। पहली बार मतदान करने वाले युवाओं ने कहा कि राष्ट्र को सशक्त बनाने व राज्य के विकास के लिए वे मतदान किये हैं। साथ ही उनके मतदान से क्षेत्र के विकास की संभावनायें भी प्रबल होगी। युवाओं ने कहा कि हर मतदाता को मतदान केंद्र जाकर अपने मत का उपयोग करना चाहिए।

## कस्पोडिया बूथ पर भी ग्रामीणों ने मतदान का किया बहिष्कार



घाघरा प्रखंड के कस्पोडिया गांव स्थित बूथ संख्या 235 में सड़क नहीं बनाने को लेकर ग्रामीणों ने मतदान दिवस पर वोट करने से इनकार कर दिया। जिसकी सूचना मिलने पर बीडीओ दिनेश कुमार व अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल कस्पोडिया गांव पहुंचे। जहां ग्रामीणों से वार्ता की। ग्रामीणों ने कहा कि उक्त गांव में सड़क की स्थिति जर्जर है। सड़क नहीं बनने के कारण वोट बहिष्कार का निर्णय लिया गया था। जिसके बाद बीडीओ ने उपायुक्त के निर्देशानुसार बताया कि उक्त रोड का सेंसन हो चुका है। जिसके बाद ग्रामीण वोटिंग स्टार्ट के समय के 1 घंटे बाद से वोटिंग प्रक्रिया में शामिल हुए और वोट करने पहुंचे।

### स्पीड न्यूज

## जारी प्रखंड के 29 बूथों पर हुआ जमकर मतदान, लाठी टेकर पहुंचे बुजुर्ग मतदाता



जारी। जारी प्रखंड के 29 बूथों पर जमकर वोटिंग हुई। किसी ने लाठी टेककर तो किसी ने वैशाखी पर बूथ पहुंचकर अपना मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र का पर्व मनाया। जारी प्रखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर वोट डाले गए। पोलिंग पार्टी सुबह 6 बजे तक बूथ पहुंचे। जहां 7 बजे से वोटिंग होना शुरू हो चुका था। वही मॉक पॉल के बाद बूथ नंबर 65 में वीवी पैट खराब हो गया। आधे घंटे के बाद पुनः मतदान शुरू हुआ। बूथ नंबर 57 में मॉक पॉल के पहले वीवी पैट खराब हो गया था। लेकिन जल्द ही बनाकर मतदान शुरू करा दिया गया। वही कमलपुर बूथ नंबर 58 फिलसीता कोरवाइन उम्र 78 वर्ष ने मतदान करने के बाद कहा कि अपना अधिकार का प्रयोग जरूर करे। वहीं जारी प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के लोग सुबह से ही बूथों में भारी संख्या में पहुंच रहे थे। जिसके बाद क्या बूढ़े,क्या युवा और क्या महिलाएं इस लोकतंत्र के पर्व में सभी लोगों कतारों में लगे हुए थे और अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दे रहे थे। वहीं कोई बुजुर्ग व्यक्ति जो चल फिर नहीं सकते उन्हें भी परिजनों के द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था कर मतदान कराने के लिए लाया गया। वही बीडीओ यादव बैठा के द्वारा कंट्रोल रूम से पल पल की मतदान की परसेंटेज की जानकारी लिया जा रहा था। थाना प्रभारी आदित्य कुमार ने भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सतर्क थे।

## कई बूथों पर हुआ स्वास्थ्य जांच



गुमला। जिले के कई मतदान केंद्रों में मतदाताओं का स्वास्थ्य जांच भी किया गया और उनके बीच दवा का वितरण किया गया। गुमला के पनसो बूथ व कुरूमगढ बूथ पर सहियाओं के द्वारा लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। पनसो बूथ पर 270 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। पनसो स्वास्थ्य उप केंद्र की सहिया गीता देवी, बसंती उरांव व सरस्वती उरांव ने मतदाताओं के बीपी की जांच मशीन से की। मतदाताओं के बीच ओआर एस, बुखार की दवा व अन्य दवाओं का वितरण किया गया। कई मतदाता मतदान के बाद स्वास्थ्य शिविर पहुंचे और अपना इलाज कराया।

# लोहरदगा में पड़े बंपर वोट, 73.21 प्रतिशत हुआ मतदान





**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** चुनाव के पहले चरण में बुधवार को हुए मतदान में लोहरदगा विधानसभा में जमकर वोट पड़े। लोहरदगा में शाम 5 बजे तक 73.21 प्रतिशत मतदान हुआ। लोहरदगा चुनाव को लेकर सुबह से ही मतदाताओं में उत्साह देखने को मिला। सुबह 7 बजे से मतदान केंद्रों में वोटर्स की लंबी कतार देखने को मिली। लोहरदगा विधानसभा में सुबह 9 बजे तक 14.97%,सुबह 11 बजे तक 33.44 प्रतिशत,दोपहर एक बजे तक 51.53 प्रतिशत ,दोपहर 3 बजे तक 65.99 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। जो पिछले साल के मुकाबले बहुत बेहतर मतदान माना जा रहा है। मतदान केंद्रों में इस बार व्यवस्था भी काफी अच्छी नजर आई। स्काउट एंड गाइड के प्रशिक्षु बच्चों ने कई मतदान केंद्र में कमान संभाले नजर आए जो बुजुर्ग और असहाय व्यक्तियों को मदद करते नजर आए। वही जिले के उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हारिस बिन जमा भी कई मतदान केंद्रों का जायजा लेते हुए लोगो को मतदान के लिए प्रेरित किया।

## लोकतंत्र महापर्व में मतदाताओ ने दी भागेदारी



लोहरदगा। लोकतंत्र के इस महापर्व में युवा से लेकर बुजुर्ग मतदाता भी पीछे नहीं रहे सबने अपनी भूमिका निभायी और मतदाताओं ने निर्भीक होकर वोट डालें। सुबह से ही विभिन्न मतदान केंद्रों में मतदाताओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। प्रातः नौ बजते बजते मतदान केंद्रों के आसपास वोटरों का हुजूम लग गया। वही कई बुथों का आलम यह रहा कि पहले मतदान फिर जलपान की तर्ज पर सुबह 7 बजे से पहले ही मतदाता वोट के लिए कतार में लग चुके थे। वहीं जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसपी हरीश बिन जमां सहित जिले के अन्य पदाधिकारियों ने विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण कर चुनाव संबंधित अद्यतन स्थितियों का जायजा लिये। इस दौरान डीसी व एसपी ने मतदान कार्य में लगे कर्मियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। वही मतदान केंद्रों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

## फर्स्ट टाइम वोटर मतदान को लेकर दिखे उत्साहित



लोहरदगा। लोहरदगा विधानसभा चुनाव के इस महापर्व में जहाँ पुराने वोटर्स ने अपने मत का प्रयोग किया वही लोहरदगा के बूथ नंबर 271 पर फर्स्ट टाइम वोटर मानसि भारती ने भी मतदान किया। मानसि भारती ने पहली बार मतदान को लेकर वो काफी उत्साहित थी। उन्होंने बताया कि उन्होंने झारखण्ड राज्य को अग्रणी राज्य बनाने और पुरे राज्य में एक अच्छे शैक्षिनिक माहौल प्रदान करने के साथ साथ प्रदेश के युवाओं को सुरक्षित भविष्य के लिए अपना मतदान किया।

## सुखदेव भगत ने परिवार संग किया मतदान नीरू शांति भगत ने भी डाला अपना वोट





**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा लोकसभा सीट से कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी सुखदेव भगत ने अपने परिवार संग मतदान केन्द्र पहुंच लोकसभा चुनाव को लेकर वोट किया है। शहरी क्षेत्र के विज्ञान भवन बूथ नंबर 266 में कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव भगत अपने पत्नी और दोनो बेटों के साथ मतदान किया है। सुखदेव भगत ने कहा लोकतंत्र एक पर्व है मतदान करना सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। इधर एनडीए गंठबंधन से आजसू प्रत्याशी नीरू शांति भगत ने भी कुडू प्रखंड के जिंगी गांव में अपना मतदान किया। इस मौके पर उन्होंने लोगों से लोकतंत्र के इस पर्व में हिस्सा लेते हुए मतदान की अपील की।

## लोहरदगा के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों भय मुक्त वातावरण में हुआ वोटिंग







**लोहरदगा।** जिले में मतदान शांति पूर्ण तरीके से हुआ। जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र सेन्हा थाना, पेशरार थाना और किस्को थाना क्षेत्र में भी शांति पूर्ण तरीके से मतदान कराया गया। चुनाव शांतिपूर्ण कराने को लेकर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। खासकर पेशरार क्षेत्र में जिला पुलिस बल के साथ साथ सीआरपीएफ और अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

## भंडरा में युवा मतदाताओं में दिखा जोश, बुजुर्ग मतदाता भी नहीं रहे पीछे





भंडरा। भंडरा प्रखंड में बुधवार को शांतिपूर्ण विस चुनाव संपन्न हुआ।अपने पहला मतदान करने को लेकर युवाओं की टोली अहले सुबह ही मतदान केंद्र पहुंच गई थी। भंडरा प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 300 व 301 में सुबह के साढ़े पांच बजे से ही मतदाताओं की लाइन शुरू हो गई थी। जिसमें मतदान केंद्र संख्या 300 में पहला मतदान करने वाली सरोज देवी को बीएलओ सुमित्रा टोप्पो द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। भंडरा प्रखंड के बिशुनपुर अंश व लोहरदगा मतदान केंद्र में मतदान करने को लेकर वृद्ध मतदाताओं में भी काफी खुशी देखी गई। कचमची मतदान केंद्र संख्या 311 में अपने छह माह के बच्चे को लेकर मतदान करने पहुंची किरण लकड़ा ने कहा कि लोकतंत्र में मताधिकार जरूरी है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## लोहरदगा : पूर्व मंत्री सधनू भगत का निधन, शोक की लहर

**खबर मंत्र संवाददाता**



सधनू भगत ( फाइल फोटो ) ।



निधन की सूचना पर घर पहुंचे मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव।

**लोहरदगा।** लोहरदगा के पूर्व विधायक एवं झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सधनु भगत का 13 नवंबर दिन बुधवार को प्रातः 10:00 बजे आकस्मिक निधन हो गया।सधनु भगत का जन्म 19 जनवरी 1946 को हुआ था। एकीकृत बिहार में वर्ष 1995 में पहली बार लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर विधायक बने तथा दूसरी बार भी इन्होंने लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा की टिकट पर जीत सुनिश्चित की और 15 नवंबर 2000 को झारखंड अलग होने के पश्चात झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री बने।व्यवहार कुशल एवं मृदुभाषी व्यक्तित्व के धनी सधनु भगत के आकस्मिक निधन से पूरा भाजपा परिवार एवं लोहरदगा के आम जनता मर्माहत है। उनके निधन से लोहरदगा भाजपा में उदासी छाई हुई है लोहरदगा भाजपा ने पूर्व मंत्री के निधन पर शोक जताया है। वही लोहरदगा से कांग्रेस उम्मीदवार और राज्य के वित मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव निधन का खबर सुन पूर्व मंत्री सधनु भगत के आवास पहुंच परिजनों से मिल दुख जताया है। पूर्व मंत्री सधनु भगत लोहरदगा से भाजपा के विधायक के रूप में 1995 में जीत दर्ज किया था और लगातार लोहरदगा से दो बार जीत कर 10 वर्ष सन 2005 तक लोहरदगा के विधायक रहे इसी दौरान राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के सरकार में सड़क परिवहन मंत्री भी बने थे। सधनु भगत शुरूआत में झारखंड आंदोलन से जुड़े जिसके बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा से राजनीति की शुरूआत किया और वे झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव भी बनाए गए थे। झारखंड के राजनीति में शिबू सोरेन, चंपई सोरेन, बाबूलाल मरांडी और अर्जुन मुंडा के साथ मिलकर उन्होंने काम भी किया था। पूर्व मंत्री सधनु भगत का अंतिम संस्कार के पूर्व भाजपा जिला कार्यालय में उनके अंतिम दर्शन के लिए उनके पार्थिव शरीर को रखा जाएगा जहां लोग उन्हें श्रद्धांजलि देंगे जिसके बाद आज गुरुवार को उनके पैतृक आवास हेसल बासरडीह में किया जाएगा उनके अंतिम संस्कार समारोह में झारखंड के कई दिग्गज नेता

# राप्रवि चुगलु के मतदान केंद्र संख्या 139 में ग्रामीणों ने किया वोट बहिष्कार

**खबर मंत्र संवाददाता**



**गुमला।** गुमला विधान सभा क्षेत्र के राजकीय प्रथमिक विद्यालय चुगलु के मतदान केंद्र संख्या 139 में ग्रामीणों ने पुल व सड़क निर्माण की मांग को लेकर घंटों वोट का बहिष्कार कर दिया। साथ ही चुगलु बूथ पर मतदान करने पहुंचे सकरपुर व चुगलु के ग्रामीणों को भी मतदान देने से रोक दिया। उक्त बूथ के पडकीटोली में आवागमन की सुविधा नहीं है। जिसे पूर्व में ही ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार का एलान किया था। आज मतदान आरंभ होते ही ग्रामीण एकजुट होकर आये और मतदान प्रक्रिया बाधित कर दी। उक्त मतदान केंद्र में कुल 1062 मतदाता हैं। जिसमें 551 पुरूष व 511 महिला मतदाता हैं। ग्रामीणों का कहना था कि वे लंबे समय से गांव आने वाले सड़क व पुलिया की निर्माण की मांग कर रहे हैं। लेकिन न तो प्रशासन इस ओर ध्यान देता है और न ही विधायक या सांसद कोई ध्यान देते हैं। लगभग दस किलो मीटर सड़क व नदी में पुल बनाने की मांग ग्रामीण कर रहे थे। आक्रोशित ग्रामीणों के द्वारा मतदान कार्य बाधित किये जाने के बाद सूचना मिलने पर अंचलाधिकारी हरीश कुमार व थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार सिंह चुगलु बूथ पहुंचे। जहां दोनों अधिकारियों ने मतदाताओं को मतदान हेतु समझाने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीण मानने को तैयार नजर नहीं आये। इधर मामले की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने मोबाईल पर ग्रामीणों से बात की। उपायुक्त ने ग्रामीणों को अश्वासन दिया कि वे उनके गांव पहुंचकर उनकी समस्या सुनेंगे। जिसकी लिखती रूप से सूचना अंचलाधिकारी के द्वारा ग्रामीणों को दिया गया। उपायुक्त के अश्वासन के बाद ग्रामीण वोट देने को तैयार हुए। इधर सकरपुर के ग्रामीणों ने कहा कि चुगलु बूथ से उनका केंद्र को कहीं और बदल दिया जाए। क्योंकि उन्हें भी आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

ग्रामीण इलाको में इस बार हुआ रिकार्डतोड़ मतदान, लातेहार विस में हुआ 69.7 प्रतिशत मतदान

# नयी सरकार बनाने को लेकर मतदाताओं ने जम कर डाले वोट, बूथों पर लगी रही लंबी कतार

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष कुमार गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव की कुशल नेतृत्व में जिला के दो विधानसभा लातेहार और मनिका में शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न हुआ। हालांकि बरवाडीह में एक जवान के साथ एक्सीडेंटल फायरिंग हुआ जिसे ईलाज के लिए रांची रिम्स भेज दिया गया है, जहां ईलाज जारी है। जिलावासियों में लोकतंत्र के इस महापर्व पर नव युवक, वृद्ध, महिलाएं, दिव्यांग सुबह होते ही अपने अपने बूथ की ओर अग्रसारित रहे और अपना मतदान के बाद सेल्फी प्वाइंट में फोटो लेकर लोगों को उत्साह वर्धन किया और लोगों से मतदान बढ़-चढ़ करने की अपिल की। दोनों विधानसभा की मतदान प्रतिशत की बात करें तो सुबह नौ बजे तक पोलिंग लातेहार विस का 14.33 प्रतिशत, 11 बजे तक 32.25 प्रतिशत, एक बजे तक 50.32 प्रतिशत, तीन बजे तक 63.7 प्रतिशत, 5 बजे तक 69.7 प्रतिशत मतदान हुआ है। वहीं मनिका विधानसभा में नौ बजे तक 13.18 प्रतिशत, 11 बजे तक 28.62 प्रतिशत, एक बजे तक 50.51 प्रतिशत, तीन बजे तक 61.76 प्रतिशत, पांच बजे तक 64.15 प्रतिशत मतदान हुआ। इस आंकड़े के अंतिम प्रतिशत में वृद्धि होने की संभावना जताई गई है, क्योंकि अंतिम घंटे में मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी देखी गई। जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग ने मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और व्यवस्थित बनाने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए थे। उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने सभी मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था की समीक्षा की और चुनाव में लगे। अधिकारियों-कर्मचारियों को उनके योगदान के लिए सराहना दी। उपायुक्त उत्कर्ष कुमार गुप्ता ने जिलावासियों के सहयोग और लोकतंत्र में उनकी सक्रिय भागीदारी की सराहना की। वहीं चंदवा प्रखंड की बात करें तो चंदवा प्रखंड के शहर से लेकर सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाको में इस बार रिकार्डतोड़ मतदान दर्ज हुआ। लेकिन प्रखंड के कुछ मतदान केंद्रों में तकनीकी व्यवधान के कारण कुछ देर के लिए व्यवधान हुआ लेकिन तत्काल ठीक कर वोटिंग को शुरू करा दिया गया। मतदान को लेकर महिलाओं और वृद्ध मतदाताओं में भी खासा उत्साह देखा जा रहा था। बेहतर सरकार बनाने के उद्देश्य से सभी मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर रहे थे।


मतदान करने जाते बैद्यनाथ राम।


कतार में खड़े प्रकाश राम।

## डीसी ने मतदान केंद्र संख्या 194 में किया मतदान

उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने बुधवार को मतदान केंद्र संख्या 194 उत्क्रमित उच्च विद्यालय चंदनडीह स्कूल पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान करने के बाद श्री गुप्ता ने लोगों को बताया कि आपलोगों को मताधिकार करने का एक अनमोल पॉवर उपलब्ध है जिसका उपयोग करके आप मजबूत सरकार को चुन सकते है। इसके अलावे सभी प्रत्याशियों ने अपने अपने मतदान केंद्रों में लाईन में लगकर मतदान किया।



मतदान करने के बाद प्रोत्साहित करते डीसी।

# बालूमाथ प्रखंड में तीन बजे तक 65.21% प्रतिशत हुआ मतदान

खबर मन्त्र संवाददाता


मतदान करने के लिए लाईन में खड़ी मतदाता।

**बालूमाथ।** लातेहार विधानसभा क्षेत्र के बालूमाथ प्रखंड में संध्या 3:00 बजे तक 65.21% मतदान किया जा चुका था सुबह से ही कई मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के भारी भीड़ उमड पड़ी। बालूमाथ बूथ संख्या 144 में दोपहर 1:00 बजे तक 47.99बूथ संख्या 145 में 42.68, बूथ संख्या 146 में 45.53, बूथ संख्या 147 में 51. 27% मतदान हो चुका था। वहीं 1:00 बजे तक सबसे अधिक बूथ संख्या 90 में 78.17% मतदान हो चुका था जबकि सबसे कम मतदान बूथ संख्या 118 बिशनपुर में मात्र 13.90% ही हुआ था। कम मतदान को देखते हुए बालूमाथ बीडीओ सोमा उरांव ने तत्काल मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर प्रखंड कार्यालय का एक टीम बिशनपुर ग्राम पहुंचा तब जाकर कुछ मतदान तेज हुआ। बूथ संख्या 143 में 85 वर्षीय प्रीतम बरई एवं बूथ संख्या 142 में 90 वर्षीय भगिया मसोमात ने व्हीलचेयर के सहारे अपना मतदान किया। चुनाव के दौरान अधिकांश बूथों में सुबह से ही लंबी लाइन देखी गई। दोपहर 1:30 बजे तक बूथ संख्या 136 में कुल मतदाता है। 1101 में 525, बूथ संख्या 104 में कुल मतदाता 784 में 523, बूथ संख्या 134 में कुल मतदाता 907 में 611, बूथ संख्या 135 में कुल मतदाता 845 में 535 लोगों ने अपने मत का प्रयोग कर लिया था। चुनाव के दौरान पुलिस प्रशासन मुस्तैद नजर आए। वहीं बालूमाथ ब्लॉक परिसर में बनाए गए कंट्रोल रूम से बालूमाथ के सभी मतदान केंद्रों का पल-पल की निगरानी रखी जा रही थी। ज्ञात हो कि बालूमाथ प्रखंड में कुल मतदाताओ की संख्या 69980 है जिसमे पुरुष 35482 एवं महिला 34498 है।

### बालूमाथ में 70.44% हुआ मतदान

बालूमाथ प्रखंड में संध्या 5:00 बजे तक 70.44 प्रतिशत मतदान हुआ। बालूमाथ में कुल मतदाता 69980 जिसमें पुरूष 35482 महिला मतदाता 34498 लोगों को मतदान करना था लेकिन संध्या 5 बजे तक पुरूष मतदाता 23853 एवं महिला मतदाता 25440 कुल 49293 मतदाताओं ने अपना मत का प्रयोग किया। इस तरह देखा जाए तो इस बार बालूमाथ प्रखंड में पुरुष मतदाता से ज्यादा जागरूक महिला मतदाता नजर आई। जिन्होंने पुरुषों की अपेक्षा अधिक मतों का प्रयोग किया। सबसे अधिक बूथ संख्या 90 बुकरु ग्राम में 87 , 4% लोगों ने मतदान किया। जबकि सबसे कम बूथ संख्या 140 बुनियादी विद्यालय बालूमाथ में मात्र 42.76% लोगों ने ही मतदान कर पाया।

मनिका प्रखंड में मतदान को लेकर मतदाताओं में दिखा उत्साह

# राज्य में बेहतर सरकार बनाने को लेकर किया गया मतदान


मनिका विस भाजपा प्रत्याशी हरेकृष्णा सिंह ने किया मतदान।


मतदान के लिए कतार में खड़े मतदाता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मनिका।** मनिका विधानसभा क्षेत्र के 321 मतदान केंद्रों मे से मनिका प्रखंड के कुल 78 मतदान केंद्रों पर दिन बुधवार को निर्धारित समयानुसार पहले चरण का मतदान किया गया। इस दौरान मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। सुबह 7:00 बजे से ही मतदाता अपने-अपने मतदान केंद्रों पर लंबी लाइन लगाकर अपनी पारी का इंतजार कर रहे थे। क्षेत्र के विभिन्न पंचायत स्थित कुल 78 मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की काफी लंबी लाइन लगी रही,मतदाताओं ने पहले मतदान फिर जलपान का भी संदेश दिया। इधर सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी मतदान केंद्रों पर भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई थी और सीसीटीवी व अन्य के माध्यम से सभी गतिविधियों पर पूरी निगरानी की जा रही थी। वहीं प्रशासन के द्वारा महिला व पुरूष मतदाताओं के लिए अलग-अलग लाइन लगवाकर मतदान करवाया जा रहा था एवं मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए सभी तरह की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा गया था। बता दें कि मनिका विधानसभा क्षेत्र से भाजपा, कांग्रेस, सपा, जेएलकेएम, समेत कुल 9 प्रत्याशी चुनावी मैदान पर हैं। वहीं आगामी 23 नवंबर को मतगणना की तिथि निर्धारित की गई है जिसमें विजयी हुए प्रत्याशी की घोषणा की जाएगी।

# मतदाताओं ने निडर और उत्साहित होकर किया मताधिकार का प्रयोग


महुआडांड़ में मतदान करते हुए।


वोट देकर निकलता दिव्यांग।

**सुरक्षा को लेकर थी कड़ी व्यवस्था:** प्रखंड में चुनाव को शांतिपूर्ण कराने को लेकर एसडीपीओ शिव पूजन बहेलिया व थाना प्रभारी अवनीश कुमार के नेतृत्व मोटरसाईकल बाइक से पुलिस पुरे क्षेत्र में गश्ती करती नजर आई। कही किसी तरह के विवाद की सुचना पर जल्द ही गश्ती टीम पहुंच रही थी। खुद डीएसपी एसडीपीओ श्री बहेलिया सभी बुथो का निरीक्षण करते नजर आए।

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** लोकतंत्र के महापर्व में प्रखंड के मतदाताओं ने निर्भिक और उत्साहित होकर कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस दौरान प्रखंड में वृद्ध एवं महिला मतदाताओं में काफी उत्साह देखने को मिला। जहां सुबह 7 बजे से वोटिंग शुरू हुआ जो शाम 5 बजे तक चला। इस दरम्यान चुटिया, कापू, हामी, चटकपूर, गोठगाव, लुरगुमी, बराही, बोहटा, कुरून्द सहित प्रखंड के विभिन्न ग्रामो के मतदान केंद्रों पर भारी संख्या में वृद्ध और महिला मतदाता की भीड़ देखी गई। बताते चले कि प्रखंड में कुल 57090 वोटर है जिनमे पुरूष मतदाता 28080 एवं महिला की संख्या 29010 है। इसके साथ ही सभी मतदान केंद्र में वेब कास्टिंग की व्यवस्था भी की गई थी इसके लिए सीसीटीवी भी इंस्टाल कराए गए थे। प्रखंड में कुल 83 मतदान केंद्र है जिनमे 16 मतदान केंद्र का सुरक्षा की दृष्टिकोण से स्थान बदला गया था, वहीं बदले हुए स्थान में वोटर को लाने और ले जाने हेतु प्रशासन को ओर से गाड़ियों को व्यवस्था भी की गई थी। इस दौरान मतदान केंद्र में महिला वोटरों की संख्या ज्यादा देखने को मिली। देर शाम ईवीएम में सभी 9 प्रत्याशियों का भाग्य कैद हो गया। इसके बाद ईवीएम कर्मियों द्वारा संबंधित स्ट्रांग रूम में जमा करा दी गई। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा यहां स्वास्थ्य कर्मियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई थी जो शाम पांच बजे तक यहां पर तैनात रही। वहीं सभी बूथों में प्रशासन द्वारा नियुक्त वोलेंटियर मतदाताओं को ओआरएस का घोल पिला रही थी जो मतदाताओं को भरी गर्मी में राहत दिला रहा था। वहीं मतदान को लेकर वृद्ध मतदाताओं में भी जोश दिखा वहीं कई जगहों पर सुरक्षा कर्मी वृद्ध मतदाताओं और दिव्यांग की मदद करते दिखे। सभी बूथों में दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई थी।

## पहली बार मतदान कर रहे मतदाताओं में था जोश

प्रखंड में मतदान के दौरान पहली बार मतदान करने वाले कई मतदाताओं ने जोश और उत्साह के साथ अपने संवैधानिक अधिकार का प्रयोग करते हुए लोकसभा चुनाव में भाग लिया। इनमें से कई युवा नागरिकों के लिए पहली बार वोट डालना गर्व और जिम्मेदारी का क्षण था। इस संबंध में बुथ संख्या 265 में वोट देने आये निकेत कुमार एवं रोहित कुमार (आकाश) ने बताया कि पहली बार अपना मत देने का मौका मिला। बहुत अच्छा लगा। हमे खुशी है कि हमे अपना मताधिकार का मौका मिला। बूथ संख्या में 300 में वोट देने आई रिया रश्मी कुजूर ने बताया कि अंतत: हमारे देश के भविष्य को आकार देने में अपनी भूमिका निभाना एक अच्छा अनुभव था। वहीं सबा अंजुम ने बताया कि मैंने चुनने से पहले प्रत्येक उम्मीदवार के घोषणापत्र और ट्रैक रिकॉर्ड की जानकारी ली। मैंने उस उम्मीदवार को वोट दिया जो शहर के सतत विकास और बुनियादी ढांचे में सुधार को प्राथमिकता देते हैं। बूथ संख्या 306 में पहली बार वोट करने आई सालोमिना लकड़ा, विनीता टोप्पो, अंजू एक्का, शोभा कुजूर आदि समेत पहली बार मतदान करने वाले कई मतदाताओं ने जवाबदेह शासन और गंभीर मुद्दों पर ठोस कार्रवाई की मांग की।

# चुनाव के दौरान ऑन ड्यूटी सीआरपीएफ जवान के सिर में लगी गोली

➲ जख्मी जवान को बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट से भेजा गया रांची


पलामू एसपी व सीआरपीएफ के अधिकारी।

**बरवाडीह।** बुधवार को विधानसभा चुनाव की ड्यूटी में तैनात सीआरपीएफ जवान संतोष कु. यादव को सर में गोली लगी है। घटना बरवाडीह प्रखण्ड के छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत लाभर की है। गोली लगने के बाद जख्मी जवान को ईलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पीटल में भर्ती करवाया गया। जहां डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह लाभर स्थित सीआरपीएफ पिकेट में ही एक्सीडेंटल फायरिंग हुई, जिसमें संतोष कु. यादव को सिर में गोली लग गई। पिकेट में तैनात जवानों ने उन्हें इलाज के लिए तत्काल मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती करवाया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पलामू रेंज के डीआईजी वाईएस रमेश, सीआरपीएफ के डीआईजी पंकज कुमार, पलामू एसपी रीष्मा रमेशन और सीआरपीएफ के आला अधिकारी अस्पताल पहुंचे और जवान का हाल चाल जाना। जवान को इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। जख्मी जवान बिहार का रहने वाले हैं। बता दें कि विधानसभा चुनाव को लेकर पलामू प्रमंडल में 150 से भी अधिक केंद्रीय रिजर्व बल के कंपनियों को तैनात किया गया है।

# बरवाडीह में शांतिपूर्ण रहा विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान


मतदान करते कांग्रेस प्रत्याशी रामचन्द्र सिंह।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** झारखंड विधानसभा निर्वाचन का पहला चरण समाप्त हो गया। मनिका विधानसभा क्षेत्र में चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। लोकतंत्र के महापर्व का उत्साह बुधवार की सुबह हल्की ठंड के साथ शुरू हुआ। धुंधली रौशनी के बीच मतदान कर्मियों ने मतदान केंद्र पहुंच सभी प्रकिया को पूरा करके तय समय पर मतदान शुरू कराया। शहरी से अधिक ग्रामीण मतदान केद्रो में सुबह से युवाओं और वृद्ध मतदाताओं की कतार लगी रही। जहां भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच राज्य में बेहतर सरकार गठन को लेकर मतदाताओं को बारी-बारी से उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

### विधायक ने अपने बूथ में किया मतदान

विधायक रामचंद्र सिंह ने अपने मंगरा गांव अंतर्गत बूथ सख्या 32 में सबसे पहले पहुंच कर मतदान किया। जिसके बाद विधायक ने प्रखंड मुख्यालय के साथ-साथ विभिन्न पंचायत में चल रहें मतदान केंद्रों का घूम घूम कर जायजा लिया। वहीं पूर्व विधायक सह भाजपा प्रत्याशी हरिकृष्ण सिंह ने मनिका के सरदमदाग बूथ पर मतदान किया। बता दें कि इस बार मनिका विधानसभा सीट के लिए भाजपा, कांग्रेस समेत कुल 9 उम्मीदवार मैदान में थे।

### कुछ बूथ पर ईवीएम हुआ खराब

मतदान कार्य के दौरान प्रखंड में बूथ सख्या 13, 53 और 85 में ईवीएम की खराबी होने के कारण मतदान कार्य में देरी हुई। जिसके बाद ईवीएम इंजीनियर ब्रजेश शर्मा के द्वारा ईवीएम को दुरुस्त किया गया। शाम पांच बजे विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों पर 66.00% मतदान हुआ। हालांकि मतदान प्रतिशत में आंशिक बदलाव देखा जा सकता है। मतदान संपन्न होने के बाद कुल 9 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला ईवीएम में कैद हो गया है।

# चंदवा में शहर से लेकर गांव तक बंफर वोटिंग

## लातेहार विधानसभा क्षेत्र से 11 प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में सील, 23 को होगा फैसला


मतदान केंद्र में मतदाताओं की लगी लंबी कतार।


वोट देने जाते महिलाएं।


वोट देने के बाद खुशी मुद्रा में युवतियां।

खबर मन्त्र संवाददाता

➲ वोटिंग में पुरुषों से आगे दिखी महिलाएं, प्रायः बूथों पर दिखी भींड़

**चंदवा।** लोकतंत्र का महापर्व में बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच पहले चरण का मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। लातेहार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले चंदवा प्रखंड के शहर से लेकर सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाको में इस बार रिकार्डतोड़ मतदान दर्ज हुआ। मतदान को लेकर अहले सुबह से प्रायः बूथों पर मतदाताओं की भारी भीड़ से देखने को मिली। प्रखंड के सुदूरवर्ती बूथों में गिने जाने वाले बुध संख्या 334, 335 उमवि महुआमिलान, रिलोकेटेड बूथ 323 उत्क्रमित मध्य विद्यालय लुकुईया के साथ शहर से सटे अलौदिया, शुक्र बाजार, डेमटोली, पतराटोली समेत उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र हेसला, अमझरिया एवं प्रखण्ड के कई बूथों में अहले सुबह से ही मतदाताओं की भारी भीड़ देखने को ही मिली। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया मतदान केन्द्रों में भीड़ बढ़ती गयी। हालांकि इस बार चुनाव आयोग के निर्देशन में जिला प्रशासन के द्वारा मतदान केदो में विधि व्यवस्था को काफी सुद्दढ़ किया गया था, जिस कारण मतदाताओं को खास परेशानी का सामना नही करना पड़ा। दोपहर बाद 1 बजे तक प्रायः बूथों पर मतदाता कतारबद्ध खड़े होकर मतदान के लिए अपनी बारी का इन्तेजार करते देखे गये। दोपहर एक बजे तक चंदवा प्रखंड में करीब 50 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। शहरी क्षेत्र की अपेक्षा इस बार भी ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं में मतदान के प्रति ज्यादा उत्साह देखने को मिला। प्रखंड के कुछ मतदान केंद्रों में तकनीकी व्यवधान के कारण कुछ देर के लिए व्यवधान हुआ लेकिन तत्काल ठीक कर वोटिंग को शुरू करा दिया गया।

## काफी उत्साहित देखने को मिला फर्स्ट टाइम वोटर

इस बार के विधानसभा चुनाव में पहली बार मतदान करने आए युवा वोटरों में काफी उत्साह देखने को मिला। मतदान केंद्रों पर युवा कतारबद्ध खड़े होकर शांति से मतदान को लेकर अपनी बारी का इंतजार करते देखे गए। पहली बार मतदान कर रही माही कुमारी और निशु कुमारी ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए जनप्रतिनिधि के चुनाव को लेकर वे काफी उत्साहित हैं। उन्हें उम्मीद है की जीत कर आने वाले जनप्रतिनिधि क्षेत्र में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर, शिक्षा की बेहतर व्यवस्था, अस्पतालों को सुद्दढ़ करने के साथ विकास को आयाम देने का कार्य करेंगे। वही कुख्यात उग्रवादी रविन्द्र गंझू के गढ़ कहे जाने वाले हेसला में वयोवृद्ध मतदाता आलर महतो (93-वर्ष) ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। आजादी के बाद से अब तक जितने भी चुनाव हुए हैं उन्होंने अपनी आंखों से देखा है। एक समय था जब लोग मतदान करने से डरते थे लेकिन आज स्थितियां बिल्कुल बदल चुकी है। इधर मतदान कर्मियों की सुरक्षा एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने को लेकर प्रखंड के सभी बुधों में मुरक्षा के चाक-चौबंद देखने को मिले। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस कप्तान कुमार गौरव के निर्देशन में प्रशासनिक टीम पूरी तरह से मुश्तैद देखी गई। बीडीओ सह उप निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी चंदन प्रसाद, सीओ जय शंकर पाठक, पुनि सह थाना प्रभारी रणधीर कुमार कई बूथों का जायजा लिया।

### ग्रामीण क्षेत्र के महिलाओं में दिखा मतदान के प्रति ज्यादा उत्साह

लोकतंत्र के इस महापर्व में शहरी से कही ज्यादा उतसाह ग्रामीण इलाको में देखने को मिली। ग्रामीण में 60-70 प्रतिशत के आसपास मतदान हुआ। इस बार के चुनाव में ग्रामीण हो या शहरी सभी बूथों पर एक अलग ही माहौल देखने को मिला। जहां पुरुषों के साथ महिलाएं भी मतदान में बढ़-चढ़कर वोटिंग करती देखी गयी।

## भय मुक्त होकर पुरुष से अधिक महिलाओं ने किया मतदान


मतदान करने के लिए बूथ में लगी लंबी कतार।

**सरयू।** नवनिर्मित सरयू प्रखंड क्षेत्र के 11 संवेदनशील बूथ पर भय मुक्त होकर शांति पूर्वक मतदाताओं ने अपना मत अधिकार का प्रयोग किया।

# विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न, लोगों ने उत्साहित के साथ बढ़ चढ़ कर किया मतदान

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के सभी 50 बूथों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ शांतिपूर्ण तरीके से विधानसभा का मतदान संपन्न हो गया। मतदान को लेकर मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। महिला पुरुष युवक युवतियाँ सभी समय पर मतदान केंद्र पहुँच कर कतार में खड़े हो गए। सभी मतदान कर्मी मतदाताओं को विधिवत सहयोग कर मतदान कराया। इधर बारियातू मुख्यालय सहित बठेठ, गोनिया, भाटचतरा, मकरा, राजगुरु, सिबला, विश्रामपूर, बेसरा, टोटी हेसला, अमरवाडीह मनातू, इटके, चुम्बा, नवाडीह, फूलसु, बालूभाँग, गड़गोमा सहित सभी 50 बूथों मे महिला पुरुषो ने उत्साह के साथ शांति पूर्ण तरीके से मतदान किया। वहीं कई नये वोटर पहली बार युवक यवती भी मतदान का उपयोग किया। पुरुष के अपेक्षा महिला को अधिक उत्साहित देखा गया। सुरक्षा कर्मी के अलावे बीएलओ स्वास्थ्य सहिया भी अपने अपने कार्यों में लगे रहे। मतदान समाप्त होने के बाद इविएम शील कर सुरक्षा व्यवस्था के साथ मतपेटी ले जाया गया। सभी विधानसभा प्रत्याशीयों का किस्मत मत पेटी में बंद है। सभी का भाग्य फैसला अब 23 नवंबर को होगा। सभी मतदाताओं में मतदान उपयोग करने का काफी रुझान देखा गया। कई दिव्यांग और वरिष्ठ मतदाताओं को प्राथमिकता के आधार पर उन्हें मतदान कराने में सहयोग किया गया। बूथ के चारो ओर सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम था। सभी जवान निष्पक्ष और भयमुक्त मतदान कराया।


मतदान केंद्र में उपस्थित मतदाता।



मतदाता सेल्फी प्वाईन्ट

# गढ़वा में रिकॉर्ड 67.35 % वोटिंग , प्रत्याशियों का भविष्य इवीएम में सील

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड विधानसभा के प्रथम चरण का मतदान गढ़वा जिले में शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। इस बार गढ़वा में रिकॉर्ड तोड़ मत पड़े। गढ़वा के दोनों विधानसभा में औसतन 67.35 प्रतिशत मतदान हुआ। जिसमें गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में 66.46 प्रतिशत तो भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में 68.20 प्रतिशत मत पड़े। चुनाव सम्पन्न होने के साथ ही प्रत्याशियों का विधायक बनने का सपना ईवीएम में कैद हो गया। 23 नवंबर को काउंटिंग के बाद कहीं खुशी कहीं गम का नजारा सामने आएगा।

छिटपुट गड़बड़ियों के बीच जिले भर में सुबह 7 बजे से मतदान कार्य प्रारंभ हो गया था। गढ़वा शहर के बूथ संख्या 143 शालिग्राम मध्य विद्यालय में ईवीएम मशीन के खराब हो जाने से करीब एक घंटे तक मतदान बाधित रहा। वहां दूसरा ईवीएम मशीन मंगाना पड़ा। ऐसी गड़बड़ी जिले के करीब दर्जन भर बूथों पर देखा गया। वैसे सभी बूथों में हाई डेफिनेशन कैमरे लगाए गए हैं। जिसकी मुनिटरिंग भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी का कार्यालय रांची और गढ़वा से किया जा रहा है। इसके तहत जिले में वेबकास्टिंग सेंटर बनाया गया था। जिसमें बड़े बड़े एलईडी लगाए गए थे, जिससे सभी बूथों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी व एसपी ने निरीक्षण भी किया।


मोनिटरिंग करते डीसी एवं एसपी।

## मतदान शुरू होने से पूर्व ही कतार में खड़े हो गए थे सैकड़ों मतदाता


कतार के मतदाता।

सुबह सात बजे मतदान शुरू होने की सूचना पर कई सजग मतदाता सुबह 6 बजे की कतार में खड़े हो गए थे। मतदान शुरू होते ही मतदाताओं का चेहरा हर्षित हो गया। महिला-पुरुष अपने मताधिकार को साकार करने के लिए अलग-अलग कतार खड़े थे। उन्हें वोट देने संबंधी आवश्यक सलाह भी दिए जा रहे थे।

## भवनाथपुर में 59 बूथों पर 68.4 फीसदी मतदान


मतदान करने जाते 90 वर्षीय मोहर सिंह।

**भवनाथपुर।** प्रखंड क्षेत्र में मतदाताओं में मतदान को लेकर काफी उत्साह देखा गया। प्रखंड के 59 बूथों पर प्रशासन की चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच 68.4 प्रतिशत मतदान हुए। सुबह से मतदाताओं की बूथों पर लंबी कतार देखी गई। जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक थी। सुबह नौ बजे तक 13.58 प्रतिशत, 11 बजे तक 31.92 प्रतिशत, 1 बजे तक 46.48 प्रतिशत, 3 बजे तक 61 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। जबकि भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवा को लेकर कंट्रोल रूम बनाया गया, जिसमें अस्पताल के प्रभारी डॉक्टर दिनेश कुमार के नेतृत्व में कर्मी प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक, लिपिक अरुण लकड़ा, सुनील पटेल, रोहित कुमार सिंह जानकारी प्राप्त कर रहे थे। प्रखंड में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न हो इसके लिए सभी बूथों पर बीएसएफ एवं सीआरपीएफ जैसे केंद्रीय सुरक्षा बल के जवानों की तैनाती की गई थी।

## स्पीड न्यूज

### डंडई प्रखंड में पड़े 71.57 प्रतिशत वोट

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र में बुधवार को विधानसभा का चुनाव प्रखंड के 60 बूथों पर कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। प्रखंड कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार पूरे प्रखंड में कुल 71.57 प्रतिशत वोट पड़ा। जिसमें 17927 पुरुष तथा 19190 महिलाओं ने मतदान किया। वोट देने को लेकर सुबह 7 बजे से ही मतदाता अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचने लगे थे। वोट देने हेतु महिला, पुरुष, बुजुर्ग, विकलांग व खासकर नए मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया। प्रखंड के अधिकतर मतदान केंद्रों पर वोट देने के लिए मतदाता अपने हाथों में पहचान पत्र लिए अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दिए। मतदाताओं की लंबी-लंबी कतारों में खड़े देखा गया। प्रखंड में प्रशासन की ओर से सभी मतदान केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। प्रतिनियुक्ति किए गए सेक्टर मजिस्ट्रेट हर बूथों का भ्रमण कर चुनाव के कार्य को निपटाने में दिनभर जुटे रहे। वोटिंग को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल करमाली ने बताया कि प्रखंड भर में शांतिपूर्ण माहौल में मतदान कराया गया।

### भारी मात्रा में शराब जब्त, दो गिरफ्तार

**भभुआ।** बिहार में कैमूर जिले के रामगढ़ थानान्तर्गत ग्राम बड़ौरा के पास से एक टैंकर से भारी मात्रा में शराब जब्त कर दो तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। उत्पाद विभाग के सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि सूचना के आधार पर टैंकर से 2142 लीटर शराब को जब्त किया गया है। इस सिलसिले में दो तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए दोनो तस्कर बक्सर जिले के बगेन गोला थानान्तर्गत ग्राम भाषा के निवासी हैं। जिनका नाम क्रमशः उमा शंकर पाण्डेय (47 वर्ष) और दया शंकर पाण्डेय (40 वर्ष) है।

### आईएएस संजीव हंस के मामले में दो और को भेजा गया जेल

पटना। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी संजीव हंस के खिलाफ दर्ज करोड़ों रुपये के अवैध धनशोधन मामले में गिरफ्तार किए गए दो और अभियुक्तों को बिहार में पटना की एक विशेष अदालत ने आज न्यायिक हिरासत में लेते हुए जेल भेज दिया। आज पटना स्थित ईडी की विशेष अदालत के न्यायाधीश सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रूपेश देव की अदालत में पेश किया।

# बूथ संख्या 139 के मतदाताओं ने छह घंटे तक किया वोट का बहिष्कार

खबर मन्त्र संवाददाता


वोट का बहिष्कार करते मतदाता।

**मझिआंव।** विधानसभा चुनाव 2024 के दौरान विश्रामपुर-मझिआंव 77 विधानसभा क्षेत्र के मझिआंव नगर पंचायत क्षेत्र के बिरबंधा राजकीय प्राथमिक विद्यालय के बूथ संख्या 139 पर ग्रामीण मतदाताओं ने नगर पंचायत क्षेत्र से बिरबंधा गांव को अलग करने की मांग को लेकर वोट बहिष्कार कर दिया। जो सुबह 7 बजे से 1 बजे दिन तक ग्रामीणों ने अपनी मांग पर अड़े रहे और वोट बहिष्कार का निर्णय लेते रहे। केवल मतदान केंद्र पर प्रतिनियुक्ति सरकारी चार कर्मियों ने अपना वोट डाले थे। वोट बहिष्कार के बाद मतदान केंद्र पर बिल्कुल सन्नाटा पसरा रहा। ग्रामीणों की मांग थी कि क्षेत्र के लोग खेती पर निर्भर है। किसान वर्ग के लोग हैं और हम सबों को केन्द्र सरकार द्वारा जो कृषि लाभ दिया जा रहा है वो भी लाभ नहीं मिल पा रहा है, और नगर पंचायत कार्यालय द्वारा होल्डिंग टैक्स वगैरह लिया जाता है। साथ ही कहा कि हम लोगों को नगर पंचायत कार्यालय से कोई लाभ नहीं मिल रहा है। हम लोग पिछले लोकसभा चुनाव में नगर पंचायत से बाहर किए जाने को लेकर सामूहिक वोट बहिष्कार किया था। लेकिन प्रशासनिक पदाधिकारी के द्वारा झूठा आश्वासन दिया और वोट को चालू करवाया गया था। लेकिन आज तक कोई पहल नहीं किया जा सका। और ना ही हम सबों सुविधा मिला। इसलिए यहां के प्रशासनिक अधिकारियों की झूठी आश्वासन से विश्वास उठ गया है। इसकी सूचना मिलते ही बीडीओ श्रीमती कनक, कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार तथा थाना प्रभारी आकाश कुमार पहुंचे और काफी समझाने का प्रयास किया। लेकिन कोई प्रभाव नहीं पड़ा। लगभग एक बजे उप विकास आयुक्त पशुपति नाथ मिश्रा बिरबंधा मतदान केंद्र पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझाते हुए दिल जीत लिया। कहा कि मैं अपने स्तर से नगर पंचायत क्षेत्र से अलग करने के लिए विभागीय स्तर पर पत्र के माध्यम से जानकारी दी जाएगी। मेरा अथक प्रयास रहेगा। इसके बाद ग्रामीण राजी हुए और लगभग 1:30 बजे दिन से मतदान शुरू हुआ। बताते चलें कि इस बार विधानसभा चुनाव में 57 मतदान केंद्र बनाए गए थे। इस सभी मतदान केंद्रों पर 57138 वोटर हैं और जो अपना मत का प्रयोग कर रहे हैं।

## बगैर वोट दिये घर लौटा दिव्यांग


घर लौटता दिव्यांग।

मझिआंव-विधानसभा चुनाव 2024 में हो रही चुनाव के दौरान बिरबंधा राजकीय प्राथमिक विद्यालय के मतदान केंद्र 139 पर बगैर वोट दिए 30 वर्षीय दिव्यांग विनोद चौधरी वोट बहिष्कार को लेकर अपने घर लौट आया। बताते चलें कि दिव्यांग विनोद चौधरी अपना वोट देने के लिए काफी उत्साहित होकर सुबह 9:00 बजे अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर पहुंचे हुए थे। लेकिन वोट बहिष्कार के कारण दिव्यांग विनोद चौधरी जो अपने दोनों पैर से लाचार था। निराश होकर बगैर वोट दिए उसे लौटना पड़ा।

## एक-एक वोट से पांच साल का भविष्य होता है तय : मिथिलेश

**मंत्री मिथिलेश ने सपरिवार किया मतदान**

खबर मन्त्र संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बुधवार को अपनी पत्नी चंचला ठाकुर एवं पुत्री दृष्टि ठाकुर के साथ उच्च विद्यालय कल्याणपुर स्थित बूथ पर मतदान किया। इस दौरान इन्होंने सभी मतदाताओं से निश्चित रूप से मतदान करने की अपील की। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि आपका एक-एक वोट आपके पांच वर्षों का भविष्य तय करता है। वहीं उनकी धर्मपत्नी चंचला ठाकुर ने कहा कि महिलाओं के संपूर्ण विकास के लिए जो कार्य शुरू किया गया था उसे पूरा करने के लिए एक बार फिर से अपने चहेते विधायक मिथिलेश ठाकुर को वोट दें। बेटी दृष्टि ठाकुर ने युवाओं को निश्चित तौर पर वोट करने की अपील की। कहा युवा कल का नहीं बल्कि आज का नागरिक है। उनका एक-एक वोट उनके उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## बिहार की चार सीटों पर उपचुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न, 51 प्रतिशत रहा मतदान

**पटना।** बिहार विधानसभा की चार सीटों पर हुआ उप चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। उपचुनाव में शाम पांच बजे तक 51.36 प्रतिशत मतदान हुआ। बिहार पुलिस मुख्यालय द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक बिहार में कुल 04 विधान सभा क्षेत्रों-इमामगंज (एससी) एवं बेलागंज (जिला-गया) तरारी (जिला-भोजपुर) तथा रामगढ़ (कैमूर) में कुल 1273 मतदान केन्द्रों पर मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ।

स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए, बिहार पुलिस के द्वारा पूर्ण तैयारी की गयी थी। 04 विधानसभा उप-चुनाव के लिए करीब 7,000 सुरक्षा बलों एवं 2,550 गृहरक्षकों की तैनाती की गयी थी। सुरक्षा बलों में अर्द्धसैनिक बल, बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस एवं जिला बल शामिल थे। इसके साथ ही अश्वारोही दल एवं बम निरोधक दस्ते की भी प्रतिनियुक्ति की गयी थी। भोजपुर एवं कैमूर जिलों की सीमा उत्तर प्रदेश राज्य एवं गया जिले की सीमा झारखण्ड राज्य से सटे हुए है। अतः बिहार-उत्तर प्रदेश राज्यों की सीमा पर 08 चेक पोस्ट एवं बिहार झारखण्ड राज्यों की सीमा पर भी 08 चेक पोस्ट लगाये गये थे। इसके अतिरिक्त राज्य के अन्दर चेक पोस्ट/नाका लगाये गये थे। सोशल मीडिया पर भी बिहार पुलिस के द्वारा निगरानी रखी जा रही थी।

आदर्श आचार संहिता लागू होने से चुनाव संपन्न होने तक कुल 24 अवैध हथियारों तथा 59 कारतूसों की बरामदगी की गई। साथ ही कुल 734 अनुज्ञप्ति प्राप्त हथियारों को जमा कराया गया। कुल 887 गैर जमानतीय वारण्टों का निष्पादन किया गया। कुल 9,246 व्यक्तियों पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की संबंधित धाराओं के अन्तर्गत निरोधात्मक कार्रवाई की गयी। तीनों जिलों में बीते अक्टूबर माह से चुनाव संपन्न होने तक तक कुल 8,660 लीटर शराब की बरामदगी की गई।

## डीसी ने किया मतदान, फर्स्ट टाइम वोटर्स को दिया गुलाब

खबर मन्त्र संवाददाता


फर्स्ट टाइम वोटर्स के साथ डीसी।

**गढ़वा।** गढ़वा जिले के प्रथम वोटर्स के रूप में गढ़वा के डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शेखर जमुआर ने अपनी पत्नी के साथ मतदान किया। उन्होंने राजकीय बालिका उच्च विद्यालय ऑफ एक्सीलेंट में अपना मतदान किया और स्याही लगे उंगली दिखाकर उसका प्रमाण दिखाया। उन्होंने उसी बूथ पर फर्स्ट टाइम वोटर्स के रूप में मतदान करने आई छात्राओं को गुलाब का फूल भेंट कर स्वागत किया। डीसी ने कहा कि मतदान अपना मताधिकार है। उसका उपयोग नागरिक कर्तव्य को ध्यान में रखकर करना है। उन्होंने सभी मतदाताओं से आवश्यक रूप से मतदान करने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि मतदान करने में आने वाली हर तरह के दिक्कतों को खत्म किया गया है बावजूद इसके वोट देने में परेशानी हो रही है तो सूचना दें। प्रशासन हर हाल में आपका वोट कराएगा।

**हर दो घंटे पर जारी हो रही थी वोट प्रतिशत :** निर्वाचन कार्यालय गढ़वा सह चुनाव कंट्रोल रूम से हर दो घंटे के अंतराल पर पड़े मतदान का प्रतिशत की जानकारी दी जा रही थी। कंट्रोल रूम से जारी आंकड़ों के अनुसार गढ़वा विधान सभा में सुबह नौ बजे तक 13.23 प्रतिशत, 11 बजे तक 29.63 प्रतिशत, दोपहर एक बजे तक 47.03 प्रतिशत, दोपहर तीन बजे तक 60.71 प्रतिशत और शाम पांच बजे तक कुल 66.46 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं भवनाथपुर विधानसभा में सुबह नौ बजे तक 13.41 प्रतिशत, 11 बजे तक 31.09 प्रतिशत, दोपहर एक बजे तक 46.48 प्रतिशत, दोपहर तीन बजे तक 61.39 प्रतिशत और शाम पांच बजे तक कुल 68.20 प्रतिशत मतदान हुआ।

## बिहार उपचुनाव : कैमूर के रामगढ़ में 57 और 58 बूथ के वोटरों ने किया वोट बहिष्कार

**अंडर पास या ओवर ब्रिज की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया वोट बहिष्कार**

एजेंसी

**पटना।** बिहार में चार विधानसभा सीटों पर आज उपचुनाव हो रहे हैं। कैमूर जिले के रामगढ़ विधानसभा में हो रहे उपचुनाव के दौरान वोटिंग को लेकर दुर्गावती प्रखंड के खड़सरा गांव के लोगों ने बूथ संख्या 57 और 58 पर वोट का बहिष्कार कर दिया है।

खड़सरा गांव के रहने वाले दिनेश सिंह कुशवाहा ने बताया कि अंडर पास या ओवर ब्रिज की मांग को लेकर ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार का नारा दे दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई लोकसभा और विधानसभा में हम लोग वोट देते आए हैं लेकिन हमारे लिए कोई जनप्रतिनिधि नहीं सुन रहा है। पांच रेलवे लाइन क्रॉस कर हमें मतदान करने के लिए जाना है। चाहे अपने निजी काम से बाजार जाना हो या बच्चों की पढ़ाई को लेकर कई बार दुर्घटना में छात्र और ग्रामीण अपनी जान गवा चुके हैं। लेकिन इसको लेकर कोई चिंतित नहीं है इसीलिए हम लोग आज वोट का बहिष्कार कर रहे हैं।

बूथ संख्या 57 के पीठासीन पदाधिकारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि सुबह से अभी तक कोई भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए नहीं आया है। सुनने में आया है कि लोगों ने रेलवे अंडरपास को लेकर वोट का बहिष्कार किया है।

## एक नजर में

### राजद प्रत्याशी के बूथ के अंदर बैठने पर हंगामा

**मझिआंव।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र स्थित मझिआंव नगर पंचायत के दुबे तहले गांव स्थित बूथ संख्या 152 पर दोपहर 2:30 बजे राजद प्रत्याशी नरेश सिंह के बूथ के अंदर प्रवेश कर बैठ जाने के बाद हंगामा हो गया। इसके बाद आये थाना प्रभारी आकाश कुमार ने हल्का बल प्रयोग कर हंगामा कर रहे लोगों को हटाया और नरेश सिंह को बूथ के अंदर से हटाया। तब जाकर मामला शांत हुआ। घटना की सूचना मिलने पर आये एसडीपीओ नीरज कुमार ने मामले को शांत किया। इसके बाद आक्रोशित लोगों की मांग पर थाना प्रभारी को उक्त स्थल से हटाने के बाद पुनः मतदान शुरू हुआ। इस संबंध में जानकारी देते हुए दुबे तहले गांव निवासी प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष विजय दुबे ने बताया कि दुबे तहले बूथ पर हंगामा शुरू होने के बाद थाना प्रभारी आये इसके बाद उनके द्वारा पुलिस को बल प्रयोग करने का आदेश दे दिया गया। जिसके बाद पुलिस ने कई लोगों को दौड़कर पिटाई कर दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण काफी आक्रोशित हैं। श्री दुबे ने कहा कि थाना प्रभारी को हम सभी हटाने की मांग करते हैं। इधर गांव के नेता रामचन्द्र दुबे ने कहा कि ऐसी घटना कभी नहीं हुई थी। यह पुलिस द्वारा ज्यादती की गई है। थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया की राजद प्रत्याशी नरेश सिंह के मतदान केंद्र के अंदर जाने के बाद दुबेतहले गांव के बूथ पर हंगामा हो रहा था। इसके बाद हल्का बल प्रयोग कर हंगामा को शांत किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी के साथ मारपीट या दुर्व्यवहार नहीं किया गया है।

### मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को पैर छूकर किया असहज



**दरभंगा।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पिछले कुछ समय से लोगों के सामने नतमस्तक होने को लेकर चर्चा में बने रहते हैं। मुख्यमंत्री ने दरभंगा एम्स के शिलान्यास कार्यक्रम में पीएम मोदी के पैर छू लिए, जिसके कारण खुद प्रधानमंत्री भी असहज नजर आए। अपने तीसरे कार्यकाल में सत्ता संभालने के बाद बिहार के दरभंगा दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एम्स का शिलान्यास किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा गठबंधन के तमाम बड़े नेता शामिल हुए। इस दौरान पीएम मोदी ने दरभंगा एम्स के शिलान्यास के साथ साथ बिहार को अरबों रुपए की योजनाओं की सौगात दी। इस कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी पीएम मोदी के साथ मंच पर मौजूद थे। मंच से गठबंधन के नेता बारी-बारी से कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी दरभंगा एम्स के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित किया और एम्स के निर्माण के लिए केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया। खुले मंच से सीएम नीतीश कुमार ने पीएम मोदी की जमकर तारीफ की और कहा कि बिहार के विकास के लिए केंद्र सरकार से हर संभव मदद मिल रही है। कार्यक्रम को संबोधित करने के बाद सीएम नीतीश अपनी कुर्सी की तरफ बढ़ गए। इसी दौरान मंच पर अजीबोगरीब स्थिति हो गई। सीएम नीतीश अचानक मंच पर मौजूद पीएम मोदी के पास पहुंचे और जबतक प्रधानमंत्री कुछ समझ पाते सीएम ने उनके पैर छू लिए। अचानक हुए इस वाकये से पीएम मोदी असहज हो गए और किसी तरह से उठकर सीएम नीतीश को संभाला। मंच पर मौजूद राज्यपाल के साथ साथ अन्य नेता हैरान रह गए। उल्लेखनीय है कि अभी कुछ दिन पहले ही चित्रगुप्त पूजा के मौके पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व राज्यसभा सदस्य आरके सिन्हा मंच से सभा को संबोधित कर रहे थे और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यों की प्रशंसा कर रहे थे, तभी मंच पर मौजूद सीएम नीतीश अपनी तारीफ सुनकर गदगद हो गए और अचानक उठकर आरके सिन्हा के पैर छू लिए थे। इसको लेकर विपक्षी दलों ने मुख्यमंत्री की खूब खिल्ली भी उड़ाई थी।

### नदी में डूबने से युवक की मौत

**बिहारशरीफ।** नालन्दा जिलान्तर्गत कतरीसराय प्रखंड क्षेत्र के गोवर्धन बिगहा गांव के पास बुधवार की सुबह सकरी नदी में डूबने से 35 वर्षीय बाली प्रसाद की मौत हो गई। घटनाक्रम की जानकारी में बताया गया है कि गोवर्धन बिगहा निवासी मुन्नी महतो के पुत्र बाली प्रसाद सुबह शौच के लिए सकरी नदी किनारे गए थे। शौच के बाद हांथ मुंह धोने के दौरान उनका पैर फिसल गया और वे नदी में गिर गौर गहरे पानी में चले गये जहां डूबने से उनकी मौत हो गई। घटना को सुनकर ग्रामीण नदी की ओर जाकर ग्रामीणों की सहायता से शव को नदी से बाहर निकाला। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों और गांव में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है इस संबंध में ग्रामीण मुकेश कुमार और रंजन कुमार ने बताया कि सकरी नदी में सकुचिडिह के पास बने छिलका (गहराई वाले क्षेत्र) के कारण पानी जमा रहता है, जिससे हर साल इस क्षेत्र में डूबने से 2-3 लोगों की मौत हो जाती है घटना की जानकारी मिलने ही पूर्व प्रमुख धनंजय प्रसाद ने मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी और सीओ से आपदा राहत राशि जल्द से जल्द देने की मांग की। सूचना मिलते ही सीओ मनोज कुमार राव और थानाध्यक्ष सत्यम तिवारी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, बिहारशरीफ भेज दिया है। सीओ ने आश्वासन दिया कि कागजी प्रक्रिया पूरी होते ही मृतक के परिजनों को आपदा प्रबंधन से मिलने वाली सहायता राशि शीघ्र उपलब्ध करा दी जाएगी।

### औरंगाबाद के सांसद ने गया में किया मतदान

**गया।** बिहार के औरंगाबाद के राष्ट्रीय जनता दल के सांसद अभय कुशवाहा ने अपनी पत्नी संग बेलागंज विधानसभा के कुजापी गांव स्थित सामुदायिक भवन में मतदान केंद्र संख्या 145 पर मतदान करने के साथ ही मतदाताओं से बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील भी की। श्री कुशवाहा ने मतदान करने के बाद कहा कि जो लोग अभी तक मतदान नहीं कर पाए है, वे जरूर अपना मतदान करें। उन्होंने कहा कि जिले के बेलागंज और इमामगंज विधानसभा में मतदान हो रहा है। जनता लोकतंत्र को बचाने के लिए मतदान कर रही है। उन्होंने कहा कि यह उपचुनाव है, यही उपचुनाव तय करेगा कि आने वाला 2025 का विधानसभा चुनाव कैसा होगा। निश्चित रूप से आने वाला विधानसभा चुनाव मुद्दे पर लड़ा जाएगा. महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्या सहित तमाम मुद्दे होंगे, जिस पर चुनाव होगा और जनता बढ़-चढ़कर हिस्सा लेगी।

## प्रधानमंत्री मोदी ने दिया बिहार को पटना के बाद दरभंगा में दिया दूसरा एम्स, कहा

# बिहार के बारे में अब सोच और अप्रोच दोनों बदला

खबर मन्त्र ब्यूरो



**पटना।** पीएम मोदी ने कहा कि बिहार के बारे में अब लोगों की सोच भी बदली है और अप्रोच भी बदला है। उन्होंने कहा कि पहले जिन योजनाओं की केवल चर्चा होती थी अब वह वास्तविकता में जमीन पर उतर रही है। बुधवार को पीएम मोदी दरभंगा पहुंचे और प्रदेश को 12,100 करोड़ रुपये से ज्यादा की योजनाओं का उपहार दिया। इस दौरान उन्होंने बिहार के दूसरे तथा दरभंगा में बनने वाले पहले एम्स का भी शिलान्यास किया। दरभंगा एम्स को पूरा करने के लिए 36 महीनों का लक्ष्य रखा गया है। पीएम के साथ सीएम नीतीश कुमार भी मौजूद थे।

इस क्रम में पीएम ने बिहार में करीब 5,070 करोड़ रुपये की लागत वाली कई राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया। उन्होंने एनएच -327ई के चार लेन वाले गलगलिया-अररिया खंड का उद्घाटन किया। आठ राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की भी आधारशिला रखी। इसके अलावा उन्होंने 1740 करोड़ रुपए से अधिक की रेलवे परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। बिहार के औरंगाबाद जिले में चिरालापोथु से बाघा बिशुनपुर तक 220 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली रेल परियोजनाएं की आधारशिला रखी। पीएम मोदी ने 1520 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली रेलवे परियोजनाओं को भी राष्ट्र को समर्पित किया। पीएम ने विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर 18 प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र राष्ट्र को समर्पित किया। उन्होंने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस क्षेत्र में 4,020 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई योजनाओं की भी आधारशिला रखी। घरों तक पीएनजी पहुंचाने और वाणिज्यिक और औद्योगिक क्षेत्रों को स्वच्छ ऊर्जा विकल्प प्रदान करने के दृष्टिकोण के अनुरूप, प्रधानमंत्री भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा बिहार के पांच प्रमुख जिलों दरभंगा, मधुबनी, सुपौल, सीतामढ़ी और शिवहर में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क के विकास की आधारशिला भी रखी।

## मधुर बोल, मुसकी पान की चर्चा

पीएम मोदी ने मिथिला में प्रचलित एक कहावत 'पग-पग पोखरी, माछ-मखान, मधुर बोल, मुसकी मुख पान' की चर्चा करते हुए कहा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि यहां के मछली पालकों और किसानों को किसी प्रकार की समस्या नहीं हो। पीएम किसान सम्मान निधि से किसानों को मदद दी जा रही है। एक जिला एक उत्पाद योजना से यहां के मखाना समेत अन्य उत्पादों को देश भर के बाजारों में बेचा जा रहा है। मखाना को जीआई टैग भी मिला है। मत्स्य संपदा योजना के तहत मछली पालकों की हर कदम पर मदद की जा रही है।

# कानूनी प्रक्रिया के बिना किसी का घर नहीं गिरा सकते

## बुलडोजर न्याय के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का फैसला

- नागरिकों के जीवन, स्वतंत्रता और संपत्ति को मनमाने ढंग से नहीं छीना जा सकता है : कोर्ट
- सार्वजनिक भूमि, सड़कों, जल निकायों और रेलवे से सटी भूमि पर अनधिकृत निर्माणों पर लागू नहीं होंगे



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुलडोजर न्याय के खिलाफ बुधवार को सख्त फैसला सुनाया और देशव्यापी दिशा- निर्देश जारी करते हुए कहा कि बिना उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन किये किसी अपराध के दोषी या आरोपी की संपत्ति के साथ तोड़-फोड़ करने वाले अधिकारी दंडित किए जाएंगे। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने आश्रय के अधिकार को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार का एक पहलू बताते हुए कहा कि किसी अपराध के आरोपी या दोषी की रिहायशी या व्यावसायिक संपत्ति को कानून की उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना ध्वस्त नहीं किया जा सकता है। पीठ ने सरकारी अधिकारियों द्वारा इस तरह की मनमानी और अत्याचारपूर्ण कार्रवाई के खिलाफ विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करते हुए कहा कि अधिकारियों द्वारा बुलडोजर कार्रवाई करना शक्ति के पृथक्करण के मूल सिद्धांत का उल्लंघन होगा, जिसके तहत न्यायपालिका को ऐसे मुद्दों पर निर्णय लेने का काम सौंपा गया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि नागरिकों के जीवन, स्वतंत्रता और संपत्ति को मनमाने ढंग से नहीं छीना जा सकता है। कानून-व्यवस्था बनाए रखना और नागरिकों की सुरक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। अदालत ने दोषी ठहराए जाने तक आरोपी के निर्दोष होने के अनुमान के सिद्धांतों पर जोर देते हुए कहा कि दोषी को भी मनमाने तरीके से की गई किसी भी कार्रवाई के खिलाफ कानून के तहत संरक्षण दिया गया है। हालांकि, अदालत ने स्पष्ट किया कि ये निर्देश सार्वजनिक भूमि, सड़कों, जल निकायों और रेलवे से सटी भूमि पर अनधिकृत निर्माणों पर लागू नहीं होंगे। पीठ ने कहा कि महिलाओं, बच्चों और वृद्धों को इस तरह बेघर होते देखना सुखद दृश्य नहीं है। शीर्ष अदालत ने कहा कि अधिकारी न्यायपालिका द्वारा किए जाने वाले कार्यों को अपने हाथों में नहीं ले सकते और नागरिकों के मौलिक और वैधानिक अधिकारों का उल्लंघन करते हुए कार्य नहीं कर सकते।

अदालत ने कहा कि यदि कार्यपालिका किसी व्यक्ति को दोषी घोषित करना शुरू कर दे तो पूरा ढांचा ही असंवैधानिक होगा। ऐसे मामलों में अनधिकृत निर्माण हो सकते हैं, जिन पर समझौता किया जा सकता है। अदालत ने कहा कि किसी घर या व्यावसायिक संपत्ति को गिराने से पहले संबंधित

### ध्वस्त करने से पहले 15 दिन का नोटिस दें

नागरिकों की आशंकाओं को दूर करने के लिए न्यायालय ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत निर्देश जारी किए कि पूर्ण न्याय करते हुए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करने से पहले व्यक्ति को 15 दिन का नोटिस दिया जाना चाहिए, जिसमें अनधिकृत निर्माण की प्रकृति और सीमा का उल्लेख हो। न्यायालय ने सरकारी अधिकारियों द्वारा की जाने वाली ऐसी कार्रवाई का विवरण देने के लिए एक डिजिटल पोर्टल बनाने का भी निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि ध्वस्तीकरण आदेश 15 दिनों तक लागू नहीं किया जाएगा और सभी कार्यवाही की वीडियोग्राफी की जानी चाहिए और उसे डिजिटल पोर्टल पर प्रदर्शित किया जाना चाहिए।

अधिकारियों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि उनके पास कोई अन्य विकल्प उपलब्ध नहीं है। पीठ ने कहा कि घर का निर्माण परिवार के वर्षों के सपने, आकांक्षाओं और सामूहिक उम्मीद का परिणाम है। पीठ ने स्पष्ट किया कि किसी भी अधिकारी द्वारा उसके (शीर्ष अदालत के) आदेश का उल्लंघन करने पर अवमानना कार्यवाही और अभियोजन अलग से चलाया जाएगा। ऐसे मामलों में संपत्ति की वापसी और नुकसान की भरपाई के लिए अधिकारी जिम्मेदार होंगे। शीर्ष अदालत ने संबंधित अधिकारियों के लिए परिपत्र जारी करने के लिए सभी उच्च न्यायालयों और राज्य सरकारों को अपना आदेश भेजने का निर्देश दिया। शीर्ष न्यायालय ने यह फैसला जमीयत उलमा ए हिंद और अन्य द्वारा दायर याचिका पर दिया।

## देश में बेंगलुरु नौकरी के लिए सबसे अव्वल

**नयी दिल्ली।** देश में बेंगलुरु अब भी नौकरी के अवसरों और वेतन वृद्धि के मामले में अव्वल है। यहां पिछले साल के मुकाबले वेतन में औसतन 9.3 फीसदी की वृद्धि हुई है। बेंगलुरु में औसत मासिक वेतन 29,500 रुपये है, जो इसे देश में सबसे अधिक वेतन देने वाला शहर बनाता है। यूनिफाइड वेतन एक ही भूमिका में अस्थायी और स्थायी नौकरियों में एग्रीगेटेड वेतन को कहते हैं। देश के प्रमुख स्टाफिंग समूह टीमलीज सर्विसेज ने रोजगार, रोजगार योग्यता और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में कई शहरों का अध्ययन कर 23-24 के लिए यह रिपोर्ट जारी की है। शहरों व उद्योगों के रुझान में इनसाइट्स उपलब्ध करने के लिए स्थायी और अस्थायी जॉब मार्केट में एकीकृत वेतन का विश्लेषण किया। बेंगलुरु के बाद चेन्नई और दिल्ली आते हैं, जहां क्रमशः 7.5 फीसद और 7.3 फीसद वेतन वृद्धि दर्ज की गई है।

## स्पीड न्यूज

### सीआइए प्रमुख के लिए जॉन रैटक्लिफ ट्रंप की पहली पसंद

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि राष्ट्रीय खुफिया विभाग के पूर्व निदेशक जॉन रैटक्लिफ केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआइए) का नेतृत्व करने के लिए उनकी पहली पसंद हैं। ट्रंप ने राष्ट्रीय खुफिया विभाग के पूर्व निदेशक जॉन रैटक्लिफ को सच्चा और ईमानदारी का एक योद्धा बताया और कहा कि मैं आशा करता हूं कि जॉन रैटक्लिफ देश के दोनों सर्वोच्च खुफिया पदों पर सेवा करने वाले पहले व्यक्ति होंगे।

### अमेरिका के रक्षा सचिव बने हेगसेथ

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि ग्वांतानामो खाड़ी, इराक और अफगानिस्तान का दौरा करने वाले अमेरिकी दिग्गज पीट हेगसेथ उनके प्रशासन में रक्षा सचिव होंगे। ट्रंप ने कहा कि मैं यह घोषणा करते हुए सम्मानित महसूस कर रहा हूं कि मैंने अपने मंत्रिमंडल में रक्षा सचिव के रूप में सेवा देने के लिए पीट हेगसेथ को नामित किया है। पीट ने अपना पूरा जीवन सैनिकों के लिए और देश के लिए एक योद्धा के रूप में गुजारा है। पीट सख्त, स्मार्ट व अमेरिका फर्स्ट में सच्चा विश्वास रखने वाले व्यक्ति हैं।

### इक्वाडोर की जेल में झड़प, 15 की मौत

**क्विटो।** इक्वाडोर की सबसे बड़ी जेल में कैदियों के बीच हुई झड़प में कम से कम 15 कैदी मारे गए और 14 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी राष्ट्रीय जेल प्रशासन एजेंसी एसएनएआई ने दी। हिंसा मंगलवार सुबह दक्षिण पश्चिम शहर गुआयाकिल में लिटरल पेनिटेंटरी के एक विंग में भड़क उठी। पुलिस और सशस्त्र बल ने नियंत्रण करने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी ली।

### श्रीलंका में संसदीय चुनाव आज

**कोलंबो।** श्रीलंका में संसदीय चुनाव की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गुरुवार सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। इसमें तरजीही मतों के जरिए 196 प्रतिनिधियों और राष्ट्रीय सूची से 29 प्रतिनिधियों का चुनाव किया जाएगा, ताकि नई 10वीं संसद के लिए 225 प्रतिनिधियों का चयन किया जा सके। नई संसद की पहली बैठक 21 नवंबर को सकती है। डीएस सेनानायके कॉलेज से मतपेटियों को कड़ी सुरक्षा में बूथों के लिए रवाना किया गया।

# राहुल की चार पीढ़ी भी मुसलमानों को नहीं दे सकती आरक्षण : शाह

**महाराष्ट्र विस चुनाव**

- इंदिरा गांधी भी स्वर्ग से लौट आयें तो भी नहीं ला पायेंगी जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370



**एजेंसी**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में गृह मंत्री अमित शाह ने महाविकास अघाड़ी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि महा विकास अघाड़ी गठबंधन औरंगजेब फैन क्लब में तब्दील होता जा रहा है, भाजपा का महायुति गठबंधन शिवाजी महाराज और सावरकर के आदर्शों पर चल रहा है। यही नहीं इस दौरान उन्होंने जम्मू-कश्मीर विधानसभा में आर्टिकल 370 बहाली की मांग को लेकर भी कांग्रेस पर निशाना साधा। अमित शाह ने कहा कि इंदिरा गांधी भी स्वर्ग से लौट आएं, तब भी कश्मीर में अनुच्छेद 370 बहाल नहीं किया जाएगा। राहुल गांधी पर तंज कसते हुए शाह ने कहा कि आपकी चौथी पीढ़ी आ जाए, तब भी मुसलमानों के लिए कोई आरक्षण नहीं होगा। उन्होंने कहा कि मैंने पूरे महाराष्ट्र का दौरा किया है और विश्वास के साथ कह सकता हूं कि 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति को सफलता मिलेगी। महाराष्ट्र की लाडली बहनें भाजपा के साथ हैं। शाह ने कहा कि महायुति की सरकार बनेगी और विधानसभा में उसे अब तक की सर्वाधिक सीटें मिलेंगी। अमित शाह ने कहा कि सुशील कुमार शिंदे गृह मंत्री रहते समय श्रीनगर स्थित लाल चौक जाने में डरते थे; उन्हें अब अपने नाती-पोतों के साथ वहां जाना चाहिए, वे सुरक्षित रहेंगे। अमित शाह ने कहा कि सोनिया-मनमोहन की सरकार के 10 साल के दौरान पाकिस्तान से आतंकवादी आते थे और यहां बम विस्फोट करते थे। इन लोगों ने वोट बैंक की राजनीति के लिए नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई नहीं की। होम मिनिस्टर बोले कि राहुल गांधी को यह याद रखना चाहिए कि अगर उनकी चौथी पीढ़ी भी आ जाए तो वह भी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का आरक्षण काटकर मुसलमानों को नहीं दे सकतीं। कुछ दिन पहले उमेला समूह के लोग महाराष्ट्र में कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष से मिले और कहा कि मुसलमानों को आरक्षण देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर मुसलमानों को आरक्षण देना है तो एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण काट कर देना पड़ेगा। अरे राहुल बाबा (राहुल गांधी), आप तो क्या आपकी चार पीढ़ियां भी एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण काटकर मुसलमानों को नहीं दे सकतीं। शाह ने यह भी कहा कि अनुच्छेद 370 को कभी बहाल नहीं किया जाएगा, चाहे कुछ भी हो जाए।

# चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार के हेलीकॉप्टर की ली तलाशी



**मुंबई।** चुनाव आयोग की टीम ने बुधवार को उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के बैग की तलाशी। बैग में चखली मिली, जिसे अजीत पवार ने चुनाव आयोग की टीम को खाने का ऑफर भी दिया। आज चुनाव आयोग की टीम ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले के हेलीकॉप्टर की भी जांच की है। इसके साथ ही उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अपने बैग को चेक किए जाने का वीडियो जारी किया है। जानकारी के अनुसार सोमवार और मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के हेलीकॉप्टर की जांच चुनाव आयोग की टीम ने की थी। उस समय उद्धव ठाकरे ने कहा था कि चुनाव आयोग सिर्फ उनके ही हेलीकॉप्टर की जांच कर रहा है, जबकि सत्तापक्ष के लोगों के हेलीकॉप्टर की जांच नहीं की जा रही है। उद्धव ठाकरे ने चुनाव आयोग पर निष्पक्ष होकर सभी सरकार प्रचारकों के हेलीकॉप्टर की जांच करने की मांग की थी। इसके बाद मुख्य चुनाव अधिकारी ने कहा था कि चुनाव आयोग निष्पक्ष होकर जांच कर रहा है।

## हरियाणा में एससी-एसटी के कोटे में कोटा लागू

### विधानसभा में सीएम ने की घोषणा मुख्य सचिव ने जारी की अधिसूचना

**चंडीगढ़।** हरियाणा में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) 20 प्रतिशत आरक्षण के कोटे में कोटा लागू हो गया है। इसमें अब सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत कोटा वंचित अनुसूचित जातियों के लिए और 10 प्रतिशत कोटा अन्य अनुसूचित जातियों के लिए होगा। विधानसभा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार की शाम एससी-एसटी वर्ग में आरक्षण के उपवर्गीकरण की घोषणा की। मुख्यमंत्री की घोषणा के कुछ देर बाद ही मुख्य सचिव ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी। अन्य अनुसूचित जाति श्रेणी में 15 तथा वंचित अनुसूचित जाति श्रेणी में 66 जातियां शामिल हैं। सरकार के इस फैसले का सबसे अधिक लाभ वंचित अनुसूचित जाति श्रेणी में शामिल 66 जातियों के लोगों को मिलेगा, जिनके लिए नौकरियों के अवसर लगातार कम होते जा रहे थे। हरियाणा देश में ऐसा पहला राज्य है, जिसने सुप्रीम कोर्ट के इस आदेश को अपने यहां सबसे पहले लागू किया है। विधानसभा में मुख्यमंत्री ने जैसे ही सुप्रीम कोर्ट के फैसले को हरियाणा में लागू करने की घोषणा की, पूरा सदन तालियों से गूंज उठा। विगत 18 अक्टूबर को हुई कैबिनेट की बैठक में पहले ही एससी-एसटी वर्ग के ज्यादा जरूरतमंदों को आरक्षण का लाभ देने के लिए उपवर्गीकरण पर मुहर लगा दी गई थी। कोटे में कोटा लागू होने से आरक्षण का लाभ उसी वर्ग के ज्यादा जरूरतमंद लोगों को मिल सकेगा, जिन्हें वास्तव में इसकी अधिक जरूरत है।

## ट्रंप प्रशासन में एलन मस्क और रामास्वामी की होगी बड़ी भूमिका

**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन में एलन मस्क और विवेक रामास्वामी बड़ी भूमिका में होंगे। ट्रम्प के चुनाव अभियान का हिस्सा रहे इन दोनों अरबपति समर्थकों को नौकरशाही से ऊपर रखा जाएगा। ट्रंप को उम्मीद है कि इससे संघीय नौकरशाही में आमूल-चूल परिवर्तन लाया जा सकेगा। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, इन अरबपति समर्थकों को सरकारी दक्षता विभाग में रखा जाएगा। ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि सरकारी दक्षता विभाग 4 जुलाई, 2026 तक संपूर्ण संघीय नौकरशाही में बड़ा परिवर्तन लाएगा। दोनों इस विभाग का नेतृत्व करेंगे। उन्होंने कहा कि यह इस युग का मैनहट्टन प्रोजेक्ट होगा। यह प्रोजेक्ट 4 जुलाई, 2026 तक संघीय नौकरशाही में विकसित एजेंसियों में बड़ी कटौती और नई दक्षताओं के साथ पूरी सरकार में कठोर बदलाव लाएगा।






# खुदरा महंगाई बढ़ने से शेयर बाजार में हाहाकार

## सेंसेक्स 984 और निफ्टी 324 अंक गिरा, निवेशकों के छह लाख डूबे

- चार महीने बाद 78 हजार के नीचे आया सेंसेक्स



**एजेंसी**

**मुंबई।** देश में अक्टूबर की खुदरा महंगाई के चौदह महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंचने से आरबीआई के ब्याज दर में कटौती करने की उम्मीदें धूमिल होने के साथ ही कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजे से हतोत्साहित निवेशकों की चौतरफा भारी बिकवाली से बुधवार को शेयर बाजार में हाहाकार मच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 984.23 अंक अर्थात 1.25 प्रतिशत का गोता लगाकर साढ़े चार महीने बाद 78 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के नीचे 77,690.95 अंक पर आ गया। इससे पहले 24 जून को यह 77,341.08 अंक पर रहा था। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 324.40 अंक यानी 1.36 अंक की बड़ी गिरावट के साथ 23,559.05 अंक पर रह गया। दिग्गज कंपनियों की तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर बिकवाली हुई। इससे मिडकैप 2.56 प्रतिशत लुढ़ककर 44,107.98 अंक और स्मॉलकैप 3.08 प्रतिशत कमजोर होकर 51,952.79 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान बीएसई में कुल 4067 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3299 में गिरावट जबकि 670 में तेजी रही वहीं 98 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह 44 कंपनियों में बिकवाली जबकि अन्य छह में लिवाली हुई।

गिरावट के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केट कैप करीब 6 लाख करोड़ रुपये कम होकर 430 लाख करोड़ रुपये रह गया है, जो कि कल 436 लाख करोड़ रुपये था।

विश्लेषकों के अनुसार, मुख्य रूप से खाद्य वस्तुओं कीमतों में तेजी के चलते देश में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई इस साल अक्टूबर में 14 महीने के उच्चतम स्तर 6.21 प्रतिशत पर पहुंच गई। इस साल सितंबर में खुदरा महंगाई दर 5.49 प्रतिशत जबकि अक्टूबर 2023 में यह 4.87 प्रतिशत रही थी। खुदरा महंगाई के बढ़ने से आरबीआई के दिसंबर में होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में ब्याज दर में कटौती किए जाने की संभावना धूमिल हो गई है। इससे निवेश धारणा कमजोर हुई और दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी को भारी बिकवाली का सामना करना पड़ा। इससे बीएसई के सभी 21 समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इस दौरान रियल्टी 3.23, कमोडिटीज 2.45, सीडी 2.04, ऊर्जा 1.79, एफएमसीजी 0.66, वित्तीय सेवाएं 2.16, हेल्थकेयर 1.78, इंडस्ट्रियल्स 2.95, आईटी 0.75, दूरसंचार 1.28, यूटिलिटीज 1.86, ऑटो 2.26, बैंकिंग 1.94, कैपिटल गुड्स 2.72, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.87, धातु 2.54, तेल एवं गैस 1.78, पावर 2.29, टेक 0.55, सर्विसेज 2.54 और फोकस्ड आईटी के शेयर 0.50 प्रतिशत टूट गए। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 180 अंक की गिरावट लेकर 78,495.53 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 78,690.02 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से यह गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 77,533.30 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। निफ्टी भी 61 अंक गिरकर 23,822.45 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 23,873.60 अंक के उच्चतम जबकि 23,509.60 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 23,883.45 अंक की तुलना में 1.36 प्रतिशत टूटकर 23,559.05 अंक रह गया। सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में टाटा स्टील 3.40, महिंद्रा एंड महिंद्रा 3.23, अडानी पोर्ट्स 2.82, एसबीआई 2.18, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.17, एचडीएफसी बैंक 2.16, इंडसइंड बैंक 1.89, कोटक बैंक 1.87, रिलायंस 1.64, एक्सिस बैंक 1.50, आईसीआईसीआई बैंक 1.31, एलटी 1.27, पावरग्रिड 1.18, टीसीएस 1.12, मारुति 0.68, टेक महिंद्रा 0.67, एचसीएल टेक 0.23, भारती एयरटेल 0.18, आईटीसी 0.12 और हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.02 प्रतिशत शामिल रही वहीं, एनटीपीसी 0.21, टाटा मोटर्स 0.18 और इंफोसिस के शेयर 0.02 प्रतिशत चढ़ गए।